✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 58 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 24 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बिहार विधानमंडल के बाहर विरोध जताते विपक्षी विधायक

## संक्षिप्त समाचार

### दो वाहनों की टक्कर में तीन लोग जिंदा जले

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** वैशाली में दर्दनाक हादसा हुआ है। इस घटना में हाइवा और ट्रक की आमने सामने टक्कर हुई है। दोनों वाहनों की टक्कर होते ही अचानक ट्रक में भीषण आग लग गई। इस घटना में ट्रक के चालक और खलासी के साथ-साथ हाइवा के चालक की भी मौत हो गई। बताया जाता है कि तीनों जिंदा जल गये।

### मोटर वाहन निरीक्षक भर्ती की तारीख घोषित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग ने मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर पदों के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा की तारीखों की घोषणा कर दी है। यह परीक्षा 9 और 10 अगस्त को आयोजित की जाएगी। बीपीएससी ने यह परीक्षा राज्य के परिवहन विभाग के अंतर्गत विज्ञापन संख्या 41/2025 के तहत निकाली गई भर्ती के लिए आयोजित की है। यह भर्ती अभियान मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर के 28 पदों को भरने के लिए चलाया जा रहा है। यह पद परिवहन विभाग में हैं।

### आपसी विवाद ने ली बुजुर्ग की जान

**जहानाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में आपराधिक घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि और पुलिस-प्रशासन की निष्क्रियता एक बार फिर सामने आई है। बुधवार को जहानाबाद के कल्पा थाना क्षेत्र स्थित रामसे बिगहा गांव में एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया जिसमें 65 वर्षीय बुजुर्ग कइल यादव की मौत हो गई और चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंच कर मृतक के परिजनों को समझा-बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया में जुटी है।

### सभी सरकारी विभागों का होगा साइबर ऑडिट

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं और सरकारी संस्थानों की वेबसाइटों पर लगातार हो रहे हमलों को देखते हुए अब सरकार ने इस दिशा में एक बड़ी और निर्णायक पहल की है। सभी सरकारी विभागों, कार्यालयों और प्रतिष्ठानों की साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अब व्यापक साइबर ऑडिट कराया जाएगा। इस कार्य के लिए आर्थिक अपराध इकाई को राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है।

### सिपाही बहाली परीक्षा में 29 अभ्यर्थियों पर कार्रवाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस में सिपाही के 19838 पदों पर बहाली को लेकर तीसरे चरण की लिखित परीक्षा राज्यभर में शांतिपूर्ण रही। हालांकि कदाचार में 29 अभ्यर्थियों पर कार्रवाई की गई। केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) ने बताया कि राज्य के सभी 38 जिला मुख्यालयों पर बने 627 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण रही। 2.79 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी किया गया था। इनमें करीब 80 फीसदी अभ्यर्थियों की उपस्थिति रही। परीक्षा के दौरान 29 अभ्यर्थियों को कदाचार के आरोप में निष्कासित किया गया।

# बिहार विधानमंडल में श्रम क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित

## जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति होंगे सीएम नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जल्द ही चौथे विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बनने जा रहे हैं। बुधवार को विधेयक पारित होने के साथ ही जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय के निर्माण का रास्ता साफ हो गया। विधेयक के अनुसार, मुख्यमंत्री ही इसके कुलाधिपति होंगे। मुख्यमंत्री पहले से ही हेल्थ साइंस यूनिवर्सिटी, इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी और स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति हैं। दरअसल बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र में आज श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने श्रम क्षेत्र से संबंधित कई ऐतिहासिक विधेयक प्रस्तुत किए जिसे सदन के पटल पर सर्वसम्मति से स्वीकृति मिल गयी। इनमें जननायक भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय विधेयक 2025, बिहार प्लेटफॉर्म आधारित गिग कामगार (निबंधन, सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याण) विधेयक 2025 और बिहार दुकान एवं प्रतिष्ठान (रोजगार विनियमन और सेवा-शर्त) विधेयक 2025 शामिल हैं। इसके अलावा कारखाना (बिहार संशोधन) अधिनियम 2025 का भी पारित हुआ। जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय विधेयक 2025 विश्वविद्यालय राज्य में चल रहे सभी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों,



पॉलिटेक्निक कॉलेजों और कौशल केंद्रों को एक केंद्रीय ढांचे में लाकर, गुणवत्तापूर्ण पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण, मूल्यांकन और उपाधि प्रदान करेगा। वहीं बिहार प्लेटफॉर्म आधारित गिग कामगार विधेयक 2025 के तहत सभी प्लेटफॉर्म/एग्रीगेटरों को अनिवार्य रूप से 60 दिनों के भीतर पंजीकरण कराना होगा। प्रत्येक गिग कामगार को पंजीकरण के बाद यूनिक आईडी दी जाएगी, जिससे वह विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। इस विधेयक के माध्यम से गिग कामगारों की दुर्घटना मृत्यु की स्थिति में 4 लाख रुपये, एक सप्ताह से अधिक अस्पताल में भर्ती पर 16,000 रुपये और एक सप्ताह से कम भर्ती पर 5,400 रुपये, 40%-60% विकलांगता की स्थिति में 74,000 से 2.5 लाख रुपये तक सहायता तथा महिला कामगारों को मातृत्व लाभ (प्रत्येक महिला कामगार को गर्भावस्था व प्रसव के दौरान 90 दिनों के लिए अधिसूचित न्यूनतम मजदूरी) प्रदान किए जाएंगे। उपकर के रूप में प्लेटफॉर्म से 152% शुल्क वसूल कर इन योजनाओं का संचालन किया जाएगा। इसी प्रकार 1953 के पुराने अधिनियम को निरस्त कर स्वीकृत बिहार दुकान एवं प्रतिष्ठान विधेयक 2025 में रोजगार सुरक्षा, सेवा शर्तें, मजदूरी का समयबद्ध भुगतान, बैंक ट्रांसफर द्वारा वेतन भुगतान, महिला कामगारों के लिए समान अवसर, और कल्याणकारी सुविधाओं का विस्तार किया गया है। वहीं कारखाना (बिहार संशोधन) अधिनियम 2025 के तहत काम के दिनों और घंटों में लचीलापन दिया गया है। इससे न केवल उत्पादकता बढ़ेगी बल्कि ओवरटाइम से मजदूरों को अतिरिक्त आय भी होगी। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कहा कि ये विधेयक राज्य के युवाओं, श्रमिक वर्ग, गिग कामगारों और उद्योग जगत के लिए समान रूप से लाभकारी हैं। उन्होंने इन विधेयकों को सर्वसम्मति से पारित करने पर आभार व्यक्त किया।

# उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर जल्द घोषित होगा कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफ़े के बाद चुनाव आयोग एक्शन मोड में आ गया है। आयोग ने नए उपराष्ट्रपति के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। आयोग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने 2025 के उपराष्ट्रपति चुनाव से संबंधित तैयारियां शुरू कर दी हैं। तैयारी संबंधी गतिविधियां पूरी होने के बाद जल्द ही उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। जगदीप धनखड़ ने सोमवार को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके इस्तीफ़े को स्वीकार कर लिया था। चुनाव आयोग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि गृह मंत्रालय ने 22 जुलाई को एक अधिसूचना के जरिये भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफ़े की सूचना दी है। इसमें कहा गया कि चुनाव आयोग को अनुच्छेद 324 के तहत भारत के उपराष्ट्रपति पद के चुनाव कराने का अधिकार प्राप्त है। यह चुनाव राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम 1952 और इसके तहत बने नियमों (राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति चुनाव नियम 1974) द्वारा कराया जाता है। आयोग ने कहा कि हमने उपराष्ट्रपति चुनाव 2025 से संबंधित तैयारियां शुरू कर दी हैं। तैयारियां पूरी होने के बाद उपराष्ट्रपति पद के चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। आयोग ने कहा कि निर्वाचक मंडल की तैयारी, जिसमें राज्यसभा एवं लोकसभा के निर्वाचित तथा मनोनीत सदस्य शामिल होते हैं शुरू कर दी गई है। इसके अलावा रिटर्निंग ऑफिसर / सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोग ने कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति चुनावों से संबंधित जानकारियों और रिकॉर्ड को देखा जा रहा है।




# दिनदहाड़े ताबड़तोड़ फायरिंग में युवक की मौके पर मौत, दूसरा गंभीर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना अंतर्गत बेलाउर गांव स्थित नंबर 1 बस स्टैंड के पास बुधवार सुबह एक सनसनीखेज वारदात सामने आई, जहां अज्ञात अपराधियों ने दो युवकों को गोलियों से छलनी कर दिया। बाइक पर सवार तीन अज्ञात हमलावरों ने प्राइवेट इलेक्ट्रिक इंजीनियर समेत दो लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग की जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान 32 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो पवना थाना क्षेत्र के पवार गांव के निवासी थे। वहीं, घायल युवक राजू कुमार एक निजी इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं और मुंबई में कार्यरत हैं। वे भी पवना गांव के ही रहने वाले हैं। दोनों दोस्त बुधवार सुबह बाइक से आरा रेलवे स्टेशन जा रहे थे। उनके साथ राजू कुमार का सात वर्षीय बेटा ऋषभ भी मौजूद था। बताया जा रहा है कि जब ये तीनों बेलाउर गांव के पास पहुंचे तभी अचानक बाइक सवार तीन अपराधियों ने उन्हें घेर लिया और ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। धर्मेंद्र कुमार को कई गोलियां लगीं जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, राजू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। इस भयावह वारदात को मासूम ऋषभ ने अपनी आंखों से देखा, जो बाल-बाल बच गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस घटना के पीछे पुराना जमीन विवाद या पहले की किसी हत्या का बदला लेने की आशंका जताई जा रही है। मृतक धर्मेंद्र पर पहले भी हत्या का आरोप था। पुलिस इसे बदले की कार्रवाई मानकर जांच कर रही है। इस घटना की सूचना मिलते ही उदवंतनगर थाना पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी की और सबूत एकत्रित किए। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल तकनीकी जांच भी की जा रही है ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके। घायल इंजीनियर राजू कुमार को तत्काल आरा सदर अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है।

## सरपंच की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात अपराधियों ने सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान सुनील राय के रूप में हुई है। वे बिशनपुर बीड़ी पंचायत के सरपंच थे। मृतक के परिजनों ने बताया कि आरोपी विपिन राय उनके पड़ोसी हैं। कुछ दिन पहले उसने नया ट्रैक्टर खरीदा था जिसके लिए वह सरपंच से ड्राइवर मांग रहा था। सरपंच के पास कई गाड़ी है, इसलिए वो ड्राइवर देने के लिए तैयार नहीं थे। इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। आरोपी विपिन सरपंच के ड्राइवर संजीव पर प्रेशर दे रहा था। पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना में विपिन भी घायल हुआ है। परिवार के लोग इलाज के लिए डीएमसीएच गए हैं। पटोरी के डीएसपी बीके मेधावी के मुताबिक एफएसएल की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। घटनास्थल से एक देसी पिस्तौल, 3 खोखा और 3 जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। बताया जाता है ड्राइवर से विवाद को लेकर पूर्व में पंचायत भी किया गया था। गांव के ही लोगों से लगातार विवाद को लेकर शाम से ही अंधाधुंध हवाई फायरिंगरिं कर रहा था। इसी बात को लेकर गांव में दहशत और तनाव का माहौल था। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच में जुट गई है।

# बिहार में अब तक 55 लाख वोटर का नाम कटना तय : चुनाव आयोग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में चल रहे वोटर लिस्ट रिवीजन के तहत करीब 55 लाख मतदाता का नाम कटना तय है। इनमें मृत हो चुके, अन्य जगहों पर शिफ्ट हुए और एक से ज्यादा जगहों पर रजिस्टर्ड वोटर शामिल हैं। चुनाव आयोग ने बुधवार को कहा कि राज्यभर में अभी तक एक लाख से ज्यादा मतदाता ऐसे हैं, जिनका पता नहीं चल पाया है। ये मतदाता अपने रजिस्टर्ड पते पर नहीं पाए गए और उनसे संपर्क करने के सभी प्रयास भी विफल रहे हैं। चुनाव आयोग की ओर से बुधवार को जारी बयान में कहा गया कि 23 जुलाई तक वोटर लिस्ट रिवीजन के तहत कुल 7.89 करोड़ मतदाताओं में से 98.01 प्रतिशत कवर कर दिए गए हैं। इसके तहत लगभग 55 लाख मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से कटना तय माना जा रहा है। इनमें से 20 लाख वोटर ऐसे हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है। 28 लाख मतदाता स्थायी रूप से दूसरी जगह शिफ्ट हो चुके हैं। वहीं, 7 लाख मतदाताओं का नाम एक से अधिक जगहों पर पंजीकृत पाया गया है। इन सभी के नाम मतदाता सूची से हटाए जाएंगे। बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का अभियान 24 जून से शुरू हुआ था और इसमें अब सिर्फ दो दिन शेष हैं। आयोग का दावा है कि किसी भी वैध मतदाता को वोटर लिस्ट से बाहर नहीं किया जाएगा। साथ ही किसी भी अवैध मतदाता को सूची में शामिल नहीं किया जाएगा। अब तक 7.17 करोड़ मतदाताओं का गणना फॉर्म आयोग के पास आ चुका है और उन्हें ऑनलाइन अपलोड भी कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने अस्थायी रूप से बिहार से बाहर रह रहे मतदाताओं से अपील की है कि वे आधिकारिक वेबसाइट, ईसीआई नेट मोबाइल ऐप पर जाकर अपना गणना फॉर्म भरें या उसका प्रिंट आउट निकलवा लें। वे फॉर्म को भरकर उसे अपने बीएलओ को व्हाट्सऐप पर भी भेज सकते हैं।

बिहार सरकार

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

पशुपालन निदेशालय

पशुधन हारा

## लम्पी त्वचा रोग

(Lumpy Skin Disease)



गोवंशीय पशुओं का लम्पी त्वचा रोग के विरुद्ध घर-घर जाकर निःशुल्क टीकाकरण अभियान

दिनांक: 15 जुलाई, 2025 से टीकाकरण प्रारम्भ

पशुओं में लम्पी त्वचा रोग से बचाव हेतु गौ–जाति के पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण राज्य के सभी जिलों के प्रत्येक गाँव/शहर में निजी टीकाकर्मियों द्वारा घर–घर जाकर किया जा रहा है।

*कार्यक्रम का भरपूर लाभ उठायें, अपने गाय को लम्पी त्वचा रोग से बचायें*

किसी भी पशु का टीकाकरण नहीं होने अथवा टीकाकरण के दौरान राशि की मांग करने की शिकायत पशुपालन निदेशालय, बिहार, पटना के दूरभाष संख्या 0612–2230942 पर की जा सकती है।
कार्यक्रम की विशेष जानकारी पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, बिहार, पटना के दूरभाष संख्या 0612–2226049 से प्राप्त की जा सकती है।

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित

PR No.-009384 (Animal)D. 2025-26

# पीएम मोदी के नेतृत्व में बिहार को मिला रेलवे विकास को नया आयाम : अश्विनी वैष्णव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में बिहार में रेलवे के तहत हो रहे विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिहार को रेलवे क्षेत्र में ऐतिहासिक लाभ प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि बिहार में 11 वर्ष पूर्व राज्य के लिए रेलवे बजट मात्र 1132 करोड़ था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बढ़ाकर 10 हजार करोड़ कर दिया है। यह नौ गुना वृद्धि बिहार की आकांक्षाओं और जरूरतों के प्रति केंद्र सरकार की गहन प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आखिरकार इन परियोजनाओं की शुरुआत भी एनडीए सरकार ने की थी और समापन भी एनडीए सरकार ने किया है। इससे




स्पष्ट है कि बिहार की जनता के साथ न्याय केवल एनडीए ही कर सकती है। लोकसभा में चर्चा के दौरान शिवहर-सीतामढ़ी परियोजना पर बोलते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है। बागमती नदी पर बनने वाला पुल, जो देकुली धाम शिवहर को जोड़ेगा, उसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस परियोजना के भूमि अधिग्रहण के लिए 262 करोड़ की राशि पहले ही जमा कर दी गई है और कार्य तेजी से प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त, सीतामढ़ीऽशिवहर नई रेल लाइन परियोजना के लिए 557 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं और उसका कार्य भी तीव्र गति से चल रहा है। श्री वैष्णव ने यह भी कहा कि बिहार के विभिन्न क्षेत्रों को नई अमृत भारत ट्रेनों से जोड़ा गया है, जो पटना से दिल्ली, दरभंगा से दिल्ली, और दरभंगा से बैंगलोर जैसे प्रमुख मार्गों पर शुरू की गई हैं। उन्होंने कहा कि अमृत भारत ट्रेनें प्रधानमंत्री जी की एक दूरदर्शी योजना का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य यह है कि गरीब से गरीब वर्ग को भी बेहतर और आधुनिक सुविधाओं से युक्त रेल सेवा उपलब्ध कराई जा सके।

# प्रखण्ड स्तरीय शहद उत्पादक सहकारी समितियां आत्मनिर्भर बिहार के सपने को कर रही साकार : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने राज्य के सभी शहद उत्पादक समितियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। बैठक में शहद उत्पादन को बढ़ावा देने, विपणन में पारदर्शिता लाने, समितियों के कार्यप्रणाली को सशक्त बनाने एवं किसानों की आय में वृद्धि हेतु विभिन्न योजनाओं एवं प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री ने शहद उत्पादक समितियों से शहद के क्षेत्र में सहकारिता विभाग द्वारा की जा रही पहल का लाभ लेते हुए शहद का उत्पादन अधिक से अधिक मात्रा में कर राज्य एवं राज्य से बाहर उनका विपणन करने हेतु कार्य योजना बनाने की अपील की। इसके साथ ही बैठक में मंत्री ने सभी समितियों से उनकी समस्याओं को सुना और इसके संदर्भ में विभाग के पदाधिकारियों को इसके समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिये। मंत्री के द्वारा शहद उत्पादक समितियों के लिए बेहतर प्रशिक्षण एवं समितियों द्वारा उत्पादित शहद के विपणन हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। मंत्री ने ऑनलाइन मार्केट एवं ई-कॉमर्स के माध्यम से शहद उत्पादक समितियों को देश के विभिन्न राज्यों में अपने उत्पादों को पहुंचाने के लिए सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विभागीय पदाधिकारी को मिशन मोड में करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही शहद के आधुनिक प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग की सुविधा उपलब्ध कराने का भी निर्देश मंत्री द्वारा दिया गया। मंत्री ने आज के बैठक में यह भी कहा कि प्रखण्ड स्तरीय शहद उत्पादक सहकारी समितियां न केवल ग्रामीण विकास में मदद कर रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भर किसान-आत्मनिर्भर बिहार के सपने को साकार करने में अपना योगदान दे रही है। राज्य में अब तक मधुमक्खी पालन, शहद उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन योजना के अन्तर्गत कुल 144 प्रखंड स्तरीय प्राथमिक मधुमक्खीपालक सहकारी समितियों का निबंधन कार्य पूर्ण हो चुका है। इन कुल निबंधित 144 मधुमक्खीपालक सहकारी समितियों में सदस्यों की कुल संख्या 4467 है। राज्य में शहद उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन के सहयोग से समितियों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता भी उपलब्ध करायी जा रही है। सहकारिता विभाग राज्य के किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री मधुमक्खी पालन प्रोत्साहन योजना, राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन इत्यादि से भी लाभान्वित कराने में सहयोग प्रदान कर रही है। बैठक में अंशुल अग्रवाल, निबंधक, सहयोग समितियां, अभय कुमार सिंह, अपर सचिव, विकास कुमार बरियार, अपर निबंधक (न्यायिक), निकेश कुमार, संयुक्त निबंधक (पणन) भी उपस्थित रहे।



प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने आज पटना में पटना प्रमंडल विपणन सहकारी संघ पटना के अध्यक्ष रमेश चंद्र चौबे को संघ का निबंधन प्रमाण पत्र प्रदान किया । फोटो – 'नवबिहार टाइम्स'

# सत्ता पक्ष के कुछ नेता जानबूझकर हंगामा खड़ा कर सदन की गरिमा गिरा रहे हैं : तेजस्वी यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र में सदन की कार्यवाही के दौरान सरकार और विपक्ष के बीच जमकर हंगामा हुआ। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने सदन की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित कर दी। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन के नेताओं ने राजद के प्रदेश कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर सत्तापक्ष पर जमकर हमला बोला। तेजस्वी यादव विधानसभा में हुए बवाल पर आग बबूला नजर आए और उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के अलावे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि वे एसआईआर (विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण) की टाइमिंग को लेकर अपनी बात रख रहे थे जब सत्ता पक्ष के वरिष्ठ नेता यहां तक कि उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने भी आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने उनके संबोधन के दौरान कहा कि यही बोलेगा खाली, कितना बोलेगा? तेजस्वी ने इसे बेहद अमर्यादित और सदन की गरिमा के खिलाफ बताते हुए कहा कि अगर विपक्ष का नेता सदन में नहीं बोलेगा तो कौन बोलेगा? सत्ता पक्ष के कुछ नेता जानबूझकर हंगामा खड़ा कर सदन की गरिमा गिरा रहे हैं। अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री और एक मंत्री को फटकार भी लगाई है जो दर्शाता है कि स्थिति कितनी गंभीर थी। तेजस्वी यादव ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर भी सवाल खड़ा करते हुए कहा कि चुनाव आयोग ने जो हलफनामा सुप्रीम कोर्ट में दिया है, उसमें कहीं भी विदेशी नागरिकों का उल्लेख नहीं है। बावजूद इसके सत्तापक्ष के नेता यह दावा कर रहे हैं कि फर्जी मतदाता नेपाल और बांग्लादेश के हैं। यह गलत जानकारी फैलाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश है। भाजपा पर भी निशाना साधते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर फर्जी मतदाता की बात सही है तो 2005 से अब तक की सरकार और केंद्र में 11 वर्षों से भाजपा की सत्ता में रहने के बावजूद यह मुद्दा क्यों नहीं सुलझाया गया? उन्होंने कहा कि जब हमारे पास सबूत होते हैं तब सत्ता पक्ष बहस से भागता है और हंगामा करता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि जब मैं विधानसभा में बोल रहा था, तब मुख्यमंत्री बीच में उठकर बोलने लगे। शायद उन्हें यह तक नहीं पता था कि चर्चा किस विषय पर हो रही है।

# पावरग्रिड पटना में प्राची महिला समिति ने किया सावन महोत्सव का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पावरग्रिड क्षेत्रीय मुख्यालय, शास्त्रीनगर, पटना में प्राची महिला समिति द्वारा सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नृत्य प्रदर्शन, मिलन समारोह और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल थीं। समारोह की शुरुआत गीत एवं रंगारंग नृत्य प्रदर्शन से हुई जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक और आधुनिक नृत्य प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और माहौल को जीवंत बना दिया। सावन मिलन समारोह न केवल मनोरंजन का साधन था, बल्कि यह महिलाओं को एक-दूसरे के साथ जुड़ने और अपनी संस्कृति को संजोने का अवसर भी प्रदान करता है। इस अवसर पर कुल 45 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया।

# विधानसभा का घेराव करने जा रहे जनसुराज कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन सदन से लेकर सड़क तक जबर्दस्त घमासान देखने को मिला। मतदाता पुनरीक्षण और कानून व्यवस्था को लेकर सदन में जहां राजद के नेतृत्व में एकजुट विपक्ष का हंगामा जारी है, वहीं सड़क पर प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मोर्चा खोल खोल दिया। दरअसल, प्रशांत किशोर बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ विधानसभा का घेराव करने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें चितकोहरा गोलंबर के पास ही रोक दिया। इतना ही नहीं, समर्थकों पर लाठीचार्ज भी किया गया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच खूब धक्का-मुक्की भी हुई। बता दें कि पीके ने रोजगार, भूमिहीन परिवारों को जमीन और भूमि सर्वेक्षण में भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को लेकर विधानसभा घेराव घोषणा कर रखी थी। इसके लिए पीके ने 1 करोड़ लोगों के हस्ताक्षर जुटाए थे। जन सुराज के कार्यकर्ताओं ने जब विधानसभा का घेराव करने की कोशिश की तो पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच पहले धक्का-मुक्की हुई और फिर हालात नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठी चार्ज किया। इस दौरान कई कार्यकर्ता घायल हो गए। एक प्रदर्शनकारी के सिर से खून बहने का वीडियो भी सामने आया है जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जन सुराज पार्टी ने पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि शांतिपूर्ण ढंग से विधानसभा का घेराव कर रहे कार्यकर्ताओं पर बर्बर लाठी चार्ज किया गया जिसमें कई लोगों को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद प्रदर्शनकारियों के बीच पहुंचे प्रशांत किशोर ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह जंग की शुरुआत है। सरकार हमें दबाना चाहती है, लेकिन हम ऐसा जवाब देंगे कि पूरा बिहार देखेगा। हम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके घर में घेर लेंगे। पुलिस हमें नहीं रोक सकती। इनका जीना हराम कर देंगे। यह लोग हमें दबाना चाहते हैं। जनता बदलाव चाहती है। प्रशांत किशोर ने कहा हम ऐसा जवाब देंगे कि पूरा बिहार देखेगा। एक लाख आदमी लाकर नीतीश कुमार को घर में घेर लेंगे। निकल नहीं पाएंगे घर से। पुलिस से कौन डरता है? पुलिस से कोई डरता है? पुलिस क्या कर लेगी? उल्लेखनीय है कि प्रशांत किशोर ने बुधवार को विधानसभा घेराव का ऐलान किया था। उनकी अपील पर बड़ी संख्या में जनसुराज पार्टी के कार्यकर्ता राजधानी पटना पहुंचे थे और विधानसभा की ओर कूच किया। घेराव करने निकले पीके ने तीन सवाल किया जिसमें पहला सवाल था कि सरकार की घोषणा के बावजूद गरीब परिवारों को रोजगार के लिए 2 लाख रुपये क्यों नहीं मिले? दूसरा सवाल यह था कि 3 डिसमिल जमीन दलित भूमिहीन परिवारों को क्यों नहीं मिली? आखिरी और तीसरा सवाल किया गया कि भूमि सर्वेक्षण में भ्रष्टाचार पर चर्चा क्यों नहीं हो रही है?

## जनता से माफी मांगें तेजस्वी: नीरज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जदयू के प्रवक्ता नीरज कुमार ने तेजस्वी यादव के जातीय सर्वेक्षण रिपोर्ट पर दिए बयान की आलोचना की है। उन्होंने तेजस्वी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए बिहार की जनता से माफी मांगने को कहा। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी जान बूझकर गलत आंकड़े प्रस्तुत कर रहे हैं। ताकि सामाजिक तनाव की स्थिति उत्पन्न हो। यदि उन्होंने वास्तव में जातीय सर्वेक्षण की रिपोर्ट को पढ़ा होता तो उन्हें यह मालूम होता कि पृष्ठ संख्या 192 पर प्रकाशित आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार राज्य के बाहर रहनेवाले लोगों में सर्वाधिक प्रतिशत सामान्य जाति के लोगों का है। आंकड़ों के मुताबिक सामान्य वर्गके 5.68 प्रतिशत लोग बिहार से बाहर हैं जबकि पिछड़ा वर्गऔर अति पिछड़ा वर्ग दोनों के 3.30 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के 2.50 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति के 2.68 प्रतिशत लोग ही अन्य राज्यों में निवास कर रहे हैं।

# सिपाही भर्ती परीक्षा में 29 अभ्यर्थियों पर कार्रवाई, चार गिरफ्तार

## कुल 627 परीक्षा केन्द्रों पर एकल पाली में आयोजित हुई परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पुलिस सिपाही भर्ती की बुधवार को हुई लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। राज्य के सभी जिलों में कुल 627 परीक्षा केन्द्रों पर एकल पाली में आयोजित हुई परीक्षा के दौरान 29 अभ्यर्थियों पर कार्रवाई की गई और 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया। बुधवार को बिहार पुलिस सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए एकल पाली में कुल 2 लाख 79 हजार 95 अभ्यर्थियों ने प्रवेश-पत्र निर्गत किया था जिसमें से 2 लाख 49 हजार 51 अभ्यर्थियों ने ई-प्रवेश-पत्र डाउनलोड किया। आंकड़ों के मुताबिक अभ्यर्थियों की उपस्थिति निर्गत प्रवेश-पत्र की लगभग 80 प्रतिशत रही। जिला पदाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों के नेतृत्व में जिलास्तर पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। साथ ही परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश पूर्व जांच और तलाशी ली गई। सभी अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की गई। साथ ही वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी करायी गई। कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए सीसीटीवी की लाइव स्ट्रीमिंग कर निगरानी की गई। परीक्षा संचालन की निगरानी के लिए पटना स्थित पर्षद मुख्यालय में कमांड एंड कंट्रोल रूम स्थापित किया गया था। परीक्षा के दौरान कदाचार के आरोप में 29 अभ्यर्थियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई जिनमें से 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि 13 अभ्यर्थियों को निष्कासित किया गया है और 4 अभ्यर्थियों पर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। गिरफ्तार अभ्यर्थियों में पश्चिमी चंपारण से 2, कटिहार से 1 और सहरसा से 1 शामिल हैं। वहीं, भागलपुर में 13 अभ्यर्थियों को निष्कासित किया गया है। बिहार पुलिस सिपाही भर्ती की अब अगली परीक्षा 27 जुलाई को होगी।

# सोयाबीन प्रत्यक्षण योजना में लूट की सीबीआई जांच की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सोयाबीन प्रत्यक्षण योजना में लूट की सीबीआई जांच कराने एवं दोषी लोगों पर अविलंब कार्रवाई की मांग संयुक्त किसान मोर्चा ने की है। केंद्र सरकार की सोयाबीन के उत्पादन में वृद्धि के लिए चलाए जा रहे, सोयाबीन प्रत्यक्षण योजना में बिहार सरकार की कृषि विभाग द्वारा हो रहे भयानक लूट से किसानों के बीच भयानक आक्रोश है। एक एकड़ सोयाबीन की बुआई के लिए इस योजना के तहत किसानों को मुफ्त में 24 किलो सोयाबीन का बीज, 5 किलो सल्फर 90%, 1 लीटर पीएसबी और 1 लीटर ट्राईकोडर्मा दिया जाता है। एक किसान को ज्यादा से ज्यादा 2 एकड़ के लिए इस योजना का लाभ दिया जाता है। मगर किसानों को लाभ देने के नाम पर भयानक लूट मची है। खुले बाजार में जो सल्फर 70 रु किलो बिकता है। इस स्कीम के तहत उसे 430 रु किलो पर खरीदा गया है जो सोयाबीन बीज खुले बाजार में 80 रु किलो बिकता है, सप्लायर बीज माफिया द्वारा एन एस सी के नाम पर 102 रु. किलो का बिल बनाया गया है। चाहे पीएसबी हो या ट्राईकोडर्मा जिसकी कोई प्रमाणिकता नहीं है। पीएसबी बोतल पर 995 रु लीटर लिखा है जबकि बाजार में ज्यादा से ज्यादा150 से 200 रु लीटर और ट्राइकोडरमा 1030 रुपए प्रति लीटर दाम लिखा है, वह भी खुले बाजार में ज्यादा से ज्यादा 200 रुपये लीटर में मिलता है। वह भी किसी प्रमाणित कंपनी से खरीदा नहीं गया है। इसमें भयानक झोल है। इसकी जांच हो तो सारे रहस्य आमलोगों के बीच में साफ हो जाएंगे। पीएसबी एवं ट्राइकोडरमा के नाम पर जिसकी कोई क्वालिटी की प्रमाणिकता नहीं है। बड़े पैमाने पर अंधेर गर्दी के चलते सरकारी राशि की भयानक लूट हो रही है। एन एस सी के नाम पर सप्लायर बिहार का सबसे बड़ा बीज माफिया महालक्ष्मी सीड्स कॉरपोरेशन प्रा लि बरसों बरस से इस सप्लाई के काम में लगा है। बीज सप्लायर में उसे महारत हासिल है। कई बार जांच हुई, मगर बड़े लोगों का बरदहस्त के कारण कार्यवाई नहीं हुई। कृषि विभाग का वह चहेता बना हुआ है। इस योजना के तहत सोयाबीन का सप्लाई इसी महालक्ष्मी सीड्स कॉरपोरेशन प्रा लि को दिया गया है जिसके बीज की कोई प्रमाणिकता नहीं है। इस प्रकार एक एकड़ के लिए 5348 रु तथा दो एकड़ के लिए 10696 रु किसानों के नाम पर सरकारी राशि का इस योजना के नाम पर खुलेआम लूट और फर्जीवारा हो रहा है। सैकड़ों करोड़ रु. की राशि सरकारी फाइलों में किसानों के नाम पर मदद में दर्शाया जा रहा है जबकि हकीकत में खाद, बीज माफिया और सरकारी पदाधिकारी मिल कर लूट रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा के नेता दिनेश कुमार और अशोक प्रसाद सिंह ने किसानों के नाम पर इस नाजायज गोरखधंधा का सीबीआई से जांच तथा दोषी लोगों को अविलंब गिरफ्तारी की सरकार से मांग की।

# एंडोस्कोपी पर लाइव वर्कशॉप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**मुजफ्फरपुर।** जय प्रभा मेदांता सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, पटना एवं श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, मुजफ्फरपुर के संयुक्त तत्वावधान में आज एंडोस्कोपी नामक एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल एंडोस्कोपी के क्षेत्र में चिकित्सकों को उन्नत एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना था। कार्यशाला में ऊपरी एवं निचले जीआई एंडोस्कोपी पर हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग दी गई। कोर्स डायरेक्टर और जय प्रभा मेदांता पटना के निदेशक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, डॉ. आशीष कुमार झा ने कहा इस तरह के लाइव हैंड्स-ऑन कार्यक्रम चिकित्सकों को नई तकनीकों से जुड़ने और मरीजों को बेहतर उपचार देने में सहायक होते हैं। हमारा उद्देश्य एंडोस्कोपी के क्षेत्र में प्रशिक्षण की गुणवत्ता को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती देना है। मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) अभा रानी सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा आज की चिकित्सा प्रणाली में एंडोस्कोपी एक अहम उपकरण बन चुकी है। इस तरह की वर्कशॉप्स न केवल युवा चिकित्सकों को प्रशिक्षित करती हैं, बल्कि मेडिकल एजुकेशन को भी नई दिशा देती है। इस अवसर पर विशेष अतिथि प्रो. (डॉ.) सतीश कुमार सिंह, गेस्ट ऑफ ऑनर प्रो. (डॉ.) भारतेन्दु कुमार, प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार एवं वर्कशॉप चेयरपर्सन प्रो. (डॉ.) रामाकांत प्रसाद सहित कई वरिष्ठ डॉक्टर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न चिकित्सकों और स्टूडेंट्स ने भाग लिया और एंडोस्कोपी की आधुनिक विधियों का अनुभव प्राप्त किया।

# सभी सरकारी महकमों का होगा साइबर ऑडिट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में साइबर अपराध की तेजी से बढ़ती वारदातों को देखते हुए सरकारी महकमों या प्रतिष्ठानों की सुरक्षा भी सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। इसके मद्देनजर राज्य स्तर पर साइबर सुरक्षा के लिए सरकार ने नोडल एजेंसी के तौर पर ईओयू (आर्थिक अपराध इकाई) को चिन्हित किया गया है। इसके तहत सभी सरकारी कार्यालयों या प्रतिष्ठानों की साइबर ऑडिट कराई जाएगी। ताकि यह स्पष्ट हो सके कि सरकारी महकमों की वेबसाइट, ऑनलाइन सेवाएं या लेनदेन समेत ऑनलाइन होने वाले तमाम कार्यों को साइबर से जुड़े सुरक्षा मानकों पर कसा जाएगा। जांच में जहां गड़बड़ी मिलेगी, वहां इन कमियों को जल्द पूरी की जाएगी। साइबर ऑडिट की पूरी प्रक्रिया सीडैक (सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस कंप्यूटिंग), आई4सी (इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर) समेत अन्य जांच एजेंसियों के सहयोग से की जाएगी। इसके लिए एक खास रणनीति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके बाद समुचित तरीके से शुरुआत की जाएगी।

# आयुष्मान योजना के क्लेम मॉनिटरिंग के लिए बना डैशबोर्ड : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बुधवार को आद्री, पटना स्थित कार्यालय में राज्य एंटी फ्रॉड यूनिट डैशबोर्ड का विधिवत उद्घाटन किया। यह प्रणाली बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति और आद्री संस्था के संयुक्त प्रयास से विकसित की गई है जिसमें स्वास्थ्य विभाग, राज्य स्वास्थ्य समिति एवं आद्री के पदाधिकारीगण तथा अन्य सहयोगी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रणाली राज्य में सुशासन को मजबूत करने और भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने में एक नई मिसाल बनेगी। श्री पांडेय ने कहा कि यह डैशबोर्ड तकनीकी दृष्टिकोण से एक बड़ा कदम है जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और निगरानी की मजबूत व्यवस्था स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत क्लेम प्रोसेसिंग में पारदर्शिता लाना अत्यंत आवश्यक है। ताकि अस्पतालों द्वारा गलत बिलिंग या फ्रॉड पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

श्री पांडेय ने कहा कि अब किसी भी अस्पताल द्वारा गलत क्लेम किया गया तो उसे तथ्यात्मक रूप से रोका जा सकेगा और समय पर सही क्लेम का निपटारा भी संभव हो पाएगा। यह प्रणाली समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने में भी सहायक होगी जिससे अस्पतालों को राहत मिलेगी और लाभार्थियों को समय पर सेवा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं में फ्रॉड की संभावना को खत्म करने के लिए ऐसी निगरानी प्रणालियां अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने इस प्रयास के लिए बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति और आद्री की सराहना की और कहा कि आने वाले समय में यह प्रणाली प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# राजनीतिक रंजिश में भाजपा कार्यकर्ता सुरेंद्र प्रसाद की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** पटना के पिपरा थाना क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता सुरेंद्र प्रसाद की खेत में काम करने के दौरान हुई निर्मम हत्या ने राजनीतिक हिंसा की भयावहता को उजागर कर दिया। पुलिस की गिरफ्त में आए मुख्य आरोपी रतन कुमार ने खुलासा किया है कि उसे यह हत्या अंजाम देने के लिए दो लाख रुपये की सुपारी दी गई थी। प्रारंभिक जांच में हत्या के पीछे स्थानीय स्तर की राजनीतिक रंजिश सामने आई है। रतन के पास से देसी कट्टा और कारतूस बरामद हुए हैं जबकि हत्या में प्रयुक्त हथियार उसके साथियों के पास होना बताया गया है। आरोपी वारदात के बाद बाबा धाम फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने उसे 12 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद दीघा, पटना से दबोच लिया। पुलिस अब अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। घटना ने बिहार में राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई और गिरती कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। भाजपा नेताओं ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए त्वरित न्याय और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है जबकि प्रशासन ने पीड़ित परिवार को सुरक्षा उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया है।

# जुलाई माह में खरीफ चारा की बुवाई पूरी करें किसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि विभाग ने जुलाई और अगस्त माह में खरीफ फसलों, सब्जियों और बागवानी के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। इनका पालन कर किसान अपनी फसल की पैदावार बढ़ा सकते हैं। इन महीनों में धान, मक्का, बाजरा, मूंगफली और फलदार वृक्षों आदि से जुड़े कृषि कार्य वैज्ञानिक तरीके से कर किसान उत्पादन और गुणवत्ता बढ़ा सकते हैं। बिहार सरकार का कृषि विभाग राज्य में आधुनिक और वैज्ञानिक तकनीक से कृषि कार्यों को बढ़ावा दे रहा है। विभाग की कोशिशों के कारण ही आज राज्य में कृषि से जुड़े उत्पादन काफी बढ़ चुके हैं और किसानों की जिंदगी में खुशहाली आई है।

**जुलाई माह के अंत तक धान की रोपाई पूरे करें**

धान के बिचड़ों की जड़ों को क्लोरोपायरीफॉस 20 ईसी (2.5 मिली प्रति लीटर पानी) और 1 प्रतिशत यूरिया के घोल में 3 घंटे डुबोकर माह के अंत तक रोपाई पूरी करें। बुवाई के 15-20 दिन बाद निकौनी करें अर्थात खरपतवारों को हटा दें। धड़छेदक कीट के लिए कार्बोफ्यूरान 3जी या कर्टाप हाइड्रोक्लोराइड 4जी (4-5 दाने प्रति गभ्भा) अथवा इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल (1 मिली प्रति 3 लीटर पानी) का छिड़काव करें। जुलाई माह में मिर्च, टमाटर और अगात गोभी के बीजों को बीजोपचार के बाद बीज स्थली में बोएं। इस माह में खरीफ चारा की बुवाई पूरी करें। फलदार वृक्षों के लिए ग्राफ्टिंग, स्टूलिंग और एयर लेयरिंग शुरू करें। पपीता की रोपाई और फलों के नए बागों के लिए गड्ढों में पौधरोपण भी इस माह के अंत तक करें। जुलाई में रोपे गए धान में आवश्यकता के मुताबिक यूरिया का छिड़काव करें। रोपाई के एक सप्ताह बाद अल्गी कल्चर (10 किग्रा प्रति हेक्टेयर) का उपयोग करें। तनाछेदक कीट के लिए 8-10 फेरोमोन ट्रैप प्रति हेक्टेयर लगाएं। हिस्पा के लिए साइपरमेथ्रिन 10 ईसी या फेनवलरेट 20 ईसी (1 मिली प्रति लीटर पानी) और बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट के लिए स्ट्रेप्टोसाइक्लिन (60 ग्राम) व कॉपर ऑक्सीक्लोराइड (2.5 किलो प्रति हेक्टेयर) का छिड़काव करें। बरसाती सब्जियों में निकाई-गुड़ाई और जल निकासी सुनिश्चित करें। मिर्च, बैंगन, और टमाटर की रोपाई करें। अप्रैल-मई में तैयार किए गए गड्ढों में पपीता, आम और लीची के पौधे अगस्त माह के अंत तक लगाएं। इसके साथ ही कृषि विभाग का सुझाव है कि किसान अगस्त में समय पर कीट-रोग प्रबंधन, उचित उर्वरक उपयोग और जल निकासी पर ध्यान दें।

# गोस्वामी तुलसीदास स्मृति में अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'गोस्वामी तुलसीदास स्मृति अंतर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्भाषण शिविर' का दशदिवसीय शिविर समापन सम्पन्न हुआ। शिविर के समापन समारोह ने एक बार पुनः यह सिद्ध कर दिया कि संस्कृत न केवल देवभाषा है, बल्कि आज की सामाजिक चेतना में भी जीवंत और प्रासंगिक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रतिष्ठित विद्वान एवं संस्कृत प्रचारक डॉ. मुकेश कुमार ओझा (राष्ट्रीय अध्यक्ष, आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान एवं महासचिव, विहार संस्कृत संजीवन समाज) ने की। उन्होंने कहा तुलसीदास जी ने रामचरितमानस जैसे काव्य द्वारा भारतीय समाज को आध्यात्मिक चेतना प्रदान की। उनकी रचना संस्कृत परंपरा से अनुप्राणित है। ऐसे महापुरुष की स्मृति में संस्कृत सम्भाषण का आयोजन उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उद्घाटनकर्ता धर्मेन्द्र पति त्रिपाठी (पूर्व संयुक्त निदेशक, पेंशन विभाग, उत्तर प्रदेश) ने अपने वक्तव्य में कहा संस्कृत ही वह सेतु है जो हमारे वैदिक अतीत से आधुनिक युग तक संवाद स्थापित करता है।

# अपराधियों को सजा दिलाने की प्रक्रिया में तेजी : डीआईजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों पर अंकुश लगाने और लोगों को त्वरित न्याय दिलाने को अभियोजन कोषांग को सुदृढ़ किया गया है। पिछले पांच माह में शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के चारों जिलों में विभिन्न कांडों के 5761 मामले में न्यायालय से 7294 आरोपितों को सजा सुनाई गई। शाहाबाद प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश ने बताया कि अपराधियों को सजा दिलाने को गवाही की प्रक्रिया में तेजी आई है। अभियोजन शाखा को वाहन व पुलिसकर्मी गवाहों को समस्य गवाही को उपलब्ध कराए गए जिसके बेहतर परिणाम सामने आए हैं। बताया कि रोहतास जिले के 674 कांड में 994, कैमूर के 49 कांड में 114, भोजपुर के 2606 कांड के 3613 व बक्सर जिले के 2432 कांड में 2573 को पिछले पांच माह में न्यायालय से सजा सुनाई गई। डीआईजी ने बताया कि हाल ही सभी एसपी, मुख्यालय डीएसपी को अभियोजन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। मुख्यालय डीएसपी प्रति सप्ताह लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक से समीक्षा करेंगे। वही एसपी महीने में दो बार लंबित कांडों की विचरण की समीक्षा करेंगे। वे प्रतिमाह इसकी समीक्षा करेंगे। अच्छा कार्य करने वाले लोक अभियोजक पदाधिकारी को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गंभीर कांडों में शामिल अपराधियों को स्पीडी ट्रायल कराकर सजा मिल रही है। समय से गवाही करा कर पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय दिलाने को पुलिस अपना कार्य कर रही है।

## अंचलाधिकारियों को जिलाधिकारी का सख्त निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** जिला पदाधिकारी उदिता सिंह को जनता दरबार एवं आमजनों से मुलाकात के क्रम में शिकायतें प्राप्त हो रही थी कि अंचल अधिकारी अपने कार्यालय कक्ष में उपस्थित नहीं रहते हैं जिसके कारण आमजनों को राजस्व से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों यथा- ऑनलाइन दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, मिसिंग लगान, अभियान बसेरा-2, आधार सिडिंग, ऑनलाइन जमाबंदी, ई- मापी आदि मामलों के निष्पादन में अनावश्यक समय लगता है। जिलाधिकारी द्वारा रोहतास जिला के सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि सप्ताह में सोमवार, बुधवार एवं बृहस्पतिवार को अपने कार्यालय में 10 बजे पूर्वाह्न से 01.00 बजे अपराह्न तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी राजस्व कर्मचारी एवं कर्मी भी उपस्थित हों।

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, पिता ने ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** चेनारी थाना क्षेत्र के पचौरा गांव में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता संध्या कुमारी की हत्या कर दी गई। मृतक के पिता सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बलथुआ गांव निवासी कामेश्वर सिंह ने अपनी पुत्री संध्या कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत को लेकर पचौरा गांव स्थित ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। कामेश्वर सिंह ने बताया कि उनकी पुत्री संध्या की शादी वर्ष 2020 में पचौरा गांव निवासी शिवाजी सिंह के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शुरू में सब कुछ सामान्य था, लेकिन दो साल बाद ससुराल वालों ने व्यवसाय के लिए 5 लाख की मांग करनी शुरू कर दी और प्रताड़ित करने लगे। सोमवार की रात संध्या ने अपने भाई राकेश कुमार के मोबाइल पर फोन कर बताया कि ससुराल के लोग मारपीट कर रहे हैं और 5 लाख व गहना मांग रहे हैं। इसके बाद मंगलवार की सुबह संध्या अपने मायके बलथुआ आई। उसने घर आकर कुछ गहना लिया और पैसे का इंतजाम नहीं हो पाया। फिर वह दोपहर लगभग 3 बजे बस से अपने ससुराल वापस चली गई। बुधवार की सुबह संध्या के पति शिवाजी सिंह के मोबाइल से फोन आया कि उसकी तबीयत खराब है और चितरंजन अस्पताल सासाराम ले जाया गया है जब परिजन वहां पहुंचे तो संध्या की मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने बताया कि अस्पताल लाने से पहले ही उसकी मृत्यु हो गई थी। कामेश्वर सिंह ने संध्या के पति शिवाजी सिंह, ससुर बबन सिंह, सास संध्या देवी, ननद शारदा देवी, देवर अजीत कुमार और निधि कुमारी पर मिलकर हत्या करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी कर ली गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस ने मतदाता पुनरीक्षण को ले जागरुकता फैलाने का किया आह्वान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोचस।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक पार्टी कार्यालय में बुधवार को संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता रोहतास जिला कांग्रेस के अध्यक्ष अमरेन्द्र कुमार पान्डेय ने की। बैठक में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस रोहतास जिला पर्यवेक्षक शैलेश पांडेय, पूर्व विधायक छत्तीसगढ़ के द्वारा कार्यकर्ताओं को बिहार विशेष पुनर्निर्माण मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए घर-घर जाकर जागरुकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। वही करगहर विधायक सन्तोष कुमार मिश्रा के द्वारा बताया गया कि पहले हम सभी मतदाता रहेंगे तभी प्रजातंत्र को मजबूत कर पाएंगे। बैठक में उपस्थित रहे प्रखण्ड अध्यक्ष विमलेश तिवारी, बिहार कांग्रेस प्रतिनिधि अखिलेश त्रिपाठी, रोहतास जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व पैक्स अध्यक्ष सुरेन्द्र दुबे, रवीन्द्र पाठक, सतीश पांडेय, संजय दुबे, संजय सिंह, अरविन्द सिंह, गोकुल चौधरी, राजेन्द्र प्रभाकर, डॉ विजय प्रकाश, रेहाना खातून, कामेश्वर तिवारी, अतीत तिवारी, पिन्टू यादव आदि मौजूद थे।

## 55 लीटर देशी महुआ शराब बरामद, धंधेबाज फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** दरिहट पुलिस ने मंगलवार की रात थाना क्षेत्र के छोटकी भड़कुडिया गांव से छापेमारी कर 55 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया। वही धंधेबाज पुलिस को आते देख मौका पाकर फरार हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष कुमारी नेहा सिन्हा ने बताया कि मंगलवार की रात गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के छोटकी भड़कुड़िया में धनु राम के पुत्र सुजीत कुमार उर्फ तिरंगा के द्वारा अपने घर में शराब रख बिक्री कर रहा है। पुलिस ने सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए उक्त स्थल पर छापामारी करने पहुंची तो सुजीत पुलिस को आते देख मौका पाकर भागने लगा। पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन अंधेरा होने के कारण धंधेबाज फरार हो गया। वहीं पुलिस ने धंधेबाज को चिन्हित कर नामजद प्राथमिकी दर्ज किया गया है जिसका कांड संख्या 56/25 है। वहीं छापेमारी के दौरान सुजीत कुमार के घर दो बोरे में लगभग 55 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि फरार धंधेबाज की गिरफ्तारी हेतु पुलिस निरंतर छापेमारी कर रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

## भारतीय मानक ब्यूरो ने सफलतापूर्वक आयोजित किया 'उद्योग बैठक' कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** भारतीय मानक ब्यूरो ने होटल आनंद लोक इन, दुर्गावती, कैमूर में 'उद्योग बैठक' (लाइसेंसधारी और गैर-लाइसेंसधारी) कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य निर्माताओं को बीआईएस प्रमाणीकरण प्रक्रियाओं और विभिन्न बीआईएस योजनाओं के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में डीआईसी कैमूर की महाप्रबंधक हेमलता कुमारी, कैमूर औद्योगिक संघ के सचिव विकास तिवारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में लगभग 75 निर्माता और संघ के अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान निर्माताओं को बीआईएस की विभिन्न योजनाओं और उत्पाद गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने में मानक चिह्नों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। हिमांशु कुमार, वैज्ञानिक-सी ने बीआईएस के बारे में एक पीपीटी प्रस्तुत किया जबकि सुधांशु सुमन, वैज्ञानिक-सी ने प्रमाणीकरण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया।

## भारतीय हलवाई वैश्य समाज ने की बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अखिल भारतीय हलवाई वैश्य समाज की बैठक बाबा गणिनाथ मंदिर प्रांगण एनीकट में उपाध्यक्ष रामबली शाह की अध्यक्षता में एवं संचालन महामंत्री चंदन गुप्ता के द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित समाज के सभी पदाधिकारी एवं अभिभावक सर्वसम्मति से 22 अगस्त 2025 दिन शुक्रवार को बाबा गणिनाथ जी का भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी एवं 23 अगस्त 2025 दिन शनिवार को जयंती महोत्सव एनीकाट बाबा गणिनाथ मंदिर प्रांगण में मनाई जाएगी। बैठक में संजीव कुमार, संजय गुप्ता, काजू गुप्ता, राजू गुप्ता, मुन्ना गुप्ता, कुंदन गुप्ता, मिथिलेश गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, संतोष गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, डॉ राम इकबाल प्रसाद, बलराम प्रसाद, विद्यासागर, आनंद गुप्ता, ऋषि राज गुप्ता, किशोर गुप्ता, पंकज गुप्ता अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शपथ लेने के साथ नगर पंचायत ने लिया मूर्त रूप

### शबनम प्रवीन मुख्य पार्षद व स्नेहा कुमारी बनी उप मुख्य पार्षद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**कोचस।** कोचस नगर पंचायत के नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों के शपथ ग्रहण करने के साथ ही नगर पंचायत ने मूर्त रूप ले लिया। एक वर्ष से अधिक समय से निर्धारित समय पर चुनाव नहीं होने से शहर का विकास बाधित था। अब जबकि जनप्रतिनिधियों के शपथ लेने के साथ ही नगर पंचायत अस्तित्व में आने से नगरवासियों में खुशी व्याप्त है। बुधवार को प्रखंड सभागार में नगर पंचायत के नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शपथ दिलायी गयी जिसमें मुख्य पार्षद शबनम परवीन, उपमुख्य पार्षद स्नेहा कुमारी समेत 16 वार्ड पार्षदों ने ईश्वर को साक्षी मान पद व गोपनीयता की शपथ ली। शपथ डिप्टी कलेक्टर नेहा कुमारी ने दिलायी। समारोह में जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ व पौधा देकर सम्मान किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्र भूषण गुप्ता, कार्यपालक पदाधिकारी ओम प्रकाश सिंह, बीपीआरओ सुमित चौधरी वार्ड पार्षद बीरेंद्र सिंह, गोपाल पाल, राजा गुप्ता समेत भोला शाहबादी, मलिक पासवान समेत गणमान्यजन उपस्थित थे।

## बिजली चोरी में महिला समेत सात लोगों पर जुर्माना, प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** विद्युत विभाग ने बराढ़ी, चांप व गम्हरिया गांव में छापेमारी कर महिला समेत लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों को पकड़ लिया। विद्युत कनीय अभियंता शुभेंदु कुमार ने स्थानीय थाना में लिखित आवेदन देकर जुर्माना के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि छापेमारी दल की टीम मंगलवार को बराढ़ी गांव पहुंचा जहां जांचोपरांत गणेश प्रसाद पर 23486 रूपए, सालिक सिंह पर 11355 रूपए, पूर्णवासी सिंह पर 7079 रूपए तथा चांप गांव निवासी रंजन सिंह पर 18398 रूपए, धर्मेंद्र सिंह पर 17026 रूपए वहीं गम्हरिया गांव के सुरेश साह पर 7659 रूपए, मीना देवी पर 25546 रूपए की जुर्माना के साथ बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। कनीय अभियंता शुभेन्दु कुमार ने बताया कि गांव में जांच के दौरान बराढ़ी, चांप व गम्हरिया गांव निवासी मेन पोल से तार खींचकर बिजली की चोरी करते पकड़े गए हैं। इस मामले में सभी गृह स्वामी पर बिजली की खपत वाट जांच कर समन राशि के साथ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# आरपीएफ ने घायल व्यक्ति का कराया इलाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि अनुग्रह नारायण रोड ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर के द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि एक अज्ञात पुरुष उम्र करीब 25 वर्ष डाउन मेन लाइन के किनारे पर किलोमीटर 537/28 पर घायल अवस्था में पड़ा है। उक्त सूचना पर अनुग्रह नारायण कैंपिंग ड्यूटी में तैनात अधिकारी उप निरीक्षक शिवराज शाह साथ आरक्षी आलोक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे तो उसी समय जम्होर थाना के सहायक अवर निरीक्षक औरंगजेब आलम स्टाफ 112 पेट्रोलिंग गाड़ी से पहुंचे तथा उक्त घायल व्यक्ति को इलाज वास्ते प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जम्होर ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद पूछताछ करने पर घायल व्यक्ति ने अपने परिजन का मोबाइल नंबर 8709815546 बताया गया जिस पर उसके परिजन को सूचित किया गया। सूचना पर उसके परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जम्होर पहुंचे एवं जिससे पूछने पर उक्त व्यक्ति का नाम रणधीर कुमार, उम्र 25 वर्ष, पिता रामपति भूइयां, निवासी-बरवाडीह थाना-गुरारू, जिला-गया बताया। बाद में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जम्होर के द्वारा उक्त घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर हॉस्पिटल औरंगाबाद को रेफर किए जिसे उसके परिजन द्वारा अपने साथ बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल औरंगाबाद ले गए। उक्त घायल व्यक्ति के पास कोई यात्रा टिकट नहीं था।

## आरपीएफ ने ट्रेन में छूटा पिट्ठू बैग यात्री को किया वापस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि सुरक्षा नियंत्रण कक्ष डीडीयू से सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 12875 अप कोच संख्या एम1 में एक यात्री का पिट्ठू बैग छूट गया है वह यात्री गया स्टेशन में उतर गए हैं जो उक्त गाड़ी में तैनात मार्गरक्षण दल पार्टी इंचार्ज प्रधान आरक्षी संतोष कुमार के कब्जे में है। सूचना के आलोक में सहायक उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार दास साथ स्टाफ उक्त गाड़ी डिहरी ऑन-सोन स्टेशन पर आने के उपरांत कोच संख्या एम1 में जाकर मार्गरक्षण दल पार्टी इंचार्ज प्रधान आरक्षी संतोष कुमार से यात्री का छूटा हुआ पिट्ठू बैग लेकर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन में सुरक्षित रखा गया जिसमें लेनेवो कंपनी का लैपटॉप चार्जर सहित आधार कार्ड रखा हुआ था एवं सूचना यात्री को दिया गया। उक्त सूचना पर यात्री रोबिन कुमार पिता राकेश कुमार निवासी -चढ़ता, थाना- बेलागंज, जिला- गया (बिहार) रेसुब पोस्ट पर उपस्थित हुए जिन्होंने अपना बैग का पहचान किये और उसमें रखे सभी सामान सुरक्षित पाये। बाद में पहचान, सत्यापन एवं फोटोग्राफी के उपरांत शिकायतकर्ता रोबिन कुमार को इनके पिता राकेश कुमार की मौजूदगी में सही सलामत सुपुर्द किया गया।

# पंचायतों के कार्यों को लेकर मुखिया संघ ने की चर्चा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र के सभागार में बुधवार को मुखिया संघ के जिला इकाई की बैठक हुई। बैठक में पंचायतों के कार्यों को लेकर चर्चा किया गया। बैठक में ग्रामीणों के किसी भी कार्यों में कोई भी परेशानी न हो इसका संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह पिंटू व संचालन उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष अमरेंद्र पांडेय ने किया। बैठक में पंचायती राज प्रतिनिधियों को शस्त्र अनुज्ञप्ति प्रदान करने हेतु स्पष्ट समय सीमा निर्धारण के साथ आदेश देने की सरकार से मांग की गई। मुखियाओं ने कहा कि पंचायत सरकार भवन का निर्माण जिसे सरकार द्वारा पंचायत द्वारा कराने का निर्देश जारी हुआ है उसे तत्काल प्रभाव से प्रारंभ किया जाए। षष्टम वित्त आयोग की राशि से पंचायत विकास की योजनाओं पर पंचायत तथा आम सभा की स्वतंत्रता घोषित की जाय जिससे जहां जब जरूरत हो समस्या का समाधान और निर्माण कराया जा सके। विवाह मंडप निर्माण हेतु उचित राशि एवं तत्काल कार्य प्रारंभ करने की आदेश पारित की जाय। मनरेगा योजना अंतर्गत द्वारा निर्मित खेल मैदान तथा अन्य पक्की नाली गली का भुगतान तत्काल कराया जाए। बैठक में मोती पाल जिला कोषाध्यक्ष, भोलानाथ यादव जिला प्रवक्ता, शिवम कुमार सिंह जिला महामंत्री, मांधाता तिवारी जिला सचिव, वीरबहादुर सिंह प्रखंड अध्यक्ष मुखिया संघ चैनपुर, सुरेंद्र बहादुर सिंह प्रखंड अध्यक्ष मुखिया संघ दुर्गावती, मीर इमरान प्रखंड अध्यक्ष मुखिया संघ मोहनियां समेत जिले के सभी प्रखंडों से संघ के पदाधिकारी व मुखिया उपस्थित थे।

## भू-अर्जन विभाग में जमीन का कागजात जमाकर प्राप्त करें मुआवजा : सीओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** अंचलाधिकारी रामपुर अनु कुमारी ने बताया कि भारतमाला परियोजना अंतर्गत रामपुर प्रखंड के किसानों का आर्बिट्रेशन का आदेश प्राप्त हुआ है- जैसे ग्राम वार रैयतों की संख्या निम्न प्रकार से है- चमरियांव गांव में 34, नरजो 27, करीगाई 14, गंगापुर 27, बसिनी 50 और पातीला गांव से 13 किसानों का आर्बिट्रेशन का आदेश प्राप्त हुआ है जबकि चमरियांव गांव से केवल एक आवेदन भू अर्जन कार्यालय में मुआवजा हेतु दिया गया है। बाकी सभी रैयत यथाशीघ्र अपनी कागजात भू अर्जन में जमा कर अपना मुआवजा राशि प्राप्त करें और कहा कि रैयतों को तीन बार नोटिस किया जाएगा बावजूद कागजात जमा नहीं करने की स्थिति में उनकी मुआवजा राशि कोर्ट में जमा कर दी जाएगी जिसे निकालने में रैयतों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

## शहर के मुख्य बाजार में अतिक्रमण से सड़क संकीर्ण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** नगर पंचायत के मुख्य बाजार के सड़क का अतिक्रमण से आवागमन मुश्किल हो गया है। बाजार में एक साथ दो वाहनों के आने-जाने से बाजार में जाम लग जाता है जिससे लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। जाम की समस्या के समाधान के लिए अभी तक नगर पंचायत द्वारा कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की गई है जिससे अतिक्रमण की समस्या नासूर बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दो दशक पूर्व बाजार से बड़े वाहन भी एक साथ सामान लेकर आते-जाते थे, लेकिन अब तो छोटे वाहनों को भी एक साथ निकलना काफी मुश्किल हो गया है जिससे शादी-विवाह जैसे कार्यक्रम के लिए भी लोगों को बाजार से पहले वाहन को खड़ा कर बाजार में खरीदारी के लिए आना-जाना पड़ता है। मालूम हो कि बाजार के पूर्वी छोर से पश्चिमी छोर तक बाजार अतिक्रमण के चपेट में है। बाजार के रास्ते का अतिक्रमण से यहां का व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। बाजार में वाहनों के आने-जाने में परेशानी के चलते अधिकांश लोग सासाराम व अन्य शहरों में खरीदारी के लिए जा रहे हैं। कुदरा बाजार में कुदरा प्रखंड के अलावे भभुआ, सोनहन व रोहतास जिला के चेनारी, शिवसागर व करहगर प्रखंड के दर्जनों गांवों के सैकड़ों ग्रामीण खरीदारी के लिए आते जाते हैं। इस संबंध में पूछने पर कार्यपालक पदाधिकारी उजाली राज ने बताया कि नगर पंचायत में हुए अतिक्रमण के खिलाफ जल्द ही सघन अभियान चलाया जाएगा जिसमें बाजार से भी अतिक्रमण को हटाया जाएगा।


**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**

**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**UGEAC-2025 के आधार पर बिहार के राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों में प्रवेश हेतु Online Counselling से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

**Adv. No.- BCECEB(UGEAC)-2025/09 Dated 23.07.2025**

**आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या-BCECEB(UGEAC)-2025/05 एवं 2025/06 दिनांक 19.06.2025 के क्रम में सर्वसाधारण, सम्बन्धित अभियंत्रण संस्थानों एवं UGEAC-2025 में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि UGEAC-2025 के आधार पर Round-2 की Seat Allotment उपरांत दिनांक 16.07.2025 से 18.07.2025 की अवधि में हुए Document Verification उपरांत कतिपय तकनीकी त्रुटियाँ पाई गयी। इसके संज्ञान में आने पर जाँचोपरान्त पाया गया कि Round-2 Counselling के Document Verification के समय technical error के कारण कुछ अभ्यर्थियों के आरक्षण कोटि में परिवर्त्तन हो गया। इसे संशोधित करने के पश्चात् 30 अभ्यर्थियों के संस्थान / पाठ्यक्रम में परिवर्त्तन हो गया तथा 16 अभ्यर्थियों का मात्र आरक्षण कोटि में परिवर्त्तन हो गया है। साथ ही 1 अभ्यर्थी को औपबंधिक रूप से आवंटित संस्थान नहीं मिल सका और वे Revised Seat Allotment Result से बाहर हो गये, जिस कारण उनका Round-2 द्वारा आवंटित सीट को रद्द कर दिया गया है एवं 1 नये अभ्यर्थी को मेधा-सह-विकल्प के आधार पर औपबंधिक रूप से संस्थान / पाठ्यक्रम आवंटित हुआ है। संबंधित सभी अभ्यर्थियों की सूची पूर्ण विवरणी के साथ पर्षद के website: bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।

सूची में सम्मिलित सभी अभ्यर्थी अपना Revised Allotment Order पर्षद के website पर उपलब्ध Link "Online Portal of UGEAC-2025" के माध्यम से अपने Account में Login कर पुन: Download कर लें एवं Revised Allotment Order में छपे Reporting Centre पर दिनांक 25.07.2025 से दिनांक 26.07.2025 तक निश्चित रूप से जाकर नामांकन लेना सुनिश्चित करें। वैसे अभ्यर्थी जिनका संस्थान में बदलाव हो गया है, वे अपने पूर्व के नामांकित संस्थान से अपना मूल प्रमाण-पत्र वापस लेकर आवंटित नये संस्थान / Reporting Centre में जाकर Document Verification / Admission कराना सुनिश्चित करें। जिन अभ्यर्थियों का मात्र आरक्षण कोटि में परिवर्त्तन हुआ है, वे भी Revised Allotment Order लेकर संस्थान में जाकर अपना आरक्षण कोटि संशोधित कराना सुनिश्चित करें। सभी सम्बन्धित अभ्यर्थियों को उनके Registered Email ID एवं Mobile No. पर SMS के माध्यम से भी सूचित किया जा रहा है।

वैसे अभ्यर्थी जो इस सूची में सम्मिलित नहीं हैं, उनकी नामांकन की स्थिति यथावत् रहेगी। अर्थात् उन्हें पुन: Document Verification कराने की आवश्यकता नहीं है।

**परीक्षा नियंत्रक**

# बर्तन बेचने की आड़ में डकैती करता था गिरोह

## पुलिस ने नौ अपराधियों को किया गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिले में बीते 20 दिनों के भीतर तीन थाना क्षेत्रों में हुई डकैती की वारदातों का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस सिलसिले में एक संगठित आपराधिक गिरोह के नौ कुख्यात बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से लूट की गई संपत्ति, हथियार, वाहन और अन्य सामान भी बरामद किया है।

एसपी भारत सोनी ने प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार अपराधी बेहद शातिर और पूर्व में जेल जा चुके हैं। ये लोग बर्तन बेचने, पेंटिंग करने या किराये पर रहने की आड़ में घरों की रेकी करते थे और रात के अंधेरे में हथियारों से लैस होकर वारदात को अंजाम देते थे। इनकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी चुनौती थी क्योंकि ये पूरी योजना और सतर्कता के साथ अपराध करते थे।

गिरोह ने अस्थावां थाना क्षेत्र के जंगीपुर गांव में 17 जुलाई की रात, हरनौत थाना क्षेत्र के सद्भावनगर में 14-15 जुलाई की रात और बेन थाना क्षेत्र के बड़ी आंट गांव में 2-3 जुलाई की रात डकैती की घटनाएं की थी। तीनों वारदातों की शैली और सबूतों के आधार पर पुलिस को जल्द ही स्पष्ट हो गया था कि इन घटनाओं के पीछे एक ही गिरोह है। इसके बाद अस्थावां, हरनौत और बेन थाना के साथ-साथ जिला आसूचना इकाई की संयुक्त टीम बनाई गई। टीम ने तकनीकी विश्लेषण, फिंगरप्रिंट जांच, डॉग स्क्वॉड और गुप्त सूचना तंत्र के जरिए गहन छानबीन की।

पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह के कुछ सदस्य पहले इन क्षेत्रों में काम कर चुके थे या किराये पर रह चुके थे। एक आरोपित हरनौत में घटनास्थल के पास रहता था जबकि दूसरा अस्थावां में पेंटिंग करता था। बर्तन बेचने और फ़ेरी लगाने की आड़ में घरों को चिह्नित कर वे रात में मिनी ट्रक से पहुंचते और वारदात को अंजाम देते थे।

गिरफ्तार अपराधियों की पहचान पटना, नालंदा और गया जिले के निवासी मोहम्मद आलम, मोहम्मद मिराज उर्फ घोघा, पप्पू बख्शो, मोहम्मद ऐनाम उर्फ भोट्टा, मोहम्मद फरकान उर्फ पंडित, मोहम्मद झब्बन, राजकुमार साह उर्फ कक्कू, एजाज अयूबी और मोहम्मद तैयब के रूप में हुई है।

इनके पास से तीन देसी कट्टा, पांच जिंदा कारतूस, तीन की-पैड मोबाइल, दो एंड्रॉयड फोन, चांदी की तीन जोड़ी पायल, 25,800 नकद, लूटे गए डीवीआर, मिक्सी मशीन और सुप्रीमो मिनी ट्रक बरामद किया गया है। छापेमारी टीम में डीआईयू प्रभारी आलोक कुमार, थानाध्यक्ष राजमणि और रवि कुमार शामिल थे।

## डूबने से मासूम की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सरमेरा थाना क्षेत्र के सदहा गांव में बुधवार को पानी में डूबने से एक साढ़े चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी मनलगु महतो के पुत्र कुणाल कुमार के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, गांव से उत्तर बनाए गए अस्थायी पोल-पथ से गुजरते वक्त बच्चे का अचानक पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना 24 घंटे के अंदर सरमेरा क्षेत्र में पानी में डूबकर हुई तीसरी मौत है, जिससे इलाके में भय और शोक का माहौल है। सरमेरा थानाध्यक्ष साकेंद्र कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेजा गया है।

# 11 सूत्री मांगों को लेकर डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने की हड़ताल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के सभी डाटा एंट्री ऑपरेटर बेल्ट्रॉन कर्मी अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर पटना स्थित गर्दनीबाग धरना स्थल पर एकत्र हुए हैं। इस संबंध में बेल्ट्रॉन संघ के सचिव रविंद्र कुमार एवं अध्यक्ष गुड्डू कुमार के नेतृत्व में जिलाधिकारी रवि प्रकाश से उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया, साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी को भी पत्र के माध्यम से सूचित किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि विगत कई वर्षों से बेल्ट्रॉन कर्मी बिहार सरकार से आउटसोर्सिंग व्यवस्था को समाप्त करते हुए सेवा सुरक्षा और स्थायी समायोजन की मांग कर रहे हैं। लगभग 25 वर्षों से राज्य के विभिन्न सरकारी कार्यालयों–मुख्यालय, जिला, प्रखंड एवं अंचल स्तर तक–में लगभग 22,000 आईटी कर्मी राज्य की विकास प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद राज्य सरकार द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बेल्ट्रॉन कर्मियों का कहना है कि सरकार जहाँ एक ओर लाखों रोजगार और सरकारी बहाली की घोषणाएं कर रही है, वहीं वर्षों से कार्यरत आइटी कर्मियों की सेवा सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। इसी दोहरी नीति के विरोध में यह हड़ताल शुरू की गई है। संघ ने स्पष्ट किया है कि जब तक सरकार उनकी मांगों को स्वीकार नहीं करती, तब तक यह हड़ताल अनिश्चितकालीन रूप से जारी रहेगी और कोई भी कर्मी अपने कार्यालय में कार्य नहीं करेगा।




**बेल्ट्रॉन कर्मियों की 11 सूत्री मांगों में**

विगत पत्रों के आलोक में वर्तमान में कार्यरत बल के आधार पर पद सृजित कर समायोजन किया जाए। सेवा समाप्ति से पहले अपील की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। 1 जनवरी 2025 को आधार मानते हुए वेतन पुनरीक्षण किया जाए। 3 एवं 10 वर्ष की सेवा पर क्रमशः ग्रेड-1 और ग्रेड-2 में उत्क्रमण एवं आर्थिक लाभ दिया जाए। सेवा वापसी उपरांत पूर्व मानदेय एवं वरीयता के आधार पर पुनः नियोजन किया जाए। चिकित्सा, आवास, परिवहन व स्थानांतरण भत्ता दिया जाए। गृह जिला में पदस्थापन/स्थानांतरण सुनिश्चित हो। सेवानिवृत्ति पर 20 लाख ग्रेच्युटी दी जाए। मृतक कर्मी के आश्रितों को 20 लाख अनुग्रह अनुदान दिया जाए। मृतक कर्मियों के आश्रितों को योग्यता के आधार पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। सूचना प्रावैधिकी संवर्ग नियमावली बनाकर एकमुश्त समायोजन किया जाए। संघ ने राज्य सरकार से अपील की है कि इन मांगों को गम्भीरता से लेकर तत्काल वार्ता एवं समाधान की दिशा में कदम बढ़ाया जाए, जिससे राज्य की आईटी सेवाओं में उत्पन्न बाधा को समाप्त किया जा सके।

# इस्लामपुर में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)।** इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र में चल रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की समीक्षा को लेकर बुधवार को डीसीएलआर रश्मि कुमारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक उनके कार्यालय कक्ष में हुई, जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। डीसीएलआर ने बैठक के दौरान स्पष्ट किया कि प्रत्येक बीएलओ को अपने क्षेत्र के सभी मतदाताओं से संपर्क स्थापित कर उनके दस्तावेजों का सत्यापन सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं ने गणना फॉर्म भर दिया है, उनसे आवश्यक दस्तावेज लेना अनिवार्य है। साथ ही, जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है, उनके नामों को मतदाता सूची से विलोपित किया जाना है। उन्होंने बताया कि इस्लामपुर विधानसभा क्षेत्र में अब तक लगभग 91 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष कार्य को अगले तीन दिनों के भीतर हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया गया। डीसीएलआर ने यह भी कहा कि यदि किसी बीएलओ को बीएलए का अपेक्षित सहयोग नहीं मिल रहा है तो इसकी सूचना संबंधित अधिकारी को दें। बैठक में एकंगरसराय प्रखंड जदयू अध्यक्ष सर्वेश प्रसाद, जदयू जिला महासचिव आनंद कुमार, जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर राजन कुमार, लोजपा प्रखंड अध्यक्ष शशि कपूर समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग हेतु पीएमईजीपी/पीएमएफएमई विशेष उद्योग कैंप 24 से नवादा में

## मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत ऋण नहीं चुकाने वाले 20 लाभुकों पर कार्रवाई शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिला उद्योग केंद्र, नवादा द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के इच्छुक उद्यमियों के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत तीन दिवसीय विशेष उद्योग स्थापना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 24 जुलाई से 26 जुलाई 2025 तक जिला उद्योग कार्यालय परिसर, नवादा में आयोजित होगा।

इस शिविर के माध्यम से इच्छुक अभ्यर्थियों को बैंक ऋण के साथ अधिकतम 35% तक का अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। नवादा जिले के लिए इस वर्ष पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत 68 और पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत 174 इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन योजनाओं में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के आवेदनों को प्राथमिकता दी जा रही है। पीएमएफएमई योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को राज्य सरकार द्वारा क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी की सुविधा भी दी जाती है। इच्छुक उम्मीदवार फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक, स्टेटमेंट, मशीन कोटेशन एवं मोबाइल नंबर सहित आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में भाग लेकर योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

जिला उद्योग केंद्र ने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के अंतर्गत कुछ लाभुकों ने प्रथम, द्वितीय या तृतीय किश्त प्राप्त करने के बावजूद न तो उद्योग की स्थापना की और न ही ऋण की समय पर अदायगी की है। ऐसे लाभुकों के विरुद्ध बिहार सार्वजनिक मांग वसूली अधिनियम के तहत एकमुश्त वसूली की प्रक्रिया शुरू की गई है। अब तक 20 लाभुकों पर कार्रवाई की जा चुकी है। विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि अब ऋण की किश्तों का भुगतान उद्यमी पोर्टल के ऑनलाइन पेमेंट गेटवे के माध्यम से किया जा सकता है। सभी लाभार्थियों से समय पर किश्तों का भुगतान करने की अपील की गई है, अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## डाटा एंट्री ऑपरेटरों की हड़ताल जारी, प्रमाण पत्र बनवाने आए लोगों को हो रही परेशानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रहुई प्रखंड के विभिन्न विभागों में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटरों की हड़ताल बुधवार को भी जारी रही। हड़ताल के कारण प्रखंड कार्यालय में प्रमाण पत्र बनवाने आए आम लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। नगर पंचायत कार्यालय में भी इसका असर देखा गया, जहां रहीमपुर से जन्म प्रमाण पत्र बनवाने पहुंचे एक व्यक्ति को काम नहीं होने के कारण वापस लौटना पड़ा। डाटा एंट्री ऑपरेटर 17 जुलाई से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर हड़ताल पर हैं। हड़ताली कर्मियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों को सरकार द्वारा पूरा नहीं किया जाता, तब तक वे कार्य पर वापस नहीं लौटेंगे।

# पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का लिया संकल्प

## नवादा में भाजपा विधानसभा कार्यशाला संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा नवादा विधानसभा कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने की। कार्यशाला के मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी त्रिविक्रम नारायण सिंह एवं जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह रहे। कार्यशाला का संचालन नवादा विधानसभा संयोजक व भाजयुमो के जिलाध्यक्ष अभिजीत कुमार सिन्हा ने किया। शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। क्षेत्रीय प्रभारी त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी को बूथ स्तर पर और सशक्त करना है। एनडीए को नवादा की सभी विधानसभा सीटों पर जीत दिलाने के लिए हर मंडल प्रभारी को ज़िम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। जिन मंडलों में अभी पन्ना प्रमुख नहीं बने हैं, वहां इसे शीघ्र पूरा करें। बीएलए-2 की नियुक्ति, 'सरल' ऐप पर कार्यक्रमों की रिपोर्टिंग, एवं हर बूथ पर पांच प्रभावशाली कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।




जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम पर जोर देते हुए कहा कि बीएलओ के सहयोग से सही व अद्यतन मतदाता सूची तैयार कराना आवश्यक है, ताकि हर पात्र मतदाता को उसका अधिकार मिल सके।

जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि चुनाव जीतने की रणनीति तभी कारगर होगी जब पार्टी का हर बूथ संगठित और मजबूत हो। नवनियुक्त मंडल प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रवास कर संगठन को धार देना होगा। कार्यशाला में पूर्व जिलाध्यक्ष सह नालंदा प्रभारी संजय कुमार मुन्ना ने फोकस बूथ और बूथ सशक्तिकरण योजना पर मार्गदर्शन दिया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय पांडेय ने बूथ कार्ययोजना पर, जबकि जिला मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार ने सोशल मीडिया की भूमिका पर चर्चा की। इस अवसर पर जिला महामंत्री अरविंद गुप्ता, नंदकिशोर चौरसिया, विधानसभा प्रभारी विनोद कुमार भोली, कोषाध्यक्ष विश्वास सिंह विशु, उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा, मुकेश कुमार, जिला मंत्री शिव यादव, मीडिया प्रभारी मनीष सिन्हा, जिला प्रवक्ता बिपिन कुमार, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अजित शंकर, पूर्व उपाध्यक्ष माधुरी वर्णवाल सहित कई मंडल अध्यक्ष, महिला कार्यकर्ता एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चंद्रशेखर आजाद व बालगंगाधर तिलक की मनाई गई जयंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बुधवार को वरिष्ठ नागरिक संघ कार्यालय, नवादा में महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बालगंगाधर तिलक और क्रांतिकारी चंद्रशेखर आज़ाद की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र कुमार ने की, जबकि संचालन संयोजक डॉ. सुबोध कुमार ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों ने संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके राष्ट्रनिर्माण में योगदान को याद किया। संयोजक डॉ. सुबोध कुमार ने कहा कि बालगंगाधर तिलक ने स्वराज मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है, और मैं इसे लेकर रहूंगा जैसे नारे के साथ देश में स्वाधीनता आंदोलन की अलख जगाई। उन्होंने गणेश उत्सव को सामाजिक एकता व राष्ट्रीय चेतना का माध्यम बनाया। वहीं, चंद्रशेखर आज़ाद अदम्य साहस के प्रतीक थे, जिन्होंने आज़ादी के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने चंद्रशेखर आज़ाद को राष्ट्र का वीर सपूत बताते हुए कहा कि उनके बलिदान को देश कभी नहीं भूल सकता। वक्ताओं में रामस्नेही सिंह और रामशरण प्रसाद सिंह ने भी दोनों महान विभूतियों के जीवन और संघर्ष पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्रीनाथ प्रसाद सिंह, अर्जुन प्रसाद यादव, बृजमोहन प्रसाद, अवध किशोर प्रसाद सिंह, सरयू प्रसाद वर्मा, मोहन कुमार, गौरीशंकर प्रसाद समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# नवादा में सिपाही भर्ती परीक्षा का तीसरा चरण शांतिपूर्ण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा का तीसरा चरण बुधवार, 23 जुलाई को नवादा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा दोपहर 12 बजे से अपराह्न 2 बजे तक एकल पाली में आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने प्रोजेक्ट कन्या इंटर स्कूल, अभ्यास मध्य विद्यालय, जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल, नगर मध्य विद्यालय, के.एल.एस. कॉलेज एवं कन्हाई इंटर स्कूल सहित कई परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं वीक्षकों को केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने सीटिंग प्लान, तलाशी प्रक्रिया, सीसीटीवी कैमरे, जैमर, वीडियोग्राफी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था का भी जायजा लिया और संतोष जताया। जिले के 23 परीक्षा केंद्रों पर कुल 9331 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिनमें से 7502 परीक्षार्थी उपस्थित हुए, जबकि 1829 अनुपस्थित रहे। परीक्षा बिना किसी अव्यवस्था के शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। इस मौके पर स्थापना प्रभारी डॉ. राजकुमार सिन्हा सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।





# कंप्यूटर ऑपरेटर की लापरवाही से नहीं मिली आवास योजना की किश्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** रजौली नगर पंचायत में पदस्थापित कंप्यूटर ऑपरेटर की लापरवाही के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को प्रथम किश्त की राशि समय पर नहीं मिल पा रही है, जिससे दर्जनों गरीब परिवारों का घर बनाने का सपना अधर में लटक गया है।

सूत्रों के अनुसार, लाभुकों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रजौली नगर पंचायत कार्यालय में ऑनलाइन आवेदन किया था, जिसे स्वीकृति भी मिल गई। योजना के अंतर्गत कुल 2.5 लाख की राशि लाभुकों को मिलनी थी, जिसमें केंद्रांश 1.5 लाख एवं राज्यांश 1 लाख शामिल है। पहली किश्त के रूप में लाभुकों को केंद्रांश से 60,000 और राज्यांश से 40,000 मिलना था। लेकिन कंप्यूटर ऑपरेटर की लापरवाही के कारण किसी लाभुक के खाते में केवल केंद्रांश की राशि पहुंची तो किसी के खाते में केवल राज्यांश ही स्थानांतरित हो सका। कई लाभुकों को अब तक एक भी किस्त नहीं मिली है। ऐसे में न तो वे निर्माण कार्य शुरू कर पा रहे हैं और न ही बरसात के इस मौसम में सुरक्षित आश्रय का इंतज़ाम कर सके हैं। लाभुकों का कहना है कि यदि समय पर 1 लाख की पहली किस्त मिल जाती तो वे मानसून शुरू होने से पहले आवास निर्माण आरंभ कर चुके होते। अब लगातार हो रही बारिश में उनके घर बनाने का सपना टूट चुका है।

इस विषय में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजेश से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। वहीं, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद चंद्रवंशी से भी बात नहीं हो सकी। नगर प्रशासन की चुप्पी और तकनीकी लापरवाही से गरीबों की उम्मीदों को गहरा आघात पहुंचा है। स्थानीय लोगों ने शीघ्र समाधान की मांग की है।

# 14 हजार घरों में पहुंचा शुद्ध पेयजल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत नवादा शहर को गंगा जल आपूर्ति योजना से सतत पेयजल समाधान प्राप्त हुआ है। नवादा नगर परिषद के 17 वार्डों में 13,965 घरों तक प्रतिदिन गंगाजल की आपूर्ति की जा रही है, जिससे नागरिकों को शुद्ध पेयजल सुलभ हो रहा है। गंगाजल की आपूर्ति से भूजल स्तर में सुधार देखा गया है, जो अत्यधिक दोहन के कारण चिंताजनक हो गया था। अब आमजन को पेयजल के लिए निजी बोरिंग या पंपसेट पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है, जिससे बिजली की खपत में भी उल्लेखनीय कमी आई है। गंगाजल अब नवादा के स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान, होटल, रेस्टोरेंट तथा अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में भी पहुंचाया जा रहा है। इससे स्वच्छ जल उपयोग की संस्कृति को बढ़ावा मिला है और जलजनित रोगों में भी कमी आई है। यह योजना नवादा शहर के नागरिकों के लिए एक स्थायी, सुरक्षित और पर्यावरण-संवेदनशील जल स्रोत साबित हुई है। सतही जल के प्रभावी उपयोग से भूजल संरक्षण और जनस्वास्थ्य सुरक्षा को जो लाभ मिल रहा है, वह राज्य सरकार के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहनीय उपलब्धि है।

**विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम**

गंगा जल आपूर्ति योजना के द्वितीय चरण के लिए सभी संबंधित विभागों एवं हितधारकों की समेकित रूप से सैद्धांतिक सहमति प्राप्त हो चुकी है। इस चरण के अंतर्गत मधुवन जलाशय (क्षमता -27 एमसीएस) और डिलीवरी सिस्टर्न का निर्माण, भू-अर्जन कार्य, तथा पंचाने नदी के दूसरे किनारे पर विस्थापितों के पुनर्वासन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा चुकी है। यह सभी बुनियादी कार्य पूरे हो जाने के पश्चात योजना के शेष हिस्से को क्रियान्वयन के लिए आगे बढ़ाया जाएगा, जिससे नवादा नगर के शेष वार्डों एवं आस-पास के क्षेत्रों में गंगाजल आपूर्ति और अधिक प्रभावी एवं व्यापक हो सकेगी।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** छबीलापुर थाना क्षेत्र के बिहार पुलिस अकादमी के पास मंगलवार शाम को दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान खुदागंज थाना क्षेत्र के तकियापर निवासी उदय यादव के 22 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार के रूप में हुई है। हादसे में उसका दोस्त दीपू कुमार गंभीर रूप से जख्मी हुआ है, जिसे पावापुरी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। परिजनों के अनुसार, सौरभ गया जिले के सरबहदा स्थित अपने ननिहाल में रहकर पढ़ाई करता था। हाल ही में उसने स्नातक में नामांकन लिया था। मंगलवार को वह अपने दोस्त दीपू के साथ बिहारशरीफ लौट रहा था, तभी बिहार पुलिस अकादमी के पास सामने से आ रही एक बाइक से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान सौरभ की मौत हो गई। सौरभ की मौत की सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया। छबीलापुर थानाध्यक्ष मुरली आजाद ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेजा गया है।

# स्वच्छता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर नगर निगम की टीम को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्कॉलरशिप एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा नगर निगम गया की टीम को सम्मानित किया गया। यह सम्मान निगम द्वारा स्वच्छता अभियान में बिहार स्तर पर पहला और राष्ट्रीय स्तर पर 27वां स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में दिया गया। सम्मान पाने वालों में मेयर विरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान, डिप्टी मेयर चिंता देवी, पूर्व मेयर और स्टैंडिंग कमेटी सदस्य अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, नगर आयुक्त कुमार अनुराग, वार्ड पार्षद दीपक चंद्रवंशी, डिम्पल कुमार, विनोद यादव, उपेंद्र कुमार सहित निगमकर्मी और सफाई कर्मचारी शामिल हैं। इन सभी को ट्रस्ट की ओर से पुष्पगुच्छ और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट की ओर से यह संकल्प भी लिया गया कि जैसे नगर निगम स्वच्छता के लिए लगातार प्रयासरत है, वैसे ही नागरिकों की भी जिम्मेदारी है कि वे इस अभियान में पूर्ण सहयोग दें और शहर की सफाई बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर संस्था के प्रतिनिधि मुकेश कुमार वर्मा ने कहा कि नगर निगम की टीम ने कठिन परिश्रम और समर्पण के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है, जो गया शहर के लिए गौरव की बात है। स्वच्छता के क्षेत्र में यह प्रदर्शन प्रेरणादायक और सराहनीय है। ट्रस्ट की ओर से कार्यक्रम में मुकेश कुमार वर्मा, प्रभात शंकर सिन्हा उर्फ सुनिल, नवीन बिहारी प्रसाद, सुनील कुमार सिन्हा, राजेश सहाय, अखौरी शैलेंद्र कुमार सिन्हा, कुमार गौरव और विजय कुमार की मुख्य भागीदारी रही।

# आंगनबाड़ी केंद्रों को समय पर संचालन करवाएं : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के डीएम शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में समेकित बाल विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों का सही तरीके से संचालन एवं बच्चों की उपस्थिति के संबंध में विस्तार से सभी सीडीपीओ के साथ बुधवार को बैठक की गई। डीपीओ आईसीडीएस ने बताया कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करवाया जाता है और निरीक्षण प्रतिवेदन सीधे विभागीय पोर्टल पर अपलोड किया जाता है। हर महीने सीडीपीओ द्वारा 40 आंगनबाड़ी केंद्र एवं महिला पर्यवेक्षिका द्वारा 75 केंद्रों की जांच की जानी रहती है। जून माह में सीडीपीओ द्वारा 540 एवं महिला पर्यवेक्षकों द्वारा 4114 की संख्या में आंगनबाड़ी केंद्रों की जांच की गई है। डीएम ने निर्देश दिया है कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को समय पर संचालन करवाये। समय पर पूरी गुणवत्तापूर्ण खाना बच्चों को मिलता रहे, इसे सुनिश्चित करवाये। सभी केंद्रों पर बच्चों की पूरी उपस्थिति सुनिश्चित करवाये जिस केंद्र पर बच्चों की उपस्थिति कम है, उन टोलों में जाकर अभिभावकों के साथ बातचीत करें जागरूक बनाएं ताकि वे अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में भेज सके। डीएम ने सभी सीडीपीओ को निर्देश दिया है कि साप्ताहिक रूप से सभी महिला पर्यवेक्षकों के साथ बैठक करें। ताकि आंगनबाड़ी केंद्रों में जो कमियां है, उसे समाधान करवाया जा सके। बच्चों को पौष्टिक भोजन हर हाल में खिलाये ताकि सभी बच्चों तंदुरस्त रहे। बच्चों के ग्रोथ पर पूरा ध्यान रखें। डीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि जो सेविका/ सहायिका द्वारा सही से आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन नहीं करते हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई करें। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में टॉयलेट एवं नल जल की सुविधा रखें जहां सुविधा नही है उन केंद्रों की सूची उपलब्ध करवाए। हर हाल में सभी केंद्रों में पेयजल व्यवस्था पूरी रहे।

## नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** एसएसबी 29वीं बटालियन गयाजी के कमांडेंट मधुकर अमिताभ के दिशानिर्देश में 29 वीं बटालियन के डी समवाय सलैया के कार्यक्षेत्र में ग्राम-सेवती थाना-सोहेल, जिला-गया एवं बी समवाय कलापहाड़ के कार्यक्षेत्र ग्राम -रामनगर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया जिसमें बटालियन के चिकित्सक डॉ कनन हरिदास, सहायक कमांडेंट (चिकित्सा) के द्वारा ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।इस शिविर का खास बात यह रही की जो लोग शिविर तक आने में असमर्थ थे।उन्हें बाइक एम्बुलेंस से लाकर चिकित्सा के उपरांत पुनः घर तक पहुचाया गया।उपरोक्त स्वास्थ शिविर में स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य जाँच का लाभ प्राप्त किये जिसमे कुल 89 ग्रामीणों (पुरुष-30, महिला-57, और बच्चे-02) का उपचार किया।

## एसएसपी ने चंदौती थाना एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया

**गयाजी।** जिले के एसएसपी आनंद कुमार के द्वारा बुधवार को चंदौती थाना एवं अंचल कार्यालय, चंदौती का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने थाना में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को लंबित मामलों एवं अधिपत्रों के त्वरित निष्पादन तथा थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत एसएसपी द्वारा चंदौती थाना के लिए निर्माणाधीन भवन का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने भवन निर्माण की वर्तमान प्रगति की समीक्षा की एवं बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के पदाधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण कराने तथा पुलिस विभाग की आवश्यकताओं के अनुरूप समुचित सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## एससी/एसटी थाना एवं महिला थाना को नए मॉडल थाना भवन में स्थानांतरित

**गयाजी।** जिले के एससी/एसटी थाना एवं महिला थाना को नए मॉडल थाना भवन में स्थानांतरित किया गया।इस अवसर पर एसएसपी आनंद कुमार के द्वारा सीटी एसपी रामानंद कुमार कौशल, एएसपी ग्रामीण अनवर जावेद, डीएसपी, विधि-व्यवस्था, एससी/एसटी एवं महिला थाना के थानाध्यक्ष, दोनों थाना के सभी पुलिस पदाधिकारी/कर्मी, स्थानीय एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में बुधवार को फीता काटकर नए भवन का उद्घाटन किया गया।आधुनिक सुविधाओं से युक्त इस नवीन भवन में आगंतुकों के लिए उचित बैठने की व्यवस्था, महिला पुलिस पदाधिकारियों हेतु सुरक्षित एवं पृथक आवासीय सुविधा तथा कार्यालय संचालन के लिए आवश्यक सभी संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं।यह भवन पुलिस कार्य के संचालन को और अधिक प्रभावी एवं सुचारू बनाएगा, जिससे आम जनता को बेहतर सेवा और सुरक्षा उपलब्ध हो सकेगी।

# बालू का अवैध खनन कर रहे बाइक के साथ आठ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टिकारी।** टिकारी थाना क्षेत्र के पंचदेवता पुल के समीप से बुधवार को अवैध रूप से बालू का खनन करते आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया। खान निरीक्षक प्रखर प्रज्ञा द्वारा बालू की अवैध खनन करने वाले के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। खान निरीक्षक द्वारा दर्ज कराये गये प्राथमिकी में कहा गया है कि टिकारी थानाध्यक्ष द्वारा गैर व्यवसायिक वाहनों से बालू के खनन की सूचना दी गई थी जिसके उपरान्त खान निरीक्षक और टिकारी थाना की पुलिस की मदद से पंचदेवता पुल के समीप खनन कर रहे आठ लोगों को दुपहिया वाहन के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार लोगों द्वारा बालू खनन से सम्बंधित कोई भी वैध कागजात नहीं दिखाया गया। खान निरीक्षक द्वारा नदी में 60 फीट लंबा व 30 फीट चौड़ा खनन पाया गया। वहीं नदी किनारे दो सौ वर्गफुट में बालू का भंडारण किया हुआ पाया गया। खनन विभाग के अधिकारियों द्वारा टिकारी थाना की पुलिस बल की मदद से आठ लोगों को वाहन सहित गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों की पहचान शेरपुरा पंचदेवता के तेतर बिंद, शैलेश बिंद, छोटू बिंद, रणजीत कुमार, सुजय कुमार, महेंद्र बिंद व दीपू कुमार, बेलागंज थाना क्षेत्र के रिसौद ग्राम के उदय कुमार के रूप में हुई। सभी आठों आरोपियों के विरुद्ध बिहार खनिज नियमावली के सुसंगत धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया व न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया जहां से जेल भेज दिया गया।

## उप चुनाव में निर्विरोध चुनी गई सरोजा देवी को दिलाई शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** नगर परिषद के वार्ड संख्या 20 में हुए उप चुनाव में निर्विरोध चुनी गई सरोजा देवी को बुधवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जिला मुख्यालय से आये अपर समाहर्ता कुमार पंकज ने वार्ड पार्षद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जानकारी हो कि पूर्व के वार्ड पार्षद शशिकांत की मौत के बाद उप चुनाव कराया गया था। उपचुनाव में शशिकांत की मां सरोजा देवी निर्विरोध निर्वाचित हुई थी। शपथ के दौरान मौजूद कार्यपालक पदाधिकारी राजेश झा व मुख्य पार्षद अजहर इमाम ने वार्ड पार्षद को शुभकामना दी व ईमानदारी से क्षेत्र का विकास कार्य में सहयोग करने की अपील की।

## मंत्री नित्यानंद राय से भेंट कर डा. मनीष पंकज मिश्रा ने विष्णु चरण चिन्ह दे कर किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने बुधवार को भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से भेंट कर उन्हें विष्णु चरण चिन्ह अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने श्री राय जी के अनुभव, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रहित में उनके समर्पण की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नित्यानंद राय न केवल एक लोक प्रिय जनप्रतिधि हैं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आंतरिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में भी उनका योगदान अतुलनीय है। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि नित्यानंद राय का राजनीतिक अनुभव, संगठनात्मक दृष्टि और जनता से सीधा संवाद भारतीय जनता पार्टी और एनडीए के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में श्री राय की कुशल रणनीति और मार्गदर्शन से भारतीय जनता पार्टी को भारी जनसमर्थन प्राप्त होगा जिससे एनडीए पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में वापसी करेगा। डॉ. मिश्रा ने जनता से आह्वान किया कि वह नकारात्मक राजनीति करने वाले दलों को दरकिनार कर एक सशक्त बिहार के निर्माण के लिए भाजपा और एनडीए के साथ जुड़ें। यह मुलाकात आगामी चुनावों के लिए एक नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 89 ग्रामीणों की जांच

### सशस्त्र सीमा बल की 29 वीं वाहिनी ने की मानवीय पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** सशस्त्र सीमा बल की 29वीं वाहिनी द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सोहेल थाना क्षेत्र के सेवती गांव और डोभी प्रखंड के रामनगर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह पहल कमांडेंट मधुकर अमिताभ के दिशा-निर्देश में 'डी' समवाय सलैया और 'बी' समवाय कालापहाड़ के कार्यक्षेत्र में की गई स्वास्थ्य शिविर में वाहिनी की ओर से डॉ. कनन हरिदास, सहायक कमांडेंट (चिकित्सा) ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की और जरूरतमंदों को दवाइयां उपलब्ध कराईं। कुल 89 ग्रामीणों– जिनमें 30 पुरुष, 57 महिलाएं और 2 बच्चे शामिल थे–ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर की विशेष बात यह रही कि जो ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्र तक आने में असमर्थ थे, उन्हें बाइक एम्बुलेंस की मदद से घर से लाकर जांच कराई गई और चिकित्सा उपरांत वापस उनके घर पहुंचाया गया। यह प्रयास ग्रामीणों में विशेष सराहना का विषय रहा। स्थानीय लोगों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न सिर्फ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है, बल्कि दूरदराज के क्षेत्रों में जरूरी चिकित्सा सेवाएं भी सुलभ होती हैं। मधुकर अमिताभ के नेतृत्व में सशस्त्र सीमा बल की यह मानवीय पहल ग्रामीण क्षेत्रों में भरोसे और सेवा भावना की मिसाल पेश कर रही है।

# दहेज के लिए नव विवाहिता की हत्या, सास गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** थाना क्षेत्र के देवकली पंचायत अंतर्गत परसोहदा गांव में दहेज के लिए नवविवाहित बीस वर्षीय मनीषा कुमारी पति रंजन मांझी को उसके पति, सास, ससुर, भैंसूर, गोतनी ने मिलकर मंगलवार की रात्रि को कर दिया। उक्त आरोप मृतका की मां वगीया देवी पति विनोद मांझी, ग्राम -अंगरा, थाना-डोभी ने लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करवाई है। प्रभारी थानाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने सूचना मिलते ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पति-रंजन मांझी पिता चंदर मांझी, ससुर चंदर मांझी सहित भैंसूर एवं गोतनी फरार हो गईं। वहीं पुलिस ने सास राजकुमारी देवी को मौके वारदात से गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि मृतका की शादी पिछले वर्ष बीस मई को हुई थी। इस घटना की पुष्टि प्रभारी थानाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह ने किया है।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/558, दिनांक 22.07.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई–निविदा सं.: एसडीएसटीई/टेली/टी/06/25–26/सीएपी।** **कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** सियालदह मंडल में न्यू अलीपुर, जजेस कोर्ट, बर्न स्टैंडर्ड और सियालदह ऑफिसर कॉलोनी जैसे विभिन्न स्थानों पर रेलवे कॉलोनियों में जीपीओएन टेक्नोलॉजी पर हाई स्पीड डेटा कनेक्टिविटी का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु.1,88,92,056.23, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.2,44,500/–, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 06.08.2025, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 20.08.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 20.08.2025 को 14.30 बजे। विवरण **www.ireps.gov.in** से देखा जा सकता है। **तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर–VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म–6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** "कोई भी टेलीकम कार्य जिसमें शामिल हो एमआईएस/एलएएन/डब्ल्यूएएन/हेल्पलाइन/यूटीएस/पीआरएस/एफओआईएस/वैल्यू एडेड एन्क्वायरी सिस्टम/वीडियो एन्क्वायरी सिस्टम/डेटा कनेक्टिविटी/डेटाकॉम इक्विपमेंट/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/वायरलेस कम्यूनिकेशन/सिक्योर्ड कम्यूनिकेशन/वाई–फाई का प्रावधान/टेलीकम कार्य जिसमें शामिल हो कंप्यूटर आधारित एन्क्वायरी सिस्टम।" **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व–सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व–सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे। SDAH-128/2025-26

**निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है**

**हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter**


## लखपति दीदी योजना के अंतर्गत आईआईएम बोधगया में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतीय प्रबंधन संस्थान, बोधगया में लखपति दीदी योजना के अंतर्गत एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया जिसका उद्देश्य लखपति जीविका दीदियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें स्वरोजगार के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करना है। इसके लिए ग्रामीण महिलाओं के व्यक्तिगत वित्त में सुधार, कौशल विकास, साइबर सुरक्षा जागरूकता, मार्केटिंग कौशल और नेतृत्व क्षमता का विकास है। इस प्रशिक्षण में मुजफ्फरपुर, मधुबनी एवं पूर्वी चम्पारण जिलों से स्वयं सहयता समूह से जुड़ी 87 चयनित लखपति जीविका दीदियों ने भाग लिया। जीविका के प्रबंधक मूल्यांकण एवं अनुश्रवण राकेश कुमार ने बताया कि जीविका दीदियों को प्रोफेसर एवं विषय विषेशज्ञों द्वारा उद्यमशीलता की मानसिकता, महिला सशक्तिकरण के लिए नेतृत्व क्षमता विकास, लखपति दीदियों के व्यक्तिगत वित्त में सुधार, मार्केटिंग कौशल, साइबर सुरक्षा और सामाजिक कौशल से संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल तकनीकी प्रशिक्षण देना नहीं था, बल्कि महिलाओं को समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना भी है।जीविका प्रशिक्षण की तारीफ की। उन्होंने कहा हमें बहुत सी जानकारी मिली। समय-समय पर इस तरह के प्रशिक्षण का आयोजन जरुरी है। जिला परियोजना प्रबंधक आचार्य मम्मट यह प्रशिक्षण न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएगा, बल्कि उन्हें अपने समुदाय में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए भी प्रेरित करेगा। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। यह आयोजन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लखपति दीदी योजना को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दिशा में बोधगया में हुआ यह प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण कदम है।

# 25 जुलाई को लगेगा रोजगार शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** श्रम संसाधन विभाग, अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गयाजी की तरफ से बहुउद्देशीय शिक्षण संस्थान, नियर इंडियन गैस एजेंसी, सत्संग नगर शेरघाटी गयाजी में रोजगार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार शिविर में रेट्रोफिट टेक्नोलॉजी प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा 30 पदों के लिए अभ्यर्थियों का किया जाएगा चयन। असिस्टेंट स्लाइसर पद के लिए 30 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। असिस्टेंट स्लाइसर पदों के लिए ज्वाइनिंग लोकेशन आंध्रप्रदेश है। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा सीटीसी 21000 प्रति माह तक का वेतन का भुगतान किया जाएगा। साथ ही पीएफ और ईएसआईसी की सुविधा भी मिलेगा। उक्त रोजगार शिविर में भाग लेने हेतु अभ्यर्थियों की उम्र 18 से 45 वर्ष के बीच होना चाहिए एवं शैक्षणिक योग्यता 12प्द्ध, ऋह्वक्रपास होनी चाहिए।सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि 25 जुलाई 2025 को सुबह 10.30 से 4.00 बजे तक अपना बायोडाटा लेकर बहुउद्देशीय शिक्षण संस्थान, नियर इंडियन गैस एजेंसी, सत्संग नगर शेरघाटी गयाजी में आयोजित होने वाले रोजगार शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले और रोजगार प्राप्त करें।

## सरकारी बस दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद चालक के खिलाफ मामला दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के बेदौली मोड़ के पास सरकारी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद चालक के खिलाफ मामला दर्ज बुधवार को किया गया है। इस हादसे में कई लोगों को मामूली चोटें आईं थीं और एक पोल सहित बस को काफी नुकसान पहुंचा था। यह मामला दर्ज ए एस आई सीताराम यादव के आवेदन पर दर्ज हुआ है। बताया गया है कि गया से आंती आने वाली सरकारी बस नंबर बीआर 01 पीएच 3315 के चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से बस चलाने के कारण बेदौली मोड़ के पास अनियंत्रित होकर बिजली के पोल में टक्कर मारते हुए दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस रोड के चाट के भरे पानी में जाकर फंसा हुआ है और काफी ग्रामीण का भीड़ लगा हुआ है। बस में सवार यात्री को ग्रामीणों के

# यूजीसी नेट - जेआरएफ परीक्षा में सीयूएसबी के 100 से अधिक छात्रों ने बाज़ी मारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** एनटीए द्वारा जून के महीने में आयोजित यूजीसी नेट - जेआरएफ जून 2025 परीक्षा में दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने बाज़ी मारी है।इस राष्ट्रस्तरीय पात्रता यूजीसी परीक्षा में सीयूएसबी के विद्यार्थियों को मिली सफलता पर कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह, कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा के साथ विभिन्न स्कूलों के डीन, विभागों के अध्यक्षों एवं प्राध्यापकों ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बुधवार को बताया कि यूजीसी नेट - जेआरएफ जून 2025 परीक्षा में सीयूएसबी के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन देते हुए कटऑफ अंकों के आधार तीन केटेगरी क्रमशः जूनियर रिसर्च फ़ेलोशिप (जेआरएफ एवं लेक्चरशिप), नेट (असिस्टेंट प्रोफ़ेसर / लेक्चरशिप) एवं पीएचडी में नामांकन के लिए अहर्ता प्राप्त की है। डिपार्टमेंट ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया के दो छात्रों अंजलि कुमारी एवं अच्युत अभिषेक ने जेआरएफ के लिए क्वालीफाई किया है जबकि अरुणव चक्रवर्ती ने पीएचडी में एडमिशन के लिए आहर्ता प्राप्त की है। डिपार्टमेंट ऑफ एनवायर्नमेंटल साइंस के छः छात्रों में क्रमशः मनीषा रानी सिंह, ऋचा कुमारी तथा साक्षी आनंद ने नेट (असिस्टेंट प्रोफ़ेसर) के लिए क्वालीफाई किया है, जबकि रूबल, मेघा कुमारी तथा तृप्ति सुमन ने पीएचडी में नामांकन के लिए कामयाबी हासिल की है। पॉलिटिकल स्टडीज विभाग के चार विद्यार्थियों ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप के लिए उत्तीर्ण किया है जिनमें गिरधर कुमार, दौलत कुमार राय, यशस्वी कुमार और सौम्या तोमर शामिल हैं। वहीं विभाग के कुल 8 विद्यार्थियों ने नेट की परीक्षा पास की है जो क्रमशः संस्कृति, सूरज शर्मा, सुजीत कुमार, ऋतिक राजन, आशीष कुमार, अनुराधा रंजन, निम्मी और दिनेश मल्लाह हैं। इनके साथ पॉलिटिकल स्टडीज विभाग के कई विद्यार्थियों ने केवल पीएचडी में नामांकन के लिए उतीर्णता प्राप्त की। डिपार्टमेंट ऑफ साइकोलॉजिकल साइंसेज से अनिंद्य मिश्रा ने जूनियर रिसर्च फेलोशिप में कामयाबी हासिल की है जबकि महिमा कुमारी, जूही कुमारी तथा मनीष राज ने असिस्टेंट प्रोफेसर (नेट) और प्रमुग्धा प्रिया एवं मोहम्मद शम्मास ईएम ने पीएचडी में नामांकन के लिए क्वालीफाई किया है। डिपार्टमेंट ऑफ सोशियोलॉजिकल स्टडीज के छह छात्रों ने यूजीसी-नेट के लिए अर्हता प्राप्त की है, दीपांजलि ने जेआरएफ के लिए अर्हता प्राप्त की है, जबकि नेट के लिए क्वालीफाई करने वाले छात्र प्रेरणा गौतम, शिवम कुमार, दीपाली कुमारी, अभिषेक वर्मा और बिरल राज हैं। डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स एंड बिज़नेस स्टडीज से जेआरएफ के लिए अमृता सिंह तथा रश्मि पांडे ने क्वालीफाई किया है, नेट में क्रमशः अनिकेत, रोहित भारद्वाज, रहनुमा, अभिनंदन पांडे तथा आदित्य रंजन को कामयाबी मिली है, जबकि पीएचडी प्रवेश के लिए संतु राज एवं अनुष्का आहर्ता प्राप्त की है।स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस से एलएलएम के छात्र वर्षा और प्रियदर्शी रमन ने नेट के लिए योग्यता हासिल की है। डिपार्टमेंट आफ स्टेटिस्टिक्स से तीन छात्रों क्रमशः आशीष राज, आकांक्षा उपाध्याय तथा डी. धनुंजय राव ने यूजीसी-नेट सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया है। डिपार्टमेंट ऑफ टीचर एजुकेशन के एमएड के छात्र किशन बिहारी ने जेआरएफ के लिए आहर्ता प्राप्त की है जबकि सूर्य नाथ हांसदा, अंशू कुमारी तथा पृथा रॉय ने नेट के लिए क्वालीफाई किया है।


**समाहरणालय, गढ़वा**

**(प्रधानमंत्री आवास योजना कोषांग)**

**आदेश**

सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना सं0–1016, दिनांक–01.03.2017 एवं ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक– 2300(अनु0) राँची दिनांक–23.06.2022 के आलोक में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत कार्यालय ज्ञापांक–693 दिनांक–23.06.2025 से विज्ञापन संख्या–01/2025 प्रकाशित करते हुए अभ्यर्थियों से विभिन्न पदों के लिए दिनांक–12.07.2025 तक ऑनलाईन आवेदन प्राप्त किया गया। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों एवं संलग्न प्रमाण पत्रों के आधार पर कम्प्यूटर में विहित प्रपत्र में की गई प्रविष्टि की सूची को गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in पर जारी कर दिया गया है। यदि जारी की गई सूची में किसी अभ्यर्थी को उनके द्वारा भरे गये आवेदन एवं आवेदन के साथ संलग्न प्रमाण पत्र के अनुसार कोई अंकनीय एवं टंकनीय त्रुटि हो तो वैसे अभ्यर्थी अंकनीय एवं टंकनीय सुधार हेतु दिनांक–24.07.2025 से दिनांक–31.07.2025 को अपराह्न 05:00 बजे तक साक्ष्य सहित दावा आपत्ति कर सकते है। दावा आपत्ति निम्नलिखित E-Mail ID के माध्यम से पदवार प्राप्त किया जाएगा।

| क्र0 | पद का नाम | E-Mail ID |
|---|---|---|
| 1 | जिला स्तरीय लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | computeroperatordistrictlevel@gmail.com |
| 2 | प्रखण्ड समन्वयक | blockcgarhwa@gmail.com |
| 3 | प्रखण्ड स्तरीय लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | computeroperatorblocklevel@gmail.com |

अंतिम तिथि के पश्चात किसी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जाएगा। दिए गए E-Mail ID के अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से दावा आपत्ति स्वीकार नही किया जाएगा। दावा आपत्ति में वैसे कोई भी प्रमाण पत्र जो आवेदन के साथ online Uploaded नही है किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नही किए जाऐंगे।

उप विकास आयुक्त,
गढ़वा

PR 357996 Rural Development(25-26)D

संपादकीय

# उलझन में थरूर और कांग्रेस

केरल के तिरूवअनंतपुरम् के कांग्रेस सांसद शशि थरूर और उनकी पार्टी कांग्रेस की स्थिति न उगलते बने और न ही निगलते बने वाली हो गई है। थरूर की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नजदीकी कांग्रेस को चुभ रही है तो थरूर अभी भी पार्टी छोड़ कर सीधे भाजपा का दामन थामने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। शायद उन्हें इस बात का डर है कि कहीं दांव उल्टा न पड़ जाए। वहीं कांग्रेसजन थरूर पर हमला कर रहे हैं, बावजूद इसके पार्टी उन्हें निष्कासित करने का साहस नहीं जुटा पा रही है। फिलहाल पूरा मामला केरल में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में देखा जा रहा है। कांग्रेस और थरूर इसके नफे नुकसान के आईने में ही अपनी चालें चलना चाहते हैं। कभी नर्म नर्म, कभी सख्त सख्त। वाले अंदाज पर अब केरल के एक कांग्रेस नेता ने थरूर पर हमला बोला है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के. मुरलीधरन ने थरूर को चेतावनी देते हुए कहा कि वो अब हमारे साथ नहीं हैं। ढ्ढमुरलीधरन ने कहा कि शशि थरूर को अब कांग्रेस के किसी भी कार्यक्रम में तब तक आमंत्रित नहीं किया जाएगा, जब तक कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा पर अपना रुख नहीं बदलते। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरलीधरन ने यह भी कहा कि कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य थरूर को अब 'हम में से एक' नहीं माना जाता। उन्होंने आगे कहा कि पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व तय करेगा कि थरूर के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाए। उधर कांग्रेस नेता उदित राज ने थरूर को भाजपा का सुपर प्रवक्ता बता दिया। उदित राज का यह बयान थरूर की उस टिप्पणी के बाद आया, जिसमें उन्होंने कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया कि आतंकियों को कीमत चुकानी होगी। जबकि मुरलीधरन द्वारा आलोचना के पीछे शथि थरूर का ताजा बयान था, जिसमें उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा था कि देश पहले है, पार्टी बाद में। कोच्चि में 'शांति, सद्भाव और राष्ट्रीय विकास' पर आयोजित एक कार्यक्रम में थरूर ने कहा कि राजनीतिक पार्टियां सिर्फ एक रास्ता हैं, देश को बेहतर बनाने का जरिया हैं। अगर देश ही नहीं बचेगा, तो पार्टियों का क्या फायदा? इसलिए जब देश की सुरक्षा का सवाल हो, तब सभी दलों को मिलकर काम करना चाहिए। लेकिन कुछ लोग इसे पार्टी से गद्दारी समझ लेते हैं। यही सबसे बड़ी दिक्कत है। राजनीति में मुकाबला चलता रहता है, लेकिन मुश्किल वक्त में सभी को एकजुट होना चाहिए। यही नहीं, इसके पहले थरूर मोदी सरकार की विदेश नीति की तारीफ कर चुके हैं और इमर्जेसी को देश का काला अध्याय बता चुके हैं। कुल मिलाकर थरूर कांग्रेस की तयशुदा पार्टी लाइन से हटकर ही बोलते रहे हैं और पार्टी को लगातार असहज करते रहे हैं। मलयालम अखबार 'दीपिका' में प्रकाशित अपने लेख में थरूर ने कहा कि इमरजेंसी से हमे सबक लेना जरूरी है। उन्होंने नसबंदी अभियान को मनमाना और क्रूर फैसला बताया। अनुशासन और व्यवस्था के लिए उठाए गए कदम कई बार ऐसी क्रूरता में बदल जाते हैं, जिन्हें किसी तरह उचित नहीं कहा जा सकता। शशि थरूर ने यह भी लिखा कि हमे लोकतंत्र को हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह एक बहुमूल्य विरासत है, जिसे लगातार संरक्षित करना जरूरी है। सत्ता को केन्द्रीकृत करने, असहमति को दबाने और संविधान को दरकिनार करने का असंतोष कई रूपों में फिर सामने आ सकता है। इसके बाद हिंदू में प्रकाशित एक लेख में थरूर ने मोदी की तारीफ करते हुए लिखा कि मोदी की ऊर्जा, गतिशीलता और जुड़ने की इच्छा वैश्विक मंच पर भारत के लिए प्रमुख संपत्ति बनी हुई है, लेकिन उन्हें और ज्यादा सपोर्ट मिलना चाहिए। इससे परेशान कांग्रेस ने इसे थरूर की निजी राय बताया था।

# हमारे सामूहिक नैतिक पतन की दास्तान

**हाल ही में ओडिशा के बालासोर में फकीर मोहन ऑटोनॉमस कॉलेज की 20 वर्षीय बीएड छात्रा द्वारा आत्मदाह की घटना ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। पीड़िता ने अपने शिक्षक के खिलाफ कई बार यौन उत्पीड़न की शिकायत की, लेकिन जब उसकी बातें अनसुनी कर दी गईं, तब उसने प्रधानाचार्य कार्यालय के बाहर खुद को आग लगा ली। 90 प्रतिशत जल चुकी यह छात्रा कुछ दिनों में चल बसी, लेकिन उसकी मौत ने कई सवालों को जन्म दिया- क्या हमारी शिकायत निवारण प्रणाली मृतप्राय हो चुकी है? क्या संस्थानों में न्याय पाने की कोई आशा नहीं बची?**

नृपेन्द्र अभिषेक नृप



जब किसी समाज की सबसे संरक्षित और प्रतिष्ठित जगहें शैक्षणिक संस्थान और कार्यस्थल ही असुरक्षा का प्रतीक बन जाएँ, तो यह न केवल एक सामाजिक विफलता है, बल्कि यह उस नैतिक पतन की भी चेतावनी है जो हमारी संवैधानिक आत्मा को झकझोरती है। महिलाएँ, जो इन स्थानों पर ज्ञान, आत्मनिर्भरता और गरिमा की खोज में जाती हैं, यदि वहीं यौन उत्पीड़न, शोषण और हिंसा का शिकार बनें, तो यह सिर्फ कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि समाज के आत्मबोध पर करारा प्रहार है। ओडिशा से कर्नाटक, दिल्ली से बंगाल तक फैली इन घटनाओं की भयावहता और लगातार हो रही पुनरावृत्ति अब यह साबित कर चुकी है कि हमारी 'शरणस्थली' कही जाने वाली संस्थाएँ आज हिंसा के गर्त में धँस चुकी हैं।

हाल ही में ओडिशा के बालासोर में फकीर मोहन ऑटोनॉमस कॉलेज की 20 वर्षीय बीएड छात्रा द्वारा आत्मदाह की घटना ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया। पीड़िता ने अपने शिक्षक के खिलाफ कई बार यौन उत्पीड़न की शिकायत की, लेकिन जब उसकी बातें अनसुनी कर दी गईं, तब उसने प्रधानाचार्य कार्यालय के बाहर खुद को आग लगा ली। 90 प्रतिशत जल चुकी यह छात्रा कुछ दिनों में चल बसी, लेकिन उसकी मौत ने कई सवालों को जन्म दिया- क्या हमारी शिकायत निवारण प्रणाली मृतप्राय हो चुकी है? क्या संस्थानों में न्याय पाने की कोई आशा नहीं बची?

बंगाल के आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज में पिछले वर्ष एक पीजी छात्रा की निर्मम हत्या के बाद भी सुरक्षा को लेकर कोई ठोस सुधार नहीं किया गया। इसके बाद एक लॉ कॉलेज की छात्रा के साथ जून 2025 में सामूहिक बलात्कार हुआ। दिल्ली में एक 9 वर्षीय बच्ची की बलात्कार के बाद हत्या ने फिर से कानून व्यवस्था की बदहाली को उजागर कर दिया। मंगलुरु में दो प्राध्यापकों को छात्रा के साथ बलात्कार के आरोप में गिरफ्तार किया गया। ये सभी घटनाएँ संकेत देती हैं कि अब शिक्षा और कार्य के स्थल यौन हिंसा के अड्डे बनते जा रहे हैं। इन घटनाओं से यह साफ होता है कि आज हमारे देश में पीड़िताओं को न्याय दिलाने वाली प्रणाली लगभग निष्क्रिय हो चुकी है। ओडिशा की छात्रा ने कई बार शिकायत की, यहाँ तक कि वह मुख्यमंत्री कार्यालय तक पहुँची, लेकिन कहीं भी उसे न्याय नहीं मिला। एक जीवन, जो आगे चलकर समाज के निर्माण में योगदान दे सकता था, अकाल मृत्यु का शिकार बन गया, इसकी जिम्मेदारी किसकी है?

यह घटना 'यौन उत्पीड़न से महिलाओं का कार्यस्थल पर संरक्षण अधिनियम, 2013' के कार्यान्वयन की गंभीर खामियों को उजागर करती है। इस अधिनियम के तहत प्रत्येक संस्थान में 'आंतरिक शिकायत समिति' का गठन अनिवार्य है, परन्तु अधिकतर संस्थानों में या तो यह समितियाँ गठित नहीं होतीं या उनका संचालन औपचारिकता मात्र बनकर रह गया है। जब यह समितियाँ निष्क्रिय रहती हैं, तो पीड़िता को न्याय पाने के लिए 'पिलर टू पोस्ट' भटकना पड़ता है।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो की 2022 की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 4,45,256 मामले दर्ज किए गए, जो 2021 की तुलना में 4 प्रतिशत अधिक हैं। इन अपराधों में सबसे अधिक मामले 'पति या रिश्तेदार द्वारा क्रूरता' (31.4 प्रतिशत) के हैं, लेकिन 'महिला की लज्जा भंग करने के इरादे से हमला' 18.7 प्रतिशत और बलात्कार 7.1 प्रतिशत पर हैं। यह आंकड़े केवल दर्ज मामलों के हैं–अनेक मामले तो कभी दर्ज ही नहीं होते, खासकर जब अपराधी कोई प्रभावशाली व्यक्ति हो। अपराधियों में दंड का भय नहीं है, क्योंकि उन्हें पता है कि शिकायतों की सुनवाई या तो होगी नहीं, या इतनी देर से होगी कि पीड़िता थककर चुप हो जाएगी। जब तक हम अपराधियों को त्वरित और कड़ा दंड नहीं देंगे, तब तक 'न्याय की आशा' एक सपना मात्र रहेगी।

2012 में हुए निर्भया कांड ने देश को झकझोर दिया था और सरकार ने तत्क्षण कठोर कानून बनाए। निर्भया फंड की स्थापना हुई, फास्ट ट्रैक कोर्ट बने, और पीड़िता की सुरक्षा एवं पुनर्वास की बातें की गईं। लेकिन आज, एक दशक बाद, हालात में कोई बुनियादी सुधार नहीं दिखता। बलात्कार की शिकार बच्चियाँ, कॉलेजों में उत्पीड़न की शिकार छात्राएँ और कार्यस्थलों पर शोषण झेलती महिलाएँ यह सवाल करती हैं- क्या कानून केवल कागज़ पर हैं? आज भी अधिकतर पीड़िताएँ शिकायत करने से डरती हैं, क्योंकि उन्हें समाज द्वारा बदनाम कर दिए जाने का भय होता है। थाने में उनकी बात नहीं सुनी जाती, और यदि बात सुन भी ली गई, तो न्याय मिलते-मिलते वर्षों बीत जाते हैं।

शैक्षणिक संस्थानों का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक सुरक्षित, नैतिक और प्रेरणादायक वातावरण तैयार करना है। जब शिक्षक ही शोषक बन जाएं, और प्रधानाचार्य उनकी रक्षा करें, तब संस्थान की नैतिकता सवालों के घेरे में आ जाती है।कॉलेजों और विश्वविद्यालयों को आंतरिक शिकायत समिति को सशक्त और स्वतंत्र बनाना चाहिए। समिति में विविधता, विशेषज्ञता और संवेदनशीलता आवश्यक है। छात्राओं को यह विश्वास दिलाना होगा कि वे यदि शिकायत करेंगी तो उन्हें बदले में प्रताड़ना नहीं, बल्कि न्याय मिलेगा। मीडिया की भूमिका इस संकट में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि ओडिशा की छात्रा की आत्मदाह की घटना सुर्खियों में नहीं आती, तो शायद कोई भी उसकी पीड़ा के बारे में न जान पाता। समाज को चाहिए कि वह पीड़िताओं को तिरस्कार की दृष्टि से देखने के बजाय उनके साथ खड़ा हो। सरकार को ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषियों को सजा दिलानी चाहिए। आंतरिक शिकायत समिति की समय-समय पर निगरानी, कार्यस्थलों और कॉलेजों में यौन-शिक्षा और लैंगिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देना, ये सभी प्रयास अनिवार्य हैं।

अब समय आ गया है कि हम केवल कानून बनाकर नहीं, बल्कि समाज में एक नई चेतना पैदा करके इस समस्या से लड़ें। बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से ही लिंग-संवेदनशीलता, सहमति और सम्मान की भावना सिखानी चाहिए। माता-पिता, शिक्षक, प्रशासक, पुलिसकर्मी, हर किसी को यह समझना होगा कि जब कोई लड़की या महिला शिकायत करती है, तो वह न्याय की नहीं, अपने अस्तित्व की गुहार लगाती है।

जब रक्षक ही भक्षक बन जाएँ, तो पीड़िता की चीखें हमारी कानों में गूंजनी चाहिए। एक समाज, जो अपने बेटियों को सुरक्षा नहीं दे सकता, वह प्रगति के किसी भी पथ पर नहीं चल सकता। यौन हिंसा के विरुद्ध न्याय की माँग कोई एक-दो दिन का आंदोलन नहीं हो सकता; यह निरंतर जागरूकता, संवेदनशीलता और कार्यवाही की माँग करता है।

ओडिशा की छात्रा, बंगाल की मेडिकल छात्रा, दिल्ली की 9 साल की बच्ची, ये सभी नाम केवल आँकड़े नहीं हैं, बल्कि हमारे सामूहिक नैतिक पतन की दास्तान हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि अब कोई और बेटी खुद को आग न लगाए, कोई और छात्रा न्याय के लिए भटकते हुए दम न तोड़े। सुरक्षित भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी, जब शैक्षणिक संस्थान और कार्यस्थल वास्तव में शरणस्थली बनें डर और उत्पीड़न के अड्डे नहीं।

इस भयावह परिदृश्य से उबरने के लिए केवल संवेदनाएं व्यक्त करना पर्याप्त नहीं, बल्कि एक बहुआयामी रणनीति अपनाने की आवश्यकता है। सबसे पहले, शिकायत निवारण तंत्र को तकनीकी रूप से पारदर्शी और पीड़िता-केन्द्रित बनाना होगा। हर कॉलेज, विश्वविद्यालय और कार्यस्थल पर 'गोपनीय डिजिटल पोर्टल' की स्थापना की जानी चाहिए जहाँ पीड़िता बिना किसी भय के शिकायत दर्ज कर सके। इन शिकायतों की निगरानी एक स्वतंत्र बाहरी समिति द्वारा की जाए, ताकि संस्था की अंदरूनी राजनीति न्याय में बाधा न बन सके। इसके अतिरिक्त, न्यायपालिका को ऐसे मामलों में 'मूल्य आधारित दृष्टिकोण' अपनाते हुए समयबद्ध न्याय देना होगा। फास्ट ट्रैक अदालतें केवल कागज़ी नहीं, बल्कि क्रियाशील हों, जो दोषियों को जल्द सज़ा देकर उदाहरण प्रस्तुत करें।

अध्यात्म

## मंगलमय पवित्र दान

एक सेठ ने अन्नसत्र खोल रखा था। उनमें दान की भावना तो कम थी, पर समाज उन्हें दानवीर समझकर उनकी प्रशंसा करे यह भावना मुख्य थी। उनके प्रशंसक भी कम नहीं थे। थोक का व्यापार था उनका। वर्ष के अंत में अन्न के कोठारों में जो सड़ा, गला अन्न बिकने से बच जाता था, वह दान के लिए भेज दिया जाता था।प्रायः सड़ी ज्वार की रोटी ही सेठ के अन्नसत्र में भूखों को प्राप्त होती थी। सेठ के पुत्र का विवाह हुआ। पुत्रवधू घर आयी। वह बड़ी सुशील, धर्मज्ञ और विचारशील थी। उसे जब पता चला कि उसके ससुर द्वारा खोले गये अन्नसत्र में सड़ी ज्वार की रोटी दी जाती है तो उसे बड़ा दुःख हुआ।

उसने भोजन बनाने की सारी जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। पहले ही दिन उसने अन्नसत्र से सड़ी ज्वार का आटा मँगवाकर एक रोटी बनायी और सेठ जब भोजन करने बैठे तो उनकी थाली में भोजन के साथ वह रोटी भी परोस दी। काली, मोटी रोटी देखकर कौतुहलवश सेठ ने पहला ग्रास उसी रोटी का मुख में डाला। ग्रास मुँह में जाते ही वे थू-थू करने लगे और थूकते हुए बोले- बेटी ! घर में आटा तो बहुत है। यह तूने रोटी बनाने के लिए सड़ी ज्वार का आटा कहाँ से मँगाया?

पुत्रवधू बोली- पिता जी ! यह आटा परलोक से मँगाया है।

ससुर बोले- बेटी ! मैं कुछ समझा नहीं।

पिता जी ! जो दान पुण्य हमने पिछले जन्म में किया वही कमाई अब खा रहे हैं और जो हम इस जन्म में करेंगे वही हमें परलोक में मिलेगा। हमारे अन्नसत्र में इसी आटे की रोटी गरीबों को दी जाती है। परलोक में केवल इसी आटे की रोटी पर रहना है। इसलिए मैंने सोचा कि अभी से हमें इसे खाने का अभ्यास हो जाये तो वहाँ कष्ट कम होगा।

सेठ को अपनी गलती का एहसास हुआ। उन्होंने अपनी पुत्रवधू से क्षमा माँगी और अन्नसत्र का सड़ा आटा उसी दिन फिंकवा दिया। तब से अन्नसत्र से गरीबों, भूखों को अच्छे आटे की रोटी मिलने लगी।

आप दान तो करो लेकिन दान ऐसा हो कि जिससे दूसरे का मंगल-ही-मंगल हो। जितना आप मंगल की भावना से दान करते हो उतना दान लेने वाले का भला होता ही है, साथ में आपका भी यह लोक और परलोक सुधर जाता है।

दान करते समय यह भावना नहीं होनी चाहिए कि लोग मेरी प्रशंसा करें, वाह-वाही करें। दान इतना गुप्त हो कि देते समय आपके दूसरे हाथ को भी पता न चले।

**मैं भारत का एक नागरिक जो आज़ादी के पॉंच साल बाद पैदा हुआ, अपने देश के राजनीतिक परिदृश्य का एक शब्द चित्र बनाता हूँ और पाता हूँ कि ... मेरे बचपन के दिनों में कॉंग्रेस कपास के फूलों से भरी गर्म रजाई की तरह थी और जिसे ओढ़कर देश की सभी बिरादरियों के लोग गर्माहट महसूस करते थे। मेरी तरह कई लोग इस गर्माहट को आज भी भूले नहीं हैं। उस समय देश में कॉंग्रेस सोसलिस्ट और प्रजा समाजवादी नाम के दल भी बनें। उस समय जनसंघ नाम का एक अल्पज्ञात दल भी अपना दीपक जलाये था।**

# राजनीति : कपास के फूल से कमल के फूल तक

ध्रुव शुक्ल

गैर कॉंग्रेसवाद का नारा सबसे पहले इन्हीं समाजवादी दलों ने लगाया और इनके पढ़े-लिखे नेताओं ने तो यहॉं तक कहा कि वे कॉंग्रेस को हटाने के लिए कोई भी समझौता करने को तैयार हैं। इन्हीं ने जनसंघ के लोगों से मिलकर संविद सरकार बनाने का राजनीतिक खेल भी खेला। देश को सद्भावपूर्ण राष्ट्रीयता का सबक सिखाने वाली कॉंग्रेस की भरी रजाई से ही रुई नोंच-नोंचकर कई तरह के जातिवादी दल अपने गद्दे-तकिए भरवाने लगे थे और इंदिरा जी के राजनीतिक समय में खुद कांग्रेस भी अपनी भरी-पूरी रजाई के दो टुकड़े कर चुकी थी। बाद में तो वह कई तृण-मूलों में बिखरती चली गयी।

जब जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में कॉंग्रेस के ख़िलाफ़ बिहार आंदोलन प्रारंभ हुआ और उनके कुछ आह्वानों से यह संदेह होने लगा कि कहीं देश में अराजकता न फैल जाये, तब इसी कारण आपातकाल लगाने की नौबत भी आयी। जब उन्नीस महीने के बाद आपातकाल हटाया गया तो भांति-भांति के जातिवादी, कौमपरस्त, साम्प्रदायिक दल एक 'जनता पार्टी' नामक तात्कालिक गठबंधन बनाकर देश की सत्ता पर काबिज हो गये। साम्यवादी वामपंथियों ने भी उनका समर्थन किया। वे मात्र ढाई साल में विफल होकर देश के लोगों की नज़रों से गिर भी गये। जनता ने फिर कॉंग्रेस को चुना। जब आतंककारी ताकतें इंदिरा जी के प्राण भी ले चुकीं, तब भी राजीव गांधी के नेतृत्व में कॉंग्रेस आगे बढ़ती रही। फिर राजीव जी के प्राण भी ले लिए गये।

यह देश का दुर्भाग्य ही कहा जायेगा कि जनता के जात-पॉंत में बॅंटे रहने के कारण और उसकी क्षेत्रीय पीड़ाओं के नाम पर वोट बटोरने वाले छोटे राजनीतिक दल बड़ी तादाद में खड़े होकर कॉंग्रेस की सर्वसमावेशी शक्ति को कमजोर करने लगे थे और इन दलों ने ही कॉंग्रेस को सत्ता के स्वार्थी गठबंधनों की तरफ दबाव बनाकर खींचा। वामपंथी दल भी कॉंग्रेस के पिछलगुआ बनकर उभरने लगे। जो कॉंग्रेस देश के दिल को जीतकर शासन चलाती थी, उसे इन वोट के खुदरा व्यापारियों के दलों के दलदल में फॅंसना पड़ा। इन गठबंधनों के मेंढकों को तौलने में अपना समय गॅंवाना पड़ा।

भारत के चुनाव आयोग की सूची में सैकड़ों राजनीतिक दल रजिस्टर्ड हैं। जिनमें से कईयों का हम नाम भी नहीं जानते। उनका यह धंधा ही बन गया है कि राष्ट्रीय दलों में अगड़ों-दलितों-पिछड़ों के नाम पर अपनी राजनीतिक गुमटी कैसे जमाकर रखी जाये। ये राजनीतिक गुमटियॉं कॉंग्रेस को चाहे जब संकट में डालती रही हैं और इसी से लोकतंत्र में फुटकर राजनीतिक सौदेबाजियों का चलन बढ़ा है और अभावग्रस्त दलित-पिछड़ों के दुख आज तक कम नहीं हुए हैं। ये जातिवादी 'मण्डल' के दल इतने अवसरवादी हैं कि 'कमण्डल' में भी अपनी जगह खोज लेते हैं। इनका धर्म निरपेक्ष और समतावादी होने का दावा कितना बेमानी लगता है। देश में अपनी




राजनीतिक महत्वाकॉंक्षा पूरी करने के लिए सत्ताइस दिन के लिए प्रधानमंत्री बनते रहे हैं। कोई छह महीने के लिए बना और कोई साल-डेढ़-साल ही चल पाया।

भारतीय जनता पार्टी ने जब इन राजनीतिक गुमटियों के नेताओं को साथ लेकर और फिर इनका भेद जानकर इनके वोट के खुदरा व्यापार में सेंध लगायी तो ये दल उसके खेमे में खिसकने लगे। सबसे पहले इन मेंढकों को अटल बिहारी वाजपेयी ने पॉंच साल तक किसी तरह तौला। ये दल यही कहते पाये गये हैं कि कांग्रेस और भाजपा तो एक जैसे ही हैं। इसका मतलब यह हुआ कि सत्ता पाने के लिए दोनों बड़े दलों में अपनी जगह बनायी जा सकती है। इन खुदरा दलों की घुसपैठ के कारण इतना बड़ा देश करीब आधी सदी से 'कामन मिनिमम प्रोग्राम' से ही चल रहा है। वह अपनी समृद्धि का कोई बड़ा सपना देख नहीं पा रहा। मैंनें अभी तक वोट के इन खुदरा व्यापारी नेताओं को देश की अर्थनीति, स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था पर कोई गंभीर विमर्श करते हुए नहीं सुना। वे केवल वोट बटोरने के लिए जातियों का नाम स्मरण ही करते रहते हैं। वे उन्हें रोज गिनते रहते हैं कि कहीं उनके लिए कम न पड़ जायें।

कमल के फूल पर राजनीतिक भॅंवरों को मंडराते और उसकी परिक्रमा करते देखकर इस पुष्प के कई नाम याद आते हैं ... राजीव, नीरज, पंकज और जलज भी कमल के ही नाम है। राजीवनयन, नीरजनयना और कमलनयन कहकर इस पुष्प से प्रेम से भरी उज्वल आंखों की उपमा दी जाती है। पानी में उत्पन्न होने से इसे जलज कहा जाता है। पंक (कीचड़) से ऊपर उठकर खिलने से यह पंकज कहलाता है। श्रीमद्भग्वद्गीता में गुण-अवगुण से सने हुए जीवन को समत्व दृष्टि से परखकर राज्यकर्ताओं और प्रजाजनों को राग-द्वेष से ऊपर उठकर कमलपत्रवत निष्काम गुजर-बसर करने की सलाह दी गयी है। राज्यसत्ता और उससे प्रतिबद्ध लोगों का अस्तित्व कमल के पत्ते पर कुछ देर के लिए ठहरी पानी की बूॅंदों की तरह ही होता है। वे अचानक ढरक भी जाती हैं।

कमल योगियों का प्रिय पुष्प भी है। योगी इस पुष्प को आधार मानकर कई रूपक गढ़ चुके हैं। हमारे शरीर में षट्दल कमल की कल्पना योगियों ने ही की है। हमारा हृदय शतदल कमल जैसा है और बुद्धि में बसा हुआ ब्रह्माण्ड सहस्त्रदल कमल की तरह परिकल्पित है। कमल का प्रतीक पंक से ऊॅंचा उठने की कला सिखाता है, उसमें लिथड़ जाने की नहीं। जिस तरह कमल के पत्ते पर पानी की बूॅंद सूर्य के प्रकाश में उज्ज्वल झिलमिलाती है बिल्कुल उसी तरह लोकतंत्र में सबके जीवन को अपने स्वराज्य में झिलमिलाना चाहिए।

राजनीतिक दलों के लोगों को विभेदकारी राजनीतिक प्रपंच के पंक (कीचड़) से ऊपर उठकर और आत्मभाव से सबको अपनाकर राज्य का संचालन कर सकना चाहिए। हाथों को भी कर-कमल की उपमा दी जाती है। देश के समूचे जीवन और उसकी आशा-आकांक्षाओं को आत्मीयतापूर्वक थामने के लिए उजले राजीवनयन और स्वच्छ कर-कमल ही चाहिए।

सृष्टि का रचयिता पंक से उठी कमलनाल के सहारे ही अष्टदल कमल पर विराजमान है। आधुनिक राज्य के रचनाकारों को इस बात की चिंता करना चाहिए कि यह कमल-प्रतीक राजनीतिक पंक में कहीं लिथड़ न जाये। कमल का फूल अपने से अपने में उठकर पाये जाने वाले स्वराज्य का प्रतीक है। वह सबके खिले हुए जीवन का पहचान चिह्न है। उससे केवल वोट नहीं यह बोध भी प्राप्त कर सकना चाहिए कि भारत के लोगों का जीवन भेदभाव रूपी पंक से ऊपर उठकर खिल सके।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

परिवार के बुजुर्गों के साथ आपका तालमेल बेहतरीन रहेगा। घर में धार्मिक आयोजन होने से आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे।

**वृषभ**

घर की देखरेख को आज समय देना पसन्द करेंगे। रोगियों को सेहत का ध्यान रखना चाहिये। नकारात्मक लोग नुकसान पहुँचाने का प्रयास कर सकते हैं।

**मिथुन**

आपको अच्छे कार्यों के कारण पुरस्कार मिल सकता है। दाम्पत्य सम्बन्ध रोमान्टिक हो सकते हैं। करियर के तरक्की के बेहतरीन अवसर आपको मिल सकते हैं।

**कर्क**

आज आप शान्ति से अपना दिन बिताना चाहेंगे। आर्थिक दृष्टिकोण से समय बहुत ही अच्छा है। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था बढ़ेगी।

**सिंह**

कारोबारी यात्रा के लिये जा सकते हैं। वाद-विवाद से आपको बचना चाहिये। कई दिनों बाद प्रेमी जन से मुलाकात होगी। उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे।

**कन्या**

आज आप जिसका हित करने का प्रयास करेंगे हो सकता है वही आपको धोखा दे दे। भूमि-सम्पत्ति विवादों को लेकर थोड़े परेशान रहेंगे।

**तुला**

दाम्पत्य सम्बन्ध काफी रोमान्टिक रहेंगे। आय में वृद्धि होने से आपका आत्मविश्वास भी बढ़ा हुआ रहेगा। मित्रों के साथ आनन्द का समय बितायेंगे।

**वृश्चिक**

नये सम्पर्क विकसित होने से मन प्रसन्न रहेगा। सन्तान को शिक्षा में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। परिजनों के लिये खरीदारी कर सकते हैं।

**धनु**

वैवाहिक सम्बन्ध अत्यन्त मधुर रहेंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा। किसी पॉलिसी में बड़ा पूँजी निवेश कर सकते हैं। मन में परोपकार का हित जागृत होगा।

**मकर**

अनावश्यक कार्यों में धन बर्बाद हो सकता है। माता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कार्यक्षेत्र में कुछ सहकर्मी आपसे ईर्ष्या भाव रख सकते हैं। वैचारिक रूप से थोड़ा कमजोर महसूस करेंगे।

**कुंभ**

कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। शुभ समाचार मिलने से दिन अच्छा रहेगा। काम की अधिकता के बावजूद कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं।

**मीन**

माता-पिता के साथ सम्बन्ध बहुत ही अच्छे रहेंगे। गले में खराश जैसी समस्या हो सकती है। परिवार के छोटे सदस्यों की प्रसन्नता देखकर आप भी प्रसन्न रहेंगे।

# ९० प्रतिशत मतदाता फार्म हो चुके हैं अपलोड

## शेष फार्म की अपलोडिंग में जुटे हैं बीएलओ, डीएम ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अंतिम चरण में चल रहा है। एसआईआर परीक्षण में औरंगाबाद जिले में 90.11 प्रतिशत फार्म एकत्रित कर लिया गया हैं जिसमें 50344 मृतक मिले। वहीं 58787 वोटर दूसरे विधानसभा क्षेत्रों में जा चुके हैं और 9467 मतदाताओं की पहचान नहीं हो सकी हैं। समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने बताया कि अब तक करीब 90.11 प्रतिशत मतदाता फार्म का अपलोडिंग कार्य हो चुका है। बीएलओ शेष



मतदाताओं के भी फार्म संकलित कर अपलोडिंग करने में जुटे हुए हैं। 7.11 प्रतिशत ऐसे वोटर है जो मृत, जिनकी पहचान नहीं हो सकता या फिर कहीं और स्थानांतरित हो गए। उन्होंने बताया कि 2.11 प्रतिशत वोटरों का फॉर्म अभी प्राप्त नहीं हुआ हैं। गोह विधानसभा क्षेत्र में मृत वोटरों की संख्या 7841, जिनकी पहचान नहीं हो सके वोटरों की संख्या 2131, स्थायी रूप से दूसरे जगह जाने वाले वोटरों की संख्या 9511 और जो पहले से नामित वोटर हैं, उनकी संख्या 2590 हैं। इसी तरह ओबरा विधानसभा में मृत वोटरों की संख्या 10227 , जिनकी पहचान नहीं हो सके वोटरों की संख्या 1526, स्थायी रूप से दूसरे जगह जाने वाले वोटरों की संख्या 7961 और जो पहले से नामित वोटर हैं, उनकी संख्या 2708 हैं। नवीनगर विधानसभा में मृत वोटरों की संख्या 8664, जिनकी पहचान नहीं हो सके वोटरों की संख्या 1716, स्थायी रूप से दूसरे जगह जाने वाले वोटरों की संख्या 10250 और जो पहले से नामित वोटर हैं, उनकी संख्या 3242 हैं। कुटुंबा विधानसभा में मृत वोटरों की संख्या 7812, जिनकी पहचान नहीं हो सके वोटरों की संख्या 1246, स्थायी रूप से दूसरे जगह जाने वाले वोटरों की संख्या 9163 और जो पहले से नामित वोटर हैं, उनकी संख्या 2894 हैं। औरंगाबाद विधानसभा में मृत वोटरों की संख्या 6289 , जिनकी पहचान नहीं हो सके वोटरों की संख्या 1066, स्थायी रूप से दूसरे जगह जाने वाले वोटरों की संख्या 10185 और जो पहले से नामित वोटर हैं, उनकी संख्या 2060 हैं। रफीगंज विधानसभा में मृत वोटरों की संख्या 9531 , जिनकी पहचान नहीं हो सके वोटरों की संख्या 1782, स्थायी रूप से दूसरे जगह जाने वाले वोटरों की संख्या 11717 और जो पहले से नामित वोटर हैं, उनकी संख्या 3833 हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के पहले चरण के पूरा होने के बाद 1 अगस्त को मतदाता सूची का मसौदा या संशोधित रूप प्रकाशित किया जाएगा। यदि संशोधित मतदाता सूची में कोई त्रुटि है, तो मतदाता 1 सितंबर तक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों के पास आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की हैं कि जिन्होंने बीएलओ को फॉर्म नहीं दिया है, वे 26 जुलाई के पहले जमा कर दे। हमारा कोई भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली मौजूद रहे।

## जिलास्तरीय अभिसरण सह बिल्डिंग ब्लॉक आधारित कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिला ग्रामीण विकास अभिकरण स्थित शहीद विद्या भवन सभागार में जिलास्तरीय अभिसरण सह बिल्डिंग ब्लॉक आधारित लर्निंग एवं शेयरिंग कार्यशाला का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसका उद्देश्य जिले में जल, स्वच्छता एवं जलवायु परिवर्तन के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाना रहा। कार्यशाला का शुभारंभ डीडीसी गुंजन सिन्हा, डीआरडीए निदेशक मनोरंजन कुमार पाण्डेय द्वारा जल संरक्षण की सामूहिक प्रतिबद्धता के प्रतीक रूप में मिट्टी के घड़े में जल डाल कर किया। वॉटर फॉर पीपुल इंडिया के तकनीकी सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला में जल-स्वच्छता के 9 बिल्डिंग ब्लॉक के आधार पर जिले की प्रगति का विश्लेषण किया गया। कार्यशाला में पंचायती राज, पीएचईडी, स्वास्थ्य, शिक्षा, मनरेगा, कृषि, जल-जीवन-हरियाली मिशन, जिला विकास मिशन, नमामि गंगे एवं अन्य विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर समूह चर्चा के माध्यम से स्थानीय चुनौतियों और बेहतरीन प्रयासों को साझा किया। सभी सूचनाओं के आधार पर हितधारकों को एक संयुक्त कार्य योजना भी साझा की जाएगी, जिससे जिले में सिस्टम स्ट्रेंथनिंग को नई दिशा मिलेगी। समापन जिला समन्वयक रंजय कुमार जिला जल एवं स्वछता समिति द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। वही कार्यशाला को सफल बनाने में फ़ैयाज़ इक़बाल, अभिषेक कुमार, रौशन कुमार व अमित सिंह (नमामि गंगे) उपस्थित रहे।

## विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**मंसूरचक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रा. उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय मकदमपुर में पदस्थापित शिक्षक कृष्ण कुमार को उच्च विधालय नीमा व संजीत कुमार को उच्च विधालय सिमरिया 2 में प्रधानाध्यापक पद के लिए स्थानांतरण होने को लेकर विद्यालय परिवार की ओर से विदाई सह-सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भावनात्मक माहौल में विद्यालय के प्रधानाचार्य सज्जन कुमार झा व ब्रजेश कुमार ने अंग वस्त्र, देकर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक सज्जन झा ने की। ग्रामीण ब्रजेश कुमार ने कहा कि ष्ण कुमार व संजीत कुमार एक कर्मठ, अनुशासित एवं छात्र हितैषी शिक्षक रहे हैं. उनकी सेवा भावना, शिक्षण कौशल तथा सहयोगी स्वभाव की जितनी भी सराहना की जाये कम है।

## मध्य विद्यालय धनगाई जर्जर भवन में संचालित, तीन प्रमुख विषयों की पढ़ाई ठप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले के बारुण प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय धनगाई की स्थिति चिंताजनक है। पांच सौ नामांकित छात्रों वाले इस विद्यालय में मात्र पांच कमरे हैं, जिनमें से तीन खपड़ैल भवन जर्जर हालत में हैं। बरसात के दिनों में पानी रिसने के कारण शिक्षण कार्य बुरी तरह प्रभावित होता है। वहीं, विषयवार शिक्षकों की भारी कमी के कारण छठे से आठवें वर्ग तक हिंदी, अंग्रेज़ी और संस्कृत जैसे महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि कुल सात शिक्षक हैं, लेकिन इनमें कोई भी उक्त तीन विषयों के लिए नियुक्त नहीं है। छात्र स्वीटी, मुनि और पिंकी ने बताया कि इन विषयों की पढ़ाई लंबे समय से नहीं हो रही, जिससे उन्हें शैक्षणिक नुकसान हो रहा है। स्थिति यह है कि कक्षा एक और दो को एक ही कमरे में पढ़ाया जाता है, जबकि तीन और चार को दूसरे कमरे में, पांचवीं को तीसरे, छठी और सातवीं को चौथे कमरे में तथा आठवीं कक्षा को पांचवें कमरे में समायोजित किया गया है। विद्यालय कार्यालय भी एक जर्जर कमरे में संचालित हो रहा है। छात्रों की बड़ी संख्या और सीमित कक्षों के कारण कई बार बरामदे और खुले स्थानों पर पढ़ाई करनी पड़ती है। बरसात में कीचड़युक्त रास्ता, जो नहर कटाव से और संकुचित हो चुका है, छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए परेशानी का सबब बन चुका है। विद्यालय परिसर में चारदीवारी का अभाव भी चिंता का विषय है, क्योंकि असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है, जिससे शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होता है।
प्रधानाध्यापक मिथलेश पासवान ने बताया कि कमरों की कमी और भवन की जर्जरता की जानकारी कई बार अधिकारियों को दी गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नरेश कुमार ने कहा है कि जहां भवनों की आवश्यकता है, वहां निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी और विद्यालय का नाम इस सूची में नामित किया जा चुका है।

## कॉलेज में व्याप्त समस्या के निदान तक होगा आंदोलन : आलोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरौनी इकाई के द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ बुधवार को एपीएसएम कलेज बरौनी में आक्रोश मार्च निकाला गया। इस आक्रोश मार्च का नेतृत्व कलेज मंत्री अंकित कुमार एवं कलेज सह मंत्री अनन्या कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। आक्रोश मार्च की शुरुआत स्वामी विवेकानंद युवा भवन से शुरू होकर कला भवन विज्ञान भवन होते हुए मुख्य द्वार पर जा कर सभा में तब्दील हो गयी। सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेगूसराय के विभाग संयोजक सह एलएनएमयु छात्र संघ अध्यक्ष आलोक ने कहा की विश्वविद्यालय




प्रशासन लगातार छात्रों को मानसिक और शारीरिक, आर्थिक प्रताड़ना करने का काम कर रही है। विश्वविद्यालय में लगातार छात्रों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है वर्तमान में स्नातक तृतीय खंड व ग फोर्थ सेमेस्टर के रिजल्ट में बड़े पैमाने पर छात्रों को फेल प्रमोटेड अब्सेंट कर दिया गया है और जो साफ दर्शाता है कि रिजल्ट में जानबूझकर विश्वविद्यालय प्रशासन के मिली भगत से गड़बड़ी की जाती है ताकि उनको विश्वविद्यालय का चक्कर काटना पड़े और उनका आर्थिक शोषण किया जा सके। विगत वर्षों में विश्वविद्यालय में एक भी ऐसा रिजल्ट प्रकाशित नहीं हुआ है। जिसमें कोई गरबरी नहीं हुई हो एवं विश्वविद्यालय के द्वारा दलालों के मिलीभगत से छात्र छात्राओं का आर्थिक शोषण करने का काम किया जा रहा है। लेकिन विद्यार्थी परिषद बर्दाश्त नहीं करेगी। वहीं मौके पर जिला सोशल मीडिया संयोजक विकास झा ने कहा की लगभग सभी परीक्षा परिणाम में व्यापक त्रुटि के अविलंब सुधार एवं डाटा सेंटर की मनमानी रोकने हेतु 26 जुलाई को मिथिला विश्वविद्यालय परिसर में आंदोलन होगा। मौके पर नगर सह मंत्री सोनू कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय आंदोलन में बेगूसराय से सैकड़ों कार्यकर्ता आंदोलन में भाग लेंगे। मौके पर कलेज उपाध्यक्ष अमन मोहन साहिल मिश्रा राज कुमार अभिनव आनंद आदित्य मिश्रा अनिकेत सूरज बादल ष्णा सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पंचायतों में नहीं हुआ खेल क्लब का गठन, समय सीमा समाप्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड के एक भी पंचायत में खेल क्लब का गठन नहीं हुआ है। सरकार द्वारा पिछले वर्ष ग्राम पंचायत और नगर पंचायत में खेल क्लब के पदाधिकारी का चुनाव कर इसके गठन का निर्देश दिया गया था। जिसका उद्देश्य युवाओं के प्रतिभा को खेल के माध्यम से उभारना था। खेल क्लब में एक अध्यक्ष, एक सचिव और एक कोषाध्यक्ष का चुनाव कराना था। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना के द्वारा निर्धारित पोर्टल पर इसके लिए उक्त पदों के लिए अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन करना था। मिली जाकरारी के अनुसार मात्र गोपीछपरा और मच्छरगावां पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए एक एक आवेदन किया गया। ऐसे में खेल क्लब के गठन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। खेल क्लब में जिन खेलों का संचालन होना है उसमें एथलेटिक्स, कबड्डी, वॉलीबॉल, कुश्ती, फुटबॉल, टेबल टेनिस, बॉक्सिंग आदि शामिल है। दूसरी ओर बताया गया है कि खेल क्लब के पदो के लिए जरूरी है कि संबंधित उम्मीदवार को खेल में रुचि हो, वह पूर्णता स्वस्थ हो और उसकी अपराधी छवि नहीं हो। इसके लिए निर्धारित चुनाव प्रक्रिया 3 जुलाई 2025 से 7 जुलाई 2025 तक संपन्न कराना था। जिलाधिकारी ने इस आशय का पत्र सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और पंचायती राज पदाधिकारी को प्रेषित किया था।

## सीओ को जान से मारने की मिली धमकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** अंचलाधिकारी भाई बीरेंद्र को लगातार उनके ऑफिस में आकर जान से मार देने का धमकी दिया गया है। अंचलाधिकारी ने जान माल की सुरक्षा को लेकर वीरपुर पुलिस से गुहार लगाई है। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी अंचलाधिकारी ने लिखित रूप से थाना में दिया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि थाना क्षेत्र के वीरपुर पश्चिम गांव निवासी मोहन राय के पुत्र महावीर राय मंगलवार को दोपहर दो बजे के करीब में ऑफिस में आकर अंदर से गेट बंद कर दिया और आक्रमक रूप से गमछा से कुछ निकालने लगा। जिससे मैं डर गया। किसी तरह अंचलाधिकारी भाई बीरेंद्र ने ऑफिस का जबरदस्ती दरवाजा खोला एवं ढंग से अपनी समस्या को रखने को कहा। लेकिन वो आक्रमक तरीके से धमकी देने लगा कि किसी को फोन करोगे तो खून कर देंगे। साथ ही उन्होंने बताया कि करीब एक महीने पहले भी महावीर राय और उनका भाई जुगल किशोर राय शाम के करीब पांच बजे चैंबर का दरवाजा खोल कर गाली गलौज करते हुए निकल गया। निकलने के दौरान वो ये बोल रहा था कि काम नहीं करोगे तो खून कर देंगे। मामले को गंभीरता से लेते हुए आवेदन के आलोक में मामले को दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## बिजनेस के नये आइडिया के साथ जिलेवासी कर सकते हैं आवेदन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर के मुख्यालय आरा स्थित गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में 29 जुलाई को 10 बजे से बिहार आइडिया फ़ेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर जिला उद्योग केन्द्र भोजपुर द्वारा लगातार प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इस क्रम में बुधवार को जीविका कार्यालय में मधु कुमारी महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, निखिल कश्यप परियोजना प्रबंधक के द्वारा बैठक कर इस योजना के बारे में जानकारी साझा किया गया। इस दौरान जीविका से जुड़े सदस्यों, जीविका दीदियों को इस कार्यक्रम से जुड़कर लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर डीपीएम वरुण कुमार, एमएसएमई मित्रा नीरज कुमार समेत अन्य मौजूद थे। उधर, वीकेएसयू अंतर्गत प्राकृत एवं जैन शास्त्र विभाग में उद्योग विस्तार पदाधिकारी स्वेता कुमारी के द्वारा उपस्थित छात्र और छात्राओं को जागरूक करते हुए इस योजना के बारे में बताया गया। मौके पर एमएसएमई मित्रा बंटी कुमार, डीआरपी सौरभ कुमार, विवेक कुमार समेत डा अंकिता मिश्रा संस्कृत विभाग स्नातकोत्तर, प्रो दूध-नाथ चौधरी प्राकृत, डा शशि भूषण इतिहास, डा रामधनी राम, डा अमित कुमार और काफी संख्या में छात्र व छात्राएं मौजूद थे। बिहार आइडिया फ़ेस्टिवल को लेकर मधु कुमारी ने बताया कि इस महोत्सव का मुख्य उद्देश्य छात्रों, शिल्पकारों, महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों, जीविका समूहों, किसानों तथा सूक्ष्म उद्यमियों से लगभग 10 हजार नवाचारी बिज़नेस आइडिया प्राप्त कर उन्हें संकलित करना है। कहा कि इसके माध्यम से स्टार्टअप संस्थापकों की पहचान कर उन्हें पूंजी, मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया कवरेज प्रदान किया जाएगा। उन्होंने युवाओं/ युवतियों और नागरिकों से नवाचार पर आइडिया के साथ इस योजना का लाभ लेने की अपील किया है। बताया कि विभिन्न महाविद्यालयों, शिक्षण संस्थानों आदि में जा जाकर इसका प्रचार प्रसार किया जा रहा है। बता दें कि बिहार आइडिया फ़ेस्टिवल का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण में जिलास्तर, दूसरे चरण में प्रमंडल स्तर और तीसरे चरण में राज्य स्तर पर अगस्त 2025 में मेगा इवेंट होगा। इस कार्यक्रम के तहत आवेदन प्रक्रिया 14 जुलाई से शुरू हो चुकी है। इसका लाभ लेने के लिए इच्छुक उद्यमी आवेदन कर सकते हैं। उद्योग विभाग और योर स्टोरी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में बिहार आइडिया फ़ेस्टिवल का आयोजन बिहार के सभी जिलों में 24 से 29 जुलाई 2025 तक किया जा रहा है। इस क्रम में भोजपुर में भी 29 जुलाई को यह कार्यक्रम आयोजित होगा।

## किसान को उचित मूल्य पर मिले खाद : बीडीओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** प्रखंड कृषि कार्यालय बरौनी के सभागार में आयोजित प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक हुई जिसमें खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी बरौनी अनुरंजन कुमार ने कहा किसी भी स्थिति में किसानों को उर्वरक का अधिक मूल्य नहीं देना पड़े और जो सरकार का निर्धारित मूल्य है उसी मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध हो, इसकी जवाबदेही तय करनी होगी। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष शंभू कुमार सिंह ने भी किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने की बात की। सरकार किसानों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत खाद उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी बरौनी आयुष सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में उर्वरक उपलब्ध है। किसी प्रकार की उर्वरक की कोई कमी नहीं है। उनके द्वारा सभी को यह आश्वस्त किया गया कि खरीफ फसल में किसानों को उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध रहेगा और जितना हो सकता है किसानों को किसी प्रकार की उर्वरक से संबंधित कोई दिक्कत नहीं होगी। बैठक में बीस सूत्री उपाध्यक्ष यशस्वी आनंद, प्रखंड उप प्रमुख रूपम सिंह, विधायक प्रतिनिधि प्रहलाद कुमार, पूर्व सरपंच सुरेन्द्र सिंह, ऊर्वरक खुदरा विक्रेता संघ बरौनी के अध्यक्ष शिव कुमार पोदार, प्रखंड उद्यान पदाधिकारी बरौनी सुगंधी कुमारी बीटीएम आरती यादव, कृषि समन्वयक निकेश कुमार, नवीन कुमार सिंह, राज किशोर सिंह, राकेश कुमार, किसान सलाहकार संतोष कुमार चौधरी, मकरंद कुमार, राकेश कुमार, संजय कुमार, सहित बरौनी प्रखंड के सभी खुदरा उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे। मंच संचालन सहायक तकनीकी प्रबंधक के कुंदन कुमार ने किया।

## जीविका दीदी की रसोई का शुभारंभ

**मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्य सरकार से प्राप्त निर्देश पर जिला प्रशासन मोतिहारी जीविका को सशक्त बनाने के लिए संकल्पित है। इसी कड़ी में पुलिस लाइन मोतिहारी में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा जीविका दीदी की रसोई का शुभारंभ किया गया। इस रसोई में कुल 552 लोगों को सुबह में नाश्ता और दोनों टाइम का भोजन बनाकर खिलाने के लिए कुल 50 जीविका दीदी का चयन किया गया है। चयनित दीदियों ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को धन्यवाद दिया एवं समय पर शुद्ध भोजन बनाने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर डीपीएम जीविका भी उपस्थित थे।

## सीनेट चुनाव : नामांकन प्रक्रिया में आई तेजी, 13 पदों के लिए 10 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में सीनेट चुनाव को लेकर बुधवार को नामांकन प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है। विश्वविद्यालय सीनेट के 13 पदों के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 24 जुलाई निर्धारित की गई है, जबकि प्रक्रिया 19 जुलाई से प्रारंभ हो चुकी है। बुधवार, 23 जुलाई को कुलसचिव सह मुख्य निर्वाची पदाधिकारी डॉ. घनश्याम राय के कार्यालय में कुल 10 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। अंगीभूत महाविद्यालयों के शिक्षक वर्ग से जिन प्रमुख शिक्षकों ने पर्चा भरा, उनमें शामिल हैं- प्रो. भवेश चंद्र पाण्डेय, अध्यक्ष, अंग्रेजी विभाग, जेआरएस कॉलेज, जमालपुर, मुकेश कुमार, सहायक प्राध्यापक व विभागाध्यक्ष, स्नातकोत्तर सामाजिक विज्ञान, जमालपुर कॉलेज, गोपाल प्रसाद चौधरी, अध्यक्ष, भौतिकी विभाग, आरडी एंड डीजे कॉलेज, डॉ. मिथिलेश कुमार, सहायक प्राध्यापक, इतिहास विभाग, कोशी कॉलेज, खगड़िया, डॉ. जयनंदन सिंह, सहायक प्राध्यापक, गणित विभाग, कोशी कॉलेज, खगड़िया, श्याम कुमार, सहायक प्राध्यापक, इतिहास, बीआरएम कॉलेज, डॉ. सविता कुमारी, सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र विभाग, आरएस कॉलेज, तारापुर – एकमात्र महिला प्रत्याशी
सम्बद्ध महाविद्यालय शिक्षक वर्ग से, डॉ. राजीव नयन (एसबीएन कॉलेज, गढ़ीरामपुर) ने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया। शिक्षकेतर कर्मियों की श्रेणी में, जेआरएस कॉलेज जमालपुर के श्री बिनोद राउत और बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ के प्रक्षेत्रीय अध्यक्ष श्री गूंजेश कुमार सिंह ने भी नामांकन किया। पूरे नामांकन कार्य को शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. देवराज सुमन, जनसंपर्क पदाधिकारी प्रिय रंजन तिवारी, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. अंशु कुमार राय, अवधेश कुमार सिंह, राजू राउत, तन्मय मनीष, एवं प्रिंस कुमार की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। सीनेट चुनाव को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल है, वहीं प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ जीत को लेकर आश्वस्त नजर आए।

## एक नजर

### उमाशंकर बने प्रदेश अध्यक्ष

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत सरकार के पूर्व मंत्री व सांसद उपेंद्र कुशवाहा के निर्देश पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा बिहार के प्रभारी प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी ने प्रसिद्ध गायक एवं गीतकार मोतिहारी के घोड़ासहन निवासी उमाशंकर जयसवाल को रालोमो सांस्कृतिक प्रकोष्ठ बिहार का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। विदित हो कि श्री जयसवाल इसके पहले समता पार्टी में सांस्कृतिक प्रकोष्ठ बिहार का प्रदेश अध्यक्ष रह चुके है। श्री जयसवाल ने विभिन्न दलों के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के सैकड़ों नेताओं के चुनावी गीत बना चुके है.इनके मनोनयन पर बधाई देने वालो में पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं बिहार राज्य नागरिक परिषद के उपाध्यक्ष माधव आनंद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व एमएलसी रामेश्वर कुमार महतो, पूर्व विधायक प्रोफ़ेसर डॉक्टर रणविजय सिंह, जितेंद्र नाथ पटेल, राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता फजल इमाम मल्लिक, नरेंद्र मिश्रा, डॉ रामकुमार मेहता, रेखा गुप्ता, अखिलेश्वर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष व खाद्य आयोग बिहार के सदस्य अंगद कुशवाहा, संसदीय बोर्ड बिहार के अध्यक्ष आलोक सिंह, मुख्यालय प्रभारी व प्रदेश महासचिव प्रशांत पंकज, सुभाष चंद्रवंशी, प्रदेश महासचिव व प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा, बृजेन्द्र पप्पू, राहुल कुमार, अख्तर नेहाल, नीतिन भारती, हिमांशु पटेल, अशोक राम, स्मृति कुमुद, ठाकुर धर्मेंद्र सिंह, डॉक्टर दीपक कुमार, रामपुकार सिन्हा आदि का नाम शामिल है।

### मदरसा में पढ़ने गया बच्चा लापता

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अपने घर से 18 जुलाई की शाम गांव के ही मदरसे में पढ़ने गया दस वर्षीय बच्चा का गायब होने का मामला थाना क्षेत्र के बकुलिया गांव में सामने है.मामले को लेकर सम्बंधित गांव निवासी व बच्चे के पिता जकाऊलाह शेख ने घटना को ले कर थाने में एक आवेदन दिया है जिसमें उसने बताया है कि मेरा लड़का सेजाउलाह जो गांव के ही मदरसा में लगभग चार महीने से रह के पढ़ता था.इसी बीच 18 जुलाई की सुबह घर आया और पुनः उसी दिन चार बजे मेरा बेटा मदरसा जाने की बात कह कर मदरसा में चला गया लेकिन मेरा बेटा मदरसा में नहीं पहुंचा इसी बीच 19 जुलाई को मदरसा के कारी साहेब ने तीन लड़कों को मेरे घर भेजा और पूछा कि आपका लड़का मदरसा क्यूं नहीं आ रहा है। जैसे ही मुझे जानकारी मिली मै दंगा रह गया और मै मदरसा पहुंचा तो कारी साहेब द्वारा जानकारी मिली कि आपका लड़का मदरसा में नहीं आया है। इधर पुलिस ने बताया कि मामले में आवेदन मिला है जांच पड़ताल की जा रही है।

### गायत्री देवी को वार्ड पार्षद की दिलाई गई शपथ

**मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगर पालिका) सह - जिलाधिकारी मोतिहारी सौरभ जोरवाल के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 की धारा 15 एवं बिहार नगर पालिका निर्वाचन नियमावली 2007 का नियम 112 के अंतर्गत श्रीमती गायत्री देवी को मोतिहारी नगर निगम वार्ड संख्या 6 क्षेत्र से वार्ड पार्षद पद की शपथ दिलाई गई। ज्ञातव्य है कि वार्ड संख्या 6 के लिए उपचुनाव 28 जून 2025 को एवं मतगणना 30 जून को निर्धारित थी परंतु गायत्री देवी ने निर्विरोध ही जीत दर्ज की थीं।

### गायब लड़की बरामद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने विभिन्न गांवों से गायब लड़की को बरामद किया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि बरामद लड़की के परिजनों ने इसकी लिखित शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। तकनीकी अनुसंधान के आधार पर दोनों को बरामद कर बीएनएस 180 के तहत बयान दर्ज कराने हेतु न्यायालय में उपस्थापित किया गया।

### साइकिल सवार को ट्रक ने मारी टक्कर

**संदेश /भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र के फुलाड़ी गांव के समीप स्टेट हाईवे 81 पर अनियंत्रित ट्रक ने साईकिल सवार में टक्कर मार दिया। जिसमें फुलाड़ी गांव निवासी 12 वर्षीय सत्यम कुमार उर्फ दुली जख्मी हो गया। वह शिवजी सिंह का पुत्र था। घटना को लेकर ग्रामीणों ने स्टेट हाइवे को 7 घंटा तक जाम कर दिया। जाम सूबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक रहा। बाद में संदेश के बीडीओ चंदन कुमार, थानाध्यक्ष संतोष कुमार व अजीमाबाद थानाध्यक्ष के समझाने बुझाने व इलाज खर्च मिलने के बाद जाम हटाया गया। बताया जा रहा कि सत्यम साईकिल से सुबह 9 बजे मध्य विद्यालय फुलाड़ी जा रहा था। अनियंत्रित ट्रक ने साईकिल सवार सत्यम को जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें उसका दाहिना पैर जख्मी हो गया। आनन फानन में उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। उसी घटना के बाद ग्रामीण उग्र हो गये। सड़क को जाम कर दिया।

### जलजमाव से डायरिया फैलने के आसार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ प्रखंड के 6 पंचायतों में आए बाढ़ का पानी अब धीरे-धीरे निकलने लगा है। लेकिन बाढ़ के पानी के बाद अब कई गांव में डायरिया एवं अन्य बीमारियों का खतरा भी मंडरान लगा है। जिसको लेकर धनरूआ प्रखंड प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग को सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधित दिशा निर्देश दिए गए हैं। वही अंचलाधिकारी श्वेता कुमारी ने बताया कि धनरूआ में आए बाढ़ के पानी से क्षतिग्रस्त हुए तटबंध, अलंग सड़क की मरमती युद्ध स्तर पर कर ली गई है। जिसमें सीताचक, कुशबन, दौलता, हासापुर, ओरियारा, देवकली, कोल्हाचक, भेड़गांवा, गुलरियाबीघा पुलिया के पास बैग मरमती चकजिया रास्ते की मरम्मती कर ली गई। इसके अलावा छाती पंचायत में पचासा पर अलंग में खाड मे बालू बैग की आवश्यकता है। बांसबीघा में दो जगहो पर अलंग टूटे हुए थे आवागमन बाधित है। वहां भी बालू बैग रखा जा रहा है। छोटकी मठ में खाड को भरने के लिए बालू बैग की आवश्यकता है। इसके अलावा श्रीरामपुर में क्षतिग्रस्त किनारा अरवल में बांध मरमती कार्य चल रहा है। इसके अलावा दरियापुर में भी तटबंध दुरूस्त का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। मठिया पर, नसरतपुर, महादेव स्थान का भी मरम्मत कार्य लगभग पुरी कर ली गई है। बीडीओ सीमा कुमारी ने बताया की सभी बाढ प्रवाहित क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर का छिडकाव किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### दो लाख से अधिक मतदाताओं के नाम कटने की संभावना

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण कार्य अब अंतिम चरण में है। मात्र तीन दिन शेष रह गये है। गहन पुनरीक्षण कार्य संपन्न होने के। ऐसे में यदि कोई मतदाता अपना प्रपत्र जमा कराने में असफल हो जाते है तो उनका नाम मतदाता सूची से कट सकता है। नतीजतन आगामी होनेवाले विधानसभा चुनाव में वे मताधिकार से वंचित रह सकते है। हालांकि जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने गहन पुनरीक्षण कार्य में प्रपत्र जमा करने से वंचित लोगो को अपने मतदाता केंद्र पर तैनात बीएलओ को प्रपत्र जमा कराने की अपील की है। उन्होंने यह भी कहा है कि जो मतदाता यदि किसी कारण वश अपने मतदान केंद्र से दूर है तो वे चाहे तो अपना प्रपत्र ऑनलाईन भी दे सकते है। अन्यथा अबतक प्राप्त प्रपत्रों के अनुसार जिले के 2 लाख से अधिक मतदाता अभी भी अपना प्रपत्र जमा नही करा सके है। नतीजतन जिले के दो लाख से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से विलोपित हो सकते है। आंकड़ो को देखा जाय तो जिले के 27लाख 61हजार 263 में से मात्र 25 लाख 43 हजार 309 मतदाताओं के हीं प्रपत्र जमा हो पाये है । और उन्हें निर्वाचन आयोग के बेबसाईट पर अपलोड किया जा चुका है।

### चार चोर रंगे हाथों पकड़े गए

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के रुलही पंचायत अंतर्गत बिसेमरा कब्रिस्तान के पास ग्रामीणों की सतर्कता से एक बड़ी चोरी की घटना को टाल दिया गया।चार चोर मोटर चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़े गए और मौके पर ही ग्रामीणों ने उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया।इस त्वरित कार्रवाई की इलाके में काफी चर्चा हो रही है।मामले की जानकारी मिलते ही मझौलिया थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर सुनील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और चारों आरोपियों को थाने लाया गया।पूछताछ में चोरों की पहचान सेनुअरिया पंचायत के भेड़िहरवा गांव निवासी लालबच्चन कुमार, विवेक कुमार, सूरज कुमार और नरेश कुमार के रूप में हुई है।ये सभी एक ही बाइक पर सवार होकर चोरी की नीयत से आए थे।थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सतर्कता से बड़ी चोरी की घटना टल गई। गिरफ्तार चारों युवकों पर संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### तीन अग्निपीड़ितों को मिला सहायता राशि का चेक

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र के अलग अलग गाव में घटी आगलगी की घटनाओं में बुधवार को तीन अग्निपीड़ितों को अंचल प्रशासन की ओर से सहायता राशि का चेक दिया गया। अग्निपीड़ितों में सिसई निवासी रामाशीष प्रसाद, पुरैनिया के नीरज पटेल एवं शिकारपुर के आशा देवी शामिल है। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया कि अलग अलग गाव में घटी आगलगी की घटनाओं में तीन अग्निपीड़ितों के बीच अंचल प्रशासन की ओर से बुधवार को सहायता राशि का चेक अंचल नाजिर जयप्रकाश साह के द्वारा वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि अग्निपीड़ितों के बीच पॉलीथिन शीट का वितरण पहले किया गया है। कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद बुधवार को अंचल नाजिर के द्वारा तीनो अग्निपीड़ितों को 12 -12 हजार रुपये की राशि का चेक दिया गया है।

### डिक्की तोड़ रुपए चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के मीठाहड्डी रोड में 22 जुलाई की दोपहर बाइक की डिक्की तोड़कर एक लाख रुपए चोरी करने वाले गिरोह का उद्भेदन पुलिस ने कर लिया है। मामले में पुलिस ने दो उचक्कों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से डिक्की से उड़ाए गए 38 हजार रुपए समेत एक चोरी की बाइक, एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस,आधार कार्ड,चेक बुक,पासबुक व लोहे के औजार बरामद किए गए हैं। धराए उचक्कों में कटिहार जिला के कोढ़ा थाना नया टोला जुड़ाव गंज निवासी सुजल कुमार व जितेंद्र कुमार यादव शामिल है।एसडीपीओ जय प्रकाश सिंह ने बताया कि घटना के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर नरकटियागंज-लौरिया मुख्य मार्ग में जुड़ी मियां टोला गांव के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पल्सर बाइक पर सवार दोनो उचक्कों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान दोनो के पास से एक देशी पिस्टल,दो जिंदा कारतूस समेत अन्य सामान बरामद किए गए। पूछताछ में दोनो कोढ़ा गिरोह के सदस्य निकले है। दोनो ने बताया है कि मीठा हट्टी रोड में भटहवा पिपरा गांव के अली हुसैन की डिक्की से एक लाख रुपए दोनों ने उड़ाए थे।वही विते 18 जुलाई को बरवत परसाईन चौक से राम प्यारे हाजरा से भी दोनों ने 40 हजार की ठगी की थी।एसडीपीओ ने बताया कि दोनों घटनाओं में चोरी गए रुपए में से 38 हजार रुपए की बरामदगी की गई है। उन्होंने बताया कि दोनो के विरुद्ध विभिन्न थानों में दर्जनों मामले भी दर्ज हैं।

### गुरु दक्षिणा कार्यक्रम आयोजित

**मांझी/मांझी (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महाराणा प्रताप प्रभात शाखा, नचाप के तत्वावधान में बुधवार को रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल, नचाप के परिसर में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस दौरान भगवा ध्वज के समक्ष सभी स्वयंसेवकों ने राष्ट्र के प्रति अपने समर्पण की भावना व्यक्त की। इस अवसर पर जिला सम्पर्क प्रमुख बलवंत सिंह ने अपने बौद्धिक सत्र में कहा कि समय का समर्पण सबसे बड़ा होता है। हमें अपने राष्ट्र के प्रति सदैव समर्पित रहना चाहिए। भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम में खंड कारवाह आलोक कुमार सिंह, रिद्धि-सिद्धि सेंट्रल स्कूल के निदेशक राकेश कुमार सिंह, भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, कुमार मानवेंद्र सिंह राहुल, पैक्स अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, विभूति नारायण तिवारी, विजय देश बंधु पांडेय, राकेश सिंह, संजय तिवारी, हरिवंश तिवारी, निरोज सिंह, रोहित सिंह, सौरभ कुमार, उदय राज सोनी, राजू सिंह, गोलू सिंह, मुन्ना सिंह, मदन सिंह सहित अन्य क्षेत्रीय गणमान्य लोग शामिल रहे।

### अभिलाषा कुमारी ने उच्च माध्यमिक विद्यालय देवरिया में प्राचार्य पद पर दिया योगदान

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित प्रधानाध्यापक अभिलाषा कुमारी ने उच्च माध्यमिक विद्यालय देवरिया हसुलाही जलालपुर में प्राचार्य के पद का कार्यभार ग्रहण किया। उन्हें विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार सिंह द्वारा पदभार सौंपा गया। पदग्रहण के बाद उन्होंने सभी शिक्षकों से परिचय प्राप्त किया और कहा कि उनका लक्ष्य विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन कायम रखना है। पूर्व में वे विशेश्वर सेमिनरी प्लस टू इंटर कॉलेज छपरा में जंतु विज्ञान विषय की विशिष्ट शिक्षिका थीं। गौरतलब है कि यह विद्यालय 2020 में मिडिल से प्लस टू में अपग्रेड हुआ था और अब तक प्रभारी प्रधानाध्यापक के सहारे चल रहा था। अभिलाषा कुमारी के आगमन से विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल देखा गया। अंत में उन्हें बुके और डायरी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आशा कुमारी, विनीता कुमारी, अर्चना कुमारी, सुधा नलिनी, सरोज कुमारी, अमित कुमार, संदीप कुमार, विश्वजीत बशाक, श्यामली कुमारी, राजीव, दुर्गेश, अंशु, योगेंद्र कुमार, खुशबू, प्रीति, नंदकिशोर, त्रयंबक पांडेय सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### करेंट लगने से वार्ड सदस्य की मौत, परिवार में मातम

**मशरक (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक प्रखंड क्षेत्र के कवलपुरा गांव में गिरे बिजली के तार से करंट लगने से वार्ड सदस्य मुन्ना राय (30) की मौत हो गई। वे कवलपुरा पंचायत के वार्ड-8 के सदस्य थे। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेजा। मृतक विवाहित थे और दो पुत्र व एक पुत्री के पिता थे। परिजनों के अनुसार, घर के सामने गिरे बिजली के तार की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मुन्ना राय का परिवार बेहद गरीब है और वे खेती-किसानी से जीविका चलाते थे। उनके ससुराल हंसापीर गांव (बंगरा पंचायत) में है। पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पू सिंह, सरपंच अनिल सिंह और पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रंजन यादव ने शोक व्यक्त कर परिवार को सांत्वना दी।

### चयनित शिक्षक को दी गई भावभीनी विदाई

**तरैया (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मैकडोनाल्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरैया के गणित शिक्षक अरविंद कुमार राम को बीपीएससी हेडमास्टर परीक्षा में चयनित होने पर बुधवार को विद्यालय परिवार ने भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में उन्हें फूल-माला और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अरविंद कुमार राम 1 मार्च 2007 से विद्यालय में गणित शिक्षक के पद पर कार्यरत थे और अब गोपालगंज जिले में हेडमास्टर पद पर योगदान देंगे। प्रधानाध्यापक अनिल कुमार के साथ अनिल कुमार राम, सुरेंद्र प्रसाद यादव (प्रखंड सचिव, बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ), सुभाष कुमार दूरदर्शी, राकेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार सिंह, त्रिभुवन कुमार यादव, नवीन कुमार, निधि कुमारी, सुरेंद्र प्रसाद, दीपिका कुमारी, स्तुति कुमारी, संगीता कुमारी, सुमित कुमार, प्रमोद कुमार समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे। सभी ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

# वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की सुनवाई, बैठक में उठी पीड़ा की आवाज

## बेटे ने घर से निकाला, महिला बोली- मकान हड़प लिया, भीख मांगकर जी रहे बुजुर्ग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिवान।** वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर बुधवार को सिवान के एसडीएम आशुतोष गुप्ता की अध्यक्षता में माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिकरण की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे बुजुर्गों ने अपनी व्यथा सुनाई, जिसमें अपनों द्वारा की गई उपेक्षा, मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न और आर्थिक तंगी की दर्दभरी कहानियां सामने आईं।

**बेटे ने निकाला घर से, जान से मारने की धमकी**

कैथी गांव निवासी रमजान अली ने बताया कि उनका बेटा अशरफ अली और बहू उन्हें जान से मारने की धमकी देते हैं और घर से



बाहर कर दिया है। मजबूरन उन्हें भीख मांगकर गुजर-बसर करना पड़ रहा है। रमजान अली ने अधिकरण से जान-माल की सुरक्षा, रहने की व्यवस्था और भरण-पोषण की मांग की। इस पर एसडीएम ने स्थानीय थाना को त्वरित कार्रवाई करने और सीओ को जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

**जमीन हड़पी, घर नहीं रहने दे रहे**

सिवान नगर के पुलिस लाइन मुहल्ला निवासी जानकी देवी ने बताया कि उनके पट्टीदारों ने मकान और जमीन हड़प ली है। बेटा भी देखभाल नहीं करता, जिसके कारण उन्हें दूसरे के घर में शरण लेनी पड़ रही है। इस पर सचिव परफेक्ट विजन मनोज मिश्र और सदस्य किरण गुप्ता को मामले की जांच कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया।

**कई अन्य मामलों पर भी हुई सुनवाई**

बैठक में पिपराहीयां के बाबूलाल सिंह, नई किला सिवान की कृष्णावती देवी, मैरवा की जानकी देवी और हुसैनगंज की दुर्गावती देवी समेत अन्य वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों पर भी सुनवाई हुई और समाधान की दिशा में कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

**नवपदस्थ एसडीएम का स्वागत**

बैठक की शुरूआत में नवपदस्थ एसडीएम आशुतोष गुप्ता का पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। बैठक में सचिव मनोज मिश्र, सदस्य किरण गुप्ता, अरुण कुमार, रविन्द्र कुमार और लिपिक शर्मा राम मौजूद रहे।

# आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक में डीएम ने दिये कई निर्देश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने की। बैठक की जानकारी देते हुए अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी कुमार रविंद्र ने बताया कि बैठक में खाद्यान्न वितरण और राशन कार्ड से संबंधित कार्यों की गहन समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि खाद्यान्न वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम ने बगहा नगर परिषद क्षेत्र के रिक्ति के लिए अविलंब आवेदन पत्रों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने ईकेवाईसी के लिए वंचित लाभूको को यथाशीघ्र इकेवाईसी कराने का निर्देश दिया। शेष बचे लाभुकों का केवाईसी तत्काल पूरा करने के लिए सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। साथ ही, खाद्यान्न वितरण में तेजी लाने और इस जिले को अग्रणी बनाने का लक्ष्य रखा गया। बैठक में जिलाधिकारी ने अम्बेडकर ग्राम विकास शिविर में प्राप्त आवेदनों के शेष बचे आवेदनों के निष्पादन का निर्देश भी दिया। उन्होंने लंबित पड़े सभी आवेदनों का निष्पादन शनिवार तक करने का निर्देश दिया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि प्राप्त आंकड़ो के नए राशन कार्ड के लिए प्राप्त 13795 ऑनलाइन आवेदनों में से 11446 का निष्पादन हो चुका है। मात्र 2349 आवेदन हीं अभी लंबित है। डीएम ने शेष आवेदनों को तुरंत निपटाने का निर्देश दिया। उन्होंने जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों का नियमित निरीक्षण परख एप के माध्यम से करने का निर्देश दिया।

# मुख्यमंत्री कृषि यांत्रिकरण योजना की समीक्षा

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को शुगर इंडस्ट्रीज के सभागार में मुख्यमंत्री कृषि यांत्रिकरण योजना को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में गन्ना किसानों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जीएम केन शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने की, जबकि विशेष रूप से उपस्थित रहीं गन्ना उद्योग विभाग की विशेष कार्य पदाधिकारी प्रीति सिन्हा और सहायक इखायुक्त रेमन्त झा। बैठक में विशेष कार्य पदाधिकारी प्रीति सिन्हा ने किसानों द्वारा कृषि यंत्रों के लिए दिए गए आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि अब तक योजना के तहत कुल 767 किसानों ने आवेदन किया है, जिनमें से 187 आवेदन जमीन से संबंधित दस्तावेज जैसे मालगुजारी रसीद या खतियान उपलब्ध न होने के कारण अस्वीकृत कर दिए गए हैं। विभाग से मार्गदर्शन मिलने के बाद इन आवेदनों पर पुनर्विचार किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों के आवेदन का सत्यापन कार्य प्रगति पर है।

# खलवां लूटकांड का सरगना गिरफ्तार

## नौतन से दिल्ली तक दर्जनों मामलों में वांछित था आर्यन उर्फ चिकू सिंह

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नौतन थाना क्षेत्र अंतर्गत खलवां गांव में हुए सनसनीखेज लूटकांड व फायरिंग मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी आर्यन सिंह उर्फ चिकू सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। वह नौतन से लेकर दिल्ली के प्रशांत विहार तक दर्जनों गंभीर मामलों में वांछित रहा है। गिरफ्तारी मंगलवार की देर रात खलवां गांव में की गई।



**छापेमारी के दौरान गिरफ्त में आया अपराधी**

21 जुलाई की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि खलवां कांड का मुख्य आरोपी आर्यन सिंह अपने घर पर मौजूद है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार व एसआई रितेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी की और आरोपी को धर-दबोचा।

**लूट, मारपीट और गोलीबारी का था मास्टरमाइंड**

10 जून 2025 की रात खलवां गांव में आर्यन सिंह और उसके साथियों ने स्व. मोहन भगत की पत्नी संगीता देवी के घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया था। घर के सभी सदस्यों को हथियार के बल पर बंधक बनाकर सीसीटीवी कैमरे तोड़े, मारपीट की और लूटपाट की थी। जाते-जाते अपराधियों ने करीब 10 राउंड फायरिंग कर जान से मारने की धमकी दी थी।

**10 से अधिक संगीन मामले दर्ज**

पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक आर्यन सिंह के खिलाफ नौतन थाना और दिल्ली के प्रशांत विहार थाना में कुल 10 गंभीर मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या का प्रयास, अवैध हथियार, लूट, मारपीट और बिहार मद्य निषेध कानून के उल्लंघन जैसे मामले शामिल हैं। नौतन थाना कांड सं. 135/25 समेत दर्जनों केसों में वह वांछित था।

**जेल भेजा गया आरोपी**

थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि आर्यन सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उसके अन्य सहयोगियों की तलाश भी जारी है।

# संस्कृति ज्ञान महाअभियान की शुरूआत: महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर बना साक्षी, पूर्व छात्र डॉ. जी.एस. सत्संगी ने दिया सहयोग का भरोसा

## पूर्व छात्र डॉ. सत्संगी ने कॉलेज स्तर पर अभियान को सफल बनाने का लिया संकल्प

**सिवान/नवबिहार टाइमस ब्यूरो।** मखदूम सराय स्थित महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर में मंगलवार को संस्कृति ज्ञान महाअभियान का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में



विशेष समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप में विद्यालय के सचिव कौशलेंद्र प्रताप, विभाग निरीक्षक राजेश कुमार रंजन, तथा विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. जी. एस. सत्संगी (प्राचार्य, जे.पी. इलेक्ट्रो होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, सिवान) उपस्थित रहे। डॉ. सत्संगी ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृति ही राष्ट्र की आत्मा है। यदि आने वाली पीढ़ी में संस्कारों का बीजारोपण नहीं किया गया, तो ज्ञान अधूरा रह जाएगा। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि उनके कॉलेज के सभी छात्र-छात्राएं इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि जे.पी. ई.एच. मेडिकल कॉलेज की सेवा भावना को जन-जन तक पहुँचाने में यह अभियान सहायक सिद्ध होगा। कॉलेज स्तर पर नियमित गतिविधियों, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों के माध्यम से छात्रों में भारतीय संस्कृति, संस्कार और सामाजिक मूल्यों की जागरूकता लाई जाएगी। इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षकों और छात्रों ने अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। विद्यालय के सचिव ने भी कहा कि यह पहल बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगी। कार्यक्रम का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना को जागृत करना और भारतीयता से जोड़ना है।

# ग्रामीण सड़क व आरसीसी पुल के निर्माण की मिली स्वीकृति

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के चंचलिया पंचायत के भलुआ ढाला से भलुआ नोनिया टोली होते हुए भलुआ बाजार रोड के अंतिम छोर चंचलिया दियर तक ग्रामीण सड़क एवं चंचलिया दियर में आरसीसी पुल के निर्माण कार्य की स्वीकृति मिल गई है। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार विधानसभा सत्तारूढ़ दल के उपमुख्य सचेतक जनक सिंह ने कहा कि काफी के प्रयास के बाद अंतत उन्हें सफलता मिली और उनकी मेहनत रंग लाई। उन्होंने कहा कि काफी प्रयास के बाद मुख्यमंत्री का ग्रामीण संपर्क योजना के तहत तरैया प्रखंड के चंचलिया पंचायत के भलुआ ढाला से भलुआ नोनिया टोली होते हुए भलुआ बाजार सड़क के अंतिम छोर चंचलिया दियर तक ग्रामीण सड़क एवं इसी पथ में आरसीसी पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति मिल गई है।

# समारोह आयोजित कर प्रभारी प्रधानाध्यापक को दी गई विदाई व नये एचएम का किया गया स्वागत

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अलख नारायण सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय एकमा में बुधवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रीकृष्ण भगवान यादव के प्रधानाध्यापक के पद पर गोपालगंज जिले के थावे प्रखंड के उच्च विद्यालय वृंदावन में स्थानांतरित होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई देते हुए उनके योगदान को याद किया। इस दौरान विद्यालय की नई प्रधानाध्यापिका सारिका द्विवेदी का स्वागत भी किया गया। बताया गया कि 4 दिसंबर 2006 से 30 सितंबर 2019 शिक्षक के रूप में और एक अक्टूबर 2019 से 23 जुलाई 2025 तक प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर



आसीन रहे हैं। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों व गणमान्य लोगों ने नयी प्रधानाध्यापिका को शुभकामनाएं दीं और विद्यालय के विकास में सहयोग का संकल्प लिया। समारोह में शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी, मिथिलेश तिवारी, शशि शेखर सक्सेना, दिलीप कुमार, रंजन कुमार सिंह, राजन कुमार, मुकेश साह, मनोरमा कुमारी, पुष्पा कुमारी, मृत्युंजय कुमार, पारस नाथ शाही, आफताब आलम समेत अन्य शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी व स्थानीय लोग मौजूद थे।

# मौसम की मार से किसान बेहाल, यूरिया को लेकर उमड़ी भीड़

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** यूरिया खाद को सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर बिक्री कराने व किसानों को आसानी से उपलब्ध हो, इसको लेकर कृषि विभाग एक्टिव हो गया है। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार के सख्त निर्देश पर कृषि कर्मियो की उपस्थिति में यूरिया खाद निर्धारित दर पर किसानों में उपलब्ध कराया जा रहा है। बुधवार को प्रखंड के सुगौली, कटघरवा, पंडई चौक, केसरिया, डुमरिया, अंजुआ, नौतनवा आदि कई जगहों पर कृषि कर्मियों ने उपस्थित रहकर यूरिया खाद का वितरण करवाया। वहीं उर्वरक दुकानों पर किसानों की भारी भीड़ जुटी रही। किसानों ने कतारबद्ध होकर खाद का उठाव किया। खाद लेने पहुंचे शिकारपुर के इम्तियाज मियां, बैरिया के राजू पटेल, साहेब आलम, केसरिया के नंदू मुखिया, सुगौली के रमेश प्रसाद आदि कई किसानों ने कहा कि सावन माह में मौसम की इस तरह की बेरुखी से पहले हीं सभी किसानों का हाल बेहाल हैं। धान की रोपनी जैसे तैसे पंपसेट से सिंचाई कर की गई। रोपनी के समय यूरिया की किल्लत अलग से थी। ऊपर से अब दुकानों पर लंबी कतार में लगना पड़ रहा है। तब जाकर भी पर्याप्त मात्रा में यूरिया नही मिल रहा है। वही अनुमंडल कृषि पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि सभी प्रखंडों में यूरिया की कोई कमी नहीं है। कृषि कर्मियो की उपस्थिति में सभी जगहों पर यूरिया खाद का वितरण कराया जा रहा है। उपलब्धता के अनुरूप वितरण का प्रतिदिन रिपोर्ट भी लिया जा रहा है।

# एसपी ग्रामीण ने किया अम्बेडकर चौक का निरीक्षण, चेकिंग पर जोर

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसपी ग्रामीण संजय कुमार ने मशरक के लखनपुर गांव स्थित अम्बेडकर



चौक का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएसपी अमरनाथ भी मौजूद थे। उन्होंने इसुआपुर, पानापुर, तरैया और मढ़ौरा थानों का भी निरीक्षण कर थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेख संधारण, मालखाना रखरखाव, लंबित मामलों की प्रगति और अपराध नियंत्रण उपायों की समीक्षा की। एसपी ग्रामीण ने थानाध्यक्ष रणधीर कुमार को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और वाहन चेकिंग अभियान तेज करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि अपराध व मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए संदिग्ध व्यक्तियों की गहन तलाशी ली जाए। एसपी ने आम जनता से पुलिस को सहयोग करने की अपील की और कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में 112 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें, जो निशुल्क और त्वरित सेवा प्रदान करता है। उन्होंने प्रबुद्ध नागरिकों से थाना कार्य में किसी भी लापरवाही की सूचना वरीय अधिकारियों को देने का आग्रह किया।

# सशक्त स्थायी समिति की बैठक में केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण रिपोर्ट पर विस्तार से हुई चर्चा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया की अध्यक्षता में बुधवार को संपन्न सशक्त समिति की बैठक में गत बैठक की संपुष्टि के बाद केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा और समीक्षा की गई। सफाईकर्मियों और संसाधनों का विस्तार के बावजूद केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण रिपोर्ट में नगर निगम की रैंकिंग यथावत रहने पर महापौर के द्वारा चिंता जताई गई। महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि प्रत्येक वार्ड के लिए 20 - 20 कर्मियों की तैनाती कत्तई कम नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता प्रबंधन निगम प्रशासन की पहली जिम्मेदारी है। मुझे लगता है कि नगर के साथ सघन शहरी क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था में गुणवत्ता बढ़ाने की निगरानी में सुधार बहुत जरूरी हो गया है। इस चर्चा के बाद नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से संबंधित 165 विकास योजनाओं पर स्वीकृति की मुहर लगाई गई। बैठक में नगर आयुक्त लक्ष्मण तिवारी ने कहा कि उनके स्तर से भी साफ सफाई व्यवस्था की क्षेत्र और वार्डवार समीक्षा शुरू की जा रही है। साफ सफाई में सुधार नहीं होने पर पहले संबंधित वार्ड जमादार और सफाई निरीक्षक पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक की चर्चा में नगर आयुक्त लक्ष्मण तिवारी, उपनगर आयुक्त, सिटी मैनेजर, सशक्त स्थाई समिति के सभी सदस्य, सभी अधिकारी एवं कर्मचारी आदि ने भाग लिया।

# सारण पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में 'जीविका दीदी रसोई' का शुभारंभ

## 24 महिलाओं को मिला रोजगार, प्रशिक्षणार्थियों को मिलेगा पौष्टिक भोजन

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और सशक्त कदम उठाते हुए सारण जिले के पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में ह्यजीविका दीदी रसोईह्न का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस पहल का उद्देश्य पुलिस प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जवानों को घर जैसा शुद्ध, स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है, साथ ही ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना भी इसका प्रमुख उद्देश्य है। रसोई का उद्घाटन डीएसपी ट्रैफिक - संतोष कुमार, डीपीएम जीविका अरुण कुमार, प्रबंधक गैर कृषि अभिषेक श्रीवास्तव एवं बी पी एम जीविका धीरेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर डी पी एम जीविका ने कहा कि यह पहल





जीविका दीदियों के आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि दीदियां इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और गुणवत्ता के साथ निभाएंगी। कार्यक्रम में डीएसपी ट्रैफिक - संतोष कुमार ने इस नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि यह रसोई न केवल हमारे प्रशिक्षणरत जवानों के पोषण की आवश्यकता को पूरा करेगी, बल्कि उन्हें घर से दूर रहते हुए भी घर जैसा भोजन उपलब्ध कराएगी। साथ ही, यह पहल ग्रामीण महिलाओं के लिए आय का एक स्थायी साधन भी बनेगी। इस नई रसोई के माध्यम से 24 जीविका दीदियों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है। अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि यह सारण जिले में चौथी 'जीविका दीदी रसोई' है। अब तक जिले भर में कुल 82 दीदियों को इस योजना से रोजगार मिल चुका है। रसोई के शुभारंभ के अवसर पर स्वयं सहायता समूह की कई सक्रिय सदस्याओं के साथ-साथ जीविका के कर्मी शशि शेखर आजाद, सौरभ नाथ योगी, दीपक कुमार, शैलेश कुमार उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल को नारी सशक्तिकरण और सामुदायिक भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। बताया गया है कि 'जीविका दीदी रसोई' न केवल पोषण और स्वच्छता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के राज्य सरकार के विजन को भी साकार कर रही है।

# भागवतपुर पंचायत के पंच का दिल्ली में निधन

**तरैया (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भागवतपुर पंचायत के वार्ड संख्या-02 के पंच सदस्य राजेंद्र सिंह (75) का बुधवार सुबह दिल्ली में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। राजेंद्र सिंह एक सप्ताह पूर्व अपनी पत्नी पासपति देवी के साथ दिल्ली में रह रहे तीनों बेटों - अशोक सिंह, सुबोध सिंह और मुकेश सिंह से मिलने गए थे।

## शपथ पत्र

मैं, सिंटू कुमार पिता निवास सिंह, ग्राम शिवाला मरांची ताजपुर डीह, पोस्ट+ थाना मरांची, जिला पटना, बिहार पिन 803301 शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मेरे आधार कार्ड सं 372331087079 में मेरा नाम सिंटू कुमार अंकित है जबकि मेरे एलआईसी पॉलिसी सं 514122415 में मेरा नाम सुधीर कुमार अंकित है। यह कि सिंटू कुमार एवं सुधीर कुमार दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है जो मैं हूं और मैं उपरोक्त दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूं। शपथ पत्र सं 18824 दिनांक 24.6.25

# लोक अदालत को लेकर सचिव ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 13 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी जोरों पर हैं। बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल ने प्रकोष्ठ में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी लाल बिहारी पासवान के अध्यक्षता में न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई जिसमें अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दीवान फहद खान, अपर मुख्य न्यायिक न्यायिक संदीप कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रदीप चंद्रा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी शुभंकर शुक्ला राजीव कुमार, मुंसिफ शोभित सौरभ, प्रोबेशन न्यायिक दंडाधिकारी निकिता राज उपस्थित हुए।



सचिव द्वारा न्यायिक पदाधिकारियों से लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु अब तक कृत कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की गई और आगे की रूप रेखा रखी गई। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के द्वारा न्यायिक पदाधिकारियों को अपने न्यायालय से संबधित सुलहनीय वादों को चिहि्नत कर उससे से संबधित पक्षकार की सूचना और नोटिस की अद्यतन जानकारी प्राधिकार को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, ताकि समय रहते सम्बन्धित पक्षकारों से प्री-काउंसलिंग कर ज्यादा-से ज्यादा वादों का निष्पादन कराया जा सके जिसपर उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों के द्वारा अपने-अपने न्यायालय संबधित पुरी सूची प्राधिकार को उपलब्ध कराने का आश्वाशन दिया गया। विदित है कि लोक अदालत को लेकर प्राधिकार में वृहद रूप से तैयारी अभी से ही की जा रही है। सचिव द्वारा कहा गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत वादों का निस्तारण सुलह के आधार पर कराने का एक सशक्त माध्यम है जिसमें सम्बन्धित को त्वरित न्याय प्राप्त होता है। सचिव द्वारा आम जन से भी अपील की गई कि 13 सितम्बर को आयोजित होने वाले लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठायें। किसी भी व्यक्ति को अपने सुलहनीय वाद का निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में करवाना चाहते हैं तो किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकार में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** सदर प्रखंड अंतर्गत कल्पा थाना क्षेत्र के रामसे बिगहा गांव में बुधवार की सुबह मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। कईल यादव नामक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जबकि दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, गांव के बाहर एक पुलिया के पास कईल यादव के परिवार की महिलाएं गेहूं सुखा रही थी। उसी दौरान दिलीप सिंह के परिजनों ने गेहूं हटाने को कहा। महिला ने बच्चा गोद में होने का हवाला देते हुए थोड़ी देर बाद गेहूं हटाने की बात कही, जिस पर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर मंगलवार को कल्पा थाना को सूचना दी गई, लेकिन पुलिस ने इसे मामूली विवाद मानते हुए सिर्फ समझाइश देकर छोड़ दिया। मंगलवार की रंजिश बुधवार को भयानक रूप में सामने आई, जब खेत से लौट रहे कईल यादव और उनके भाई को दिलीप सिंह के परिजनों ने घेरकर पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर दोनों पक्षों के लोग जुट गए और जमकर लाठी-डंडे चले। इस झड़प में कईल यादव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सुबह लगभग 6 बजे हुई, लेकिन 10 बजे तक शव नहीं उठाया गया। पीड़ित परिजन एसपी और स्थानीय विधायक को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कल्पा थाने की पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी किसी पक्ष से एफआईआर का आवेदन नहीं मिला, लेकिन पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना में घायल चिंता देवी ने अस्पताल में दिए बयान में बताया कि उन्होंने मंगलवार को ही खतरे की आशंका व्यक्त कर थाने को सूचना दी थी, लेकिन उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। इस संबंध में एसडीपीओ मनीष चंद्र चौधरी ने कहा कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की है। इस हिंसक घटना में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। जांच तेज़ी से चल रही है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पांच थानों की पुलिस बल मौके पर तैनात की गई है। पुलिस लोगों को शांत करने में जुटी है।

# पीएनबी करेंसी चेस्ट जहानाबाद ने लगाया नोट व सिक्का एक्सचेंज स्टॉल

## 1.95 लाख मूल्य की करेंसी का हुआ विनिमय, बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** पंजाब नेशनल बैंक करेंसी चेस्ट, जहानाबाद के सौजन्य से मुख्य शाखा परिसर में बुधवार को नोट एवं सिक्का एक्सचेंज स्टॉल का आयोजन किया गया। अग्रणी जिला प्रबंधक रवींद्र कुमार सिंहा एवं करेंसी चेस्ट शाखा प्रबंधक श्याम बाबू रजक ने संयुक्त रूप से इस स्टॉल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री सिंहा ने कहा कि बैंक द्वारा समय-समय पर इस तरह के स्टॉल लगाए जाते हैं, ताकि आम ग्राहकों को नई मुद्रा और सिक्के आसानी से उपलब्ध हो सकें। साथ ही पुराने व अनुपयोगी नोटों-सिक्कों के विनिमय की प्रक्रिया सरल बन सके। यह पहल ग्राहक सुविधा को प्राथमिकता देने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। कार्यक्रम के दौरान करीब 1,95,000 मूल्य की करेंसी का विनिमय किया गया, जिसमें 10, 20, 50 एवं 100 के नए नोटों और सिक्कों का वितरण शामिल रहा। बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्टॉल पर पहुंचकर इस सेवा का लाभ उठाया। इस अवसर पर पीएनबी के वरीय प्रबंधक देव आनंद, करेंसी चेस्ट अधिकारी अजय कुमार समेत अन्य बैंक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। बैंक प्रशासन ने जानकारी दी कि भविष्य में भी इस तरह के एक्सचेंज स्टॉल नियमित रूप से लगाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें।




# बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले के 216-जहानाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी अनिल मिस्त्री की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजरों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान गणना प्रपत्र संकलन की प्रगति की समीक्षात्मक जानकारी ली गई। यह भी कहा गया कि बीएलए (बूथ स्तरीय एजेंट) का सहयोग लेकर मृत मतदाता, स्थानांतरित मतदाता एवं गणना प्रपत्र नहीं भरने वाले मतदाताओं की पहचान करते हुए, उनके द्वारा शीघ्रता से गणना प्रपत्र भरवाना सुनिश्चित करें।

# प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग पर जिलास्तरीय कार्यशाला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग (पीबीएल) कार्यक्रम को जिले के सभी मध्य विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से बुधवार को औरंगाबाद में एक दिवसीय जिलास्तरीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (समग्र शिक्षा) भोला कुमार कर्ण ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में जिले के सभी प्रखंडों की टेक्निकल टीम के सदस्य शामिल हुए। डीइओ सुरेंद्र कुमार ने कहा कि विद्यालयों में प्रोजेक्ट और प्रयोग आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित करें ताकि बच्चे स्वयं कर के सीखें। इससे उनकी सीखने की प्रक्रिया स्थायी होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को जमीनी स्तर पर इमानदारी और समर्पण से कार्य करना होगा, ताकि प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ने का पूरा अवसर मिल सके। डीपीओ भोला कुमार कर्ण ने कहा कि प्रखंड स्तर पर विज्ञान और गणित विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों को तकनीकी सहयोग दें, जिससे प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम शत-प्रतिशत सफल हो सके। मास्टर ट्रेनर मृदुला सिन्हा एवं शोभा कुमारी ने बताया कि कक्षा 6, 7 एवं 8 में गणित व विज्ञान विषय से संबंधित प्रोजेक्ट कार्य हर माह पूर्ण करना आवश्यक है। कई शिक्षक तकनीकी जानकारी के अभाव में प्रोजेक्ट कार्य को समय पर पूरा नहीं कर पाते हैं। ऐसे शिक्षकों को सहयोग देकर उन्हें फाइनल प्रोजेक्ट सबमिशन कराने की जिम्मेदारी टेक्निकल टीम की है। प्रखंड टेक्निकल टीम को इंस्पायर अवार्ड के लिए छात्रों के आइडिया नॉमिनेशन सुनिश्चित कराने का निर्देश भी दिया गया। इसके अंतर्गत कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के विज्ञान संबंधी विचार ऑनलाइन अपलोड किए जाएंगे। प्रत्येक विद्यालय से पांच छात्रों का चयन किया जाएगा। चयनित छात्रों को दस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। सभी स्कूलों से अनिवार्य रूप से आइडिया अपलोड कराना है। प्रखंड टेक्निकल टीम अपने क्षेत्र में शिक्षकों की बैठक आयोजित कर यह जानकारी साझा करेगी। इस अवसर पर सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह, जिला टेक्निकल टीम के चंद्रशेखर प्रसाद साहू एवं राजीव रंजन सिंह ने भी कार्यशाला को संबोधित किया।



# विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के तहत परिवार नियोजन मेला आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद (हसपुरा)।** औरंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के पीरू गांव स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में बुधवार को विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के अंतर्गत परिवार नियोजन मेला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग चेंज के सहयोग से आयोजित हुआ। मेले का उद्घाटन मुखिया सह जन आरोग्य समिति अध्यक्ष गोपाल सिंह ने फीता काटकर किया। प्रखंड समन्वयक ब्रज किशोर मंडल ने बताया कि विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा केवल जनसंख्या नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य व्यापक है–जैसे युवाओं को अवांछित गर्भधारण रोकने के सरल उपायों की जानकारी देना, सुरक्षित यौन संबंधों के प्रति जागरूक करना, कम उम्र में विवाह के दुष्परिणामों से ग्रामीणों को अवगत कराना और कन्या भ्रूण हत्या रोकने हेतु जनचेतना फैलाना। सीएचओ नीतू कुमारी ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन साधनों का उपयोग बेहद जरूरी है। इसमें महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों की भी सहभागिता और जागरूकता आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों का वितरण किया गया। इस आयोजन में सीएचओ नीतू कुमारी, एएनएम किरण कुमारी, आशा फैसिलिटेटर चिंता कुमारी तथा सभी आशा कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# वेब सीरीज 'कमेंट बॉक्स' का ट्रेलर लॉन्च, कलाकारों और रचनाकारों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में कला और फिल्म निर्माण के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचते हुए पहली बार किसी वेब सीरीज कमेंट बॉक्स का ट्रेलर लॉन्च किया गया। इस खास मौके पर जिले के कलाकारों, मीडिया प्रतिनिधियों और रचनात्मक योगदान देने वाले रचनाकारों को सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम का स्तर और गरिमा दोनों ही बढ़ गई। वेब सीरीज कमेंट बॉक्स एक सच्ची घटना पर आधारित सामाजिक और पारिवारिक फिल्म है, जिसे हर वर्ग के दर्शक अपने परिवार के साथ देख सकते हैं। ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम में अरवल, गया और पटना जैसे पड़ोसी जिलों से भी कई क्रिएटर्स और कलाकार शामिल हुए, जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ गई। इस वेब सीरीज के निर्माता सोनू कुमार हैं जबकि पटकथा लेखन राजू खान ने किया है। इस वेब सीरीज में कलाकारों के रूप में मुख्य भूमिका में सत्यम सिंह राजपूत हैं। साथ ही अन्य सहायक कलाकार डॉ. सुल्तान अहमद, सचिन, तौफीक, मंतोष, मुलायम, आलोक, सूरज, जेहिफर, हमजा, रिंकी हैं। इन सभी कलाकारों ने अपने-अपने किरदारों में सशक्त अभिनय प्रस्तुत किया है, जिसे दर्शकों द्वारा खूब सराहा जा रहा है। बेव सीरीज के निर्माता ने बताया कि कमेंट बॉक्स नाम अपने आप में एक प्रतीक है। यह वेब सीरीज सोशल मीडिया की उस संस्कृति को उजागर करती है, जहां बिना सोच-विचार के की गई टिप्पणियां (कमेंट्स) किसी की भावना या प्रतिष्ठा को गहरी ठेस पहुंचा सकती हैं। इस सीरीज के माध्यम से सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं में जागरूकता और जिम्मेदारी का भाव पैदा करने की कोशिश भी की गई है।



**जहानाबाद में ही हुआ संपूर्ण फिल्मांकन:** इस वेब सीरीज की खास बात यह है कि इसकी पूरी शूटिंग जहानाबाद जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में की गई है। इसके निर्माता के मुताबिक, पूरी टीम ने सीमित संसाधनों के बावजूद लगातार मेहनत और समर्पण से इस प्रोजेक्ट को सफल बनाया है। कलाकारों ने बताया कि कमेंट बॉक्स में काम करना एक यादगार अनुभव रहा। उन्हें न केवल अभिनय का अवसर मिला, बल्कि उन्होंने समाज की जमीनी सच्चाइयों को भी करीब से महसूस किया। सभी कलाकार गर्व और आत्मविश्वास से भरे नजर आए। इस दौरान जिले के लोगों ने भी कहा कि कमेंट बॉक्स न केवल जहानाबाद के उभरते कलाकारों को मंच प्रदान करता है, बल्कि यह जिले को सांस्कृतिक और रचनात्मक पहचान भी दिलाने का कार्य कर रहा है।

# सोशल मीडिया पर देवी-देवताओं पर की अभद्र टिप्पणी, भड़के हिंदू संगठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर में सोशल मीडिया पर देवी-देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का मामला सामने आने के बाद हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया है। आरोप है कि शहर के शंभू प्रसाद गुप्ता का पुत्र सूरज कुमार ने वीडियो एडिट कर सनातन धर्म और देवी-देवताओं को लेकर अभद्र टिप्पणी सोशल मीडिया पर पोस्ट की। इस घटना को लेकर हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों ने रफीगंज थाना में आवेदन देकर सूरज कुमार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। राजू गुप्ता, दिलीप प्रसाद उर्फ कारू, धनंजय विश्वकर्मा, संतोष कुमार, रोहन गुप्ता, ऋषभ कुमार और राजेश कुमार उर्फ साजन सहित अन्य लोगों ने आवेदन में कहा कि सूरज की गतिविधियां लंबे समय से सनातन विरोधी रही हैं, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। हिंदू संगठन के नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे। इस बीच, सूरज कुमार ने सार्वजनिक रूप से माफी मांगते हुए दोबारा ऐसी गलती न करने की बात कही है। उसके परिजनों का कहना है कि वह पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा है। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी युवक व परिजनों से पूछताछ की है और सोशल मीडिया पोस्ट की सत्यता की भी जांच जारी है। मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की बात कही गई है।

# उत्तर कोयल नहर आंदोलन के 190वें दिन वसीम नैयर अंसारी ने धरनास्थल पहुंचकर दिया समर्थन

## जल ही जीवन है, यह सिर्फ किसानों का नहीं, सभी का मुद्दा है : वसीम नैयर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** उत्तर कोयल नहर परियोजना के तहत कुटकु डैम में फाटक लगाने एवं मगध क्षेत्र में सिंचाई हेतु नहर का पानी लाने की मांग को लेकर पिछले 190 दिनों से जारी धरना आंदोलन को बुधवार को नया ऊर्जा तब मिली, जब अंसारी महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष व जन सुराज के युवा नेता वसीम नैयर अंसारी अपने समर्थकों के साथ रफीगंज प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित धरनास्थल पर पहुंचे। फूलमालाओं से स्वागत के बाद वसीम नैयर अंसारी ने धरना पर बैठे लोगों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा जल ही जीवन है। आज यह समस्या किसानों और मजदूरों की है, लेकिन आने वाले समय में यह संकट पूरे समाज और जीव-जंतुओं तक पहुंच जाएगा उन्होंने आश्वासन दिया कि वे आंदोलन को अपने वरीय नेताओं के समक्ष रखेंगे और जल्द ही उन्हें भी धरनास्थल पर लाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अहमद रजा खां उर्फ लड्डू खां एवं डॉ. तुलसी यादव ने की, जबकि संचालन पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव एवं सीधी यादव ने किया। अध्यक्ष खां ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कुटकु डैम का शिलान्यास करते समय यह आश्वासन दिया गया था कि मगध के किसानों के खेतों तक नहर का पानी पहुंचेगा, लेकिन आज तक किसान इंतज़ार कर रहे हैं। नहर नहीं होने के कारण भूमिगत जल स्तर भी लगातार गिर रहा है, जो बेहद चिंताजनक है, उन्होंने कहा।



डॉ. तुलसी यादव ने कहा संघर्ष से ही आज हम आजाद हवा में सांस ले पा रहे हैं। जब तक कुटकु डैम में फाटक नहीं लगता और किसानों को पानी नहीं मिलता, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर पूर्व लोजपा प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार, किसान सेल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राम लखन दांगी, भोला प्रसाद बर्मा, अब्दुल रहीम, मोहम्मद नौशाद आलम, एनाम अंसारी, कमलेश यादव, संजय कुमार, वीरेंद्र यादव, सुखेंद्र यादव, विशुनदेव यादव, धीरेंद्र कुमार सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। धरना अब जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है और आंदोलनकारी मांग कर रहे हैं कि सरकार जल्द से जल्द उत्तर कोयल नहर योजना को धरातल पर उतारे।

# 33 केवी फीडरों का शटडाउन विद्युत आपूर्ति रहेगी प्रभावित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला प्रशासन की ओर से सूचित किया गया है कि आज 24 जुलाई 2025 (गुरुवार) को प्रातः 08:30 बजे से 10:00 बजे तक एरकी ग्रिड सब स्टेशन से जुड़े सभी 33 केवी फीडरों को आवश्यक अनुरक्षण कार्य हेतु शटडाउन पर लिया जाएगा। इस कारण जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र, जहानाबाद प्रखंड क्षेत्र,काको प्रखंड एवं रतनी प्रखंड के विभिन्न हिस्सों में विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी। इस संबंध में संबंधित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि असुविधा से बचने हेतु अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करें। विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति यथाशीघ्र बहाल कर दी जाएगी।

# कलाकार महासंघ की बैठक में प्रखंड कमिटी का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कलाकारों के हित और सांस्कृतिक समरसता को मजबूत करने के उद्देश्य से कलाकार महासंघ की एक अहम बैठक बुधवार को डाक बंगला स्थित केदारनाथ मार्केट परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ब्यास संतोष यादव ने की। इस दौरान प्रखंड स्तर पर गठित नयी कमिटी के पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। नवनिर्वाचित कमिटी में अवध किशोर शर्मा को अध्यक्ष, सुनील विश्वकर्मा को सचिव, अनिल कुमार को कोषाध्यक्ष, केदार प्रसाद सिंह को महामंत्री, प्रभु कुमार को मीडिया प्रभारी, मृत्युंजय पाठक को प्रवक्ता, नागेंद्र ठाकुर को उप सचिव, तथा पवन कुमार सिंह को उप मीडिया प्रभारी के रूप में मनोनीत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष यादव ने कहा कि कमिटी गठन से महासंघ को संगठनात्मक मजबूती मिलेगी। हम हर परिस्थिति में एक-दूसरे के साथ खड़े रहेंगे। कलाकारों की सामाजिक भूमिका को और भी प्रभावी बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि कलाकार महासंघ की ओर से जरूरतमंद बेटियों की शादी में ढाई से तीन लाख रुपए तक का सहयोग किया जाएगा, ताकि समाज में सहयोग की भावना बनी रहे। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई गई कि वे संगठन के उद्देश्यों के प्रति निष्ठावान रहेंगे और सांस्कृतिक मंचों को सम्मान दिलाने के लिए कार्य करेंगे।

# नये एसडीपीओ संजीव कुमार का किया जोरदार स्वागत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दनियावां (पटना)।** फतुहा अनुमंडल के नवनियुक्त एसडीपीओ संजीव कुमार का बुधवार को पत्रकारों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन, पटना के महासचिव प्रेम कुमार के नेतृत्व में पत्रकारों ने उन्हें अंगवस्त्र, बुके और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसडीपीओ संजीव कुमार ने कहा कि समाज में शांति, समरसता और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस और पत्रकारों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पत्रकारों के साथ पारदर्शी और सहयोगात्मक संबंध बनाए रखे जाएंगे।

# तलवारबाजी में जहानाबाद के खिलाड़ियों का रहा शानदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** 21 एवं 22 जुलाई 2025 को पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, पटना में आयोजित राज्य स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में जहानाबाद जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। बिहार तलवारबाजी एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में विक्रम राज ने सब जूनियर अंडर-14 वर्ग में एवं अमित कुमार ने जूनियर अंडर-20 वर्ग में भाग लिया और दोनों खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीतकर जहानाबाद जिले को गौरवान्वित किया।उनकी इस उपलब्धि के लिए जिला प्रशासन एवं खेल प्रेमियों द्वारा हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई है। जैसा कि ज्ञात हो कि हाल में ही राज्य स्तर पर एवं राष्ट्रीय स्तर पर जिले के कई खिलाड़ियों ने अलग अलग खेल प्रतिस्पर्धा में पदक जीतकर जिले में खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने में प्रोत्साहित किया है। जिलाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देशन में जिले के खिलाड़ी लगातार अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक जीता है। इससे जिले में खेल का माहौल भी बना है।



# जहानाबाद में तीसरे चरण की सिपाही भर्ती परीक्षा में 5873 अभ्यर्थी हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) के तहत जहानाबाद जिले में सिपाही भर्ती परीक्षा का आयोजन विभिन्न चरणों में किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को तीसरे चरण की परीक्षा जिले के 13 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त और व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हुई। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा और प्रशासनिक तैयारियां पूरी तरह चाक-चौबंद रखी गई थीं। हर केंद्र पर स्टेटिक दंडाधिकारी, गश्ती/ जोनल दंडाधिकारी, उड़नदस्ता टीम और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई थी। परीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी श्रअलंकृता पांडे और पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार ने पीपीएम स्कूल (वेंकटेश नगर), बाल विद्या निकेतन (पटेल नगर), मध्य विद्यालय (मुठेर, लोदीपुर) सहित कई केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस चरण की परीक्षा में कुल 7281 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 5873 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 1408 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण रही और किसी भी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया।

# जहानाबाद शहर के मलहचक मोड़ से श्याम नगर जाने वाली सड़क बदहाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला मुख्यालय की अति महत्वपूर्ण सड़क मलहचक मोड़ से श्याम नगर जाने वाली मार्ग की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। नगर परिषद की अदूरदर्शिता और लापरवाही के कारण नाली का गंदा पानी लगातार तीन दिनों से सड़क पर बह रहा है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।श्याम नगर, लोक नगर, कर्पूरी नगर और बाबा नगरी जैसे घनी आबादी वाले मोहल्लों में नाली की नियमित सफाई नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर फैल गया है। नगर परिषद के कर्मी हालात को देखकर भी मौन हैं, जिससे स्थानीय लोगों में नाराज़गी बढ़ती जा रही है। मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर मोहल्लेवासियों ने समस्या को उठाने के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू कर दिया है। लोगों का कहना है कि वर्षों से शिकायत और गुहार लगाने के बावजूद न तो सड़क की मरम्मत हुई और न ही नाली की सफाई की गई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद हर माह साफ-सफाई पर 60 लाख से अधिक खर्च करने का दावा करती है, लेकिन धरातल पर स्थिति कुछ और ही बयां करती है। विकास योजनाएं सिर्फ कागजों पर चल रही हैं और वार्ड बैठकें नतीजों तक नहीं पहुंचती।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि बीते 10 वर्षों में वार्ड विकास को लेकर सिर्फ आश्वासन दिए गए हैं। न सड़कों का कायाकल्प हुआ और न ही जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की गई है। गंदगी, जलजमाव और अंधेरा आज भी आम जीवन का हिस्सा बना हुआ है। नगर परिषद के कुछ अधिकारियों से जब संवाददाताओं ने बातचीत की, तो उन्होंने समस्याओं को लेकर सीधे जवाब देने से परहेज़ किया और कई मुद्दों से पल्ला झाड़ते दिखे। वर्तमान हालात को देखते हुए श्याम नगर सहित आसपास के मोहल्लों में नाराज़गी चरम पर है। लोगों ने स्पष्ट कहा है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलनात्मक रुख अपनाया जाएगा।

# मामूली विवाद में बैरमचक गांव में प्रवेश पर लगा दी रोक

## दिन भर लोग रहे परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड के नदौल पंचायत के बैरमचक गांव में एक मामूली सी विवाद में बैरमचक गांव में आवाजाही पर रोक लगा दी गई है, जिससे दिन भर लोगों के आवाजाही में कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ा है। दरअसल बीते मंगलवार को कुछ गांव के लोगों के बीच कहासुनी हो गई और आपसी विवाद में बैरमचक गांव में वाहनों के आवाजाही पर लोगों ने रोक लगा दी जिससे गुस्साए लोगों ने बैरमचक गांव में प्रवेश करने के मुख्य रास्ते पर ही गड्ढा बनाकर बैरियर बना दिया जिससे गांव के अंदर और बाहर वाहनों का आवागमन पूर्णता बंद हो गया, जिससे दिन भर कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। पंचायत के मुखिया सुरेंद्र प्रसाद यादव और सरपंच मनोज कुमार उर्फ मंटू यादव ने बताया कि गांव के कुछ लोगों की वजह से इस तरह की घटना हुई है जिससे पूरा गांव परेशान हो गया है। बीते बुधवार को विद्यालय में स्कूल का सामान रखा जा रहा था, गांव के अंदर ट्रैक्टर से सामान ले जा रहे थे उसी दौरान ट्रैक्टर से हलका लग जाने पर वहां के एक व्यक्ति ने सड़क पर बड़ा सा पत्थर रखकर गाड़ी को आवाजाही पर रोक दिये गये थे। इसी वजह से गुस्साए लोगों ने बैरमचक गांव के प्रवेश द्वार पर सड़क को ही काटकर अवरोध कर दिया। उन्होंने कहा कि जब हम उधर से नहीं गुजर रहे हैं तो गांव के लोगों को भी बाहर निकलना या आना पर रोक लगा देंगे। बहरहाल इस मामले में दिन भर लोग परेशान रहे हैं। बैरमचक गांव में तकरीबन ढाई सौ घर है कुछ लोगों की वजह से कई लोग परेशान दिखे, वही गांव के कई ऑटो चालक भी दिन भर काम धंधा बंद कर घर में ही रहे, इस मामूली से विवाद में लोग दिन भर परेशान रहे। हालांकि पंचायत मुखिया ने गांव में बैठक कर मामले को सुलझाने की बात कही है।

# दरियापुर गांव में पशुचिकित्सा सह तकनीकी प्रसार शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** बुधवार को नौबतपुर प्रखंड के दरियापुर ग्राम में पशुचिकित्सा सह तकनीकी प्रसार शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 70 पशुओं की स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किया गया, वहीं 30 पशुओं को कृमिनाशक दवा दी गई। शिविर में गर्भ रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस क्षेत्र में पशुओं में बांझपन की समस्या सर्वाधिक पाई जाती है।मुख्यतः रिपीट ब्रीडिंग (अर्थात बार-बार गर्भधारण में विफलता) और एनिस्ट्रस (समय पर गर्म नहीं होना) जैसी स्थितियाँ अधिक देखी जाती हैं।उन्होंने बताया कि इन समस्याओं का प्रमुख कारण पशुओं के शरीर में खनिज तत्वों की कमी (मिनरल मिक्चर की कमी) तथा आंतों में कीड़े होना है।कई मामलों में हार्मोनल असंतुलन भी इसका एक अहम कारण होता है। शिविर के दौरान जरूरतमंद पशुपालकों को कैल्शियम और मिनरल मिक्चर की भी आपूर्ति की गई ताकि पशुओं के पोषण स्तर को बेहतर बनाया जा सके।

इस कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. सरोज कुमार रजक द्वारा किया गया, जबकि पशुओं के उपचार में डॉ. अनिल कुमार की अहम भूमिका रही। शिविर में स्थानीय पशुपालकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और पशु स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की।

इस तरह के शिविरों से ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन से जुड़ी समस्याओं के समाधान में सहायता मिल रही है और पशु स्वास्थ्य व उत्पादकता में सुधार हो रहा है।

## एक नजर

### शिक्षक की विदाई पर आंखें हुई नम

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भदौरा में अपने प्यारे शिक्षिका की विदाई पर बच्चे फूट-फूट कर रो पड़े। यह भावुक दृश्य तब देखने को मिला जब शिक्षिका का तबादला हो गया और उनके सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बच्चों का अपने शिक्षक के प्रति यह गहरा लगाव बताता है कि कैसे एक गुरु न केवल शिक्षा देते हैं बल्कि बच्चों के जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान भी बना लेते हैं। दअरसल, एक ऐसी ही भावुक भरी तस्वीर भदौर उत्क्रमित मध्य विद्यालय से सामने आई है जहां स्कूल में टीचर के विदाई समारोह में बच्चे फूट-फूट कर रोने लगे। शिक्षिका का नाम निशा कुमारी है जिनका तबादला गंदुगढ विद्यालय में प्रधानाध्यापक के रूप में हो गई है। भदौरा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मो. मंजर शादाब ने कहा की इससे बढ़कर एक टीचर के लिए सम्मान और पुरस्कार क्या हो सकता है। तस्वीर से यह पता चलता है कि टीचर ने बच्चों के दिलों पर कैसे राज किया। बच्चों के आंखों में आंसू इस बात का गवाह है कि शिक्षक द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों में तैयार किया गया माहौल से बच्चे काफी खुश हैं।यह शिक्षक के लिए सबसे बड़ा प्रमाण पत्र है कि इस टीचर ने स्कूल के लिए ईमानदारी से कुछ बेहतर करने की कोशिश जरूर की है।

### बिना फेफड़ा निकाले हुई सफल सर्जरी

**गोपालगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार के 58 वर्षीय हरि नारायण सिंह को अमृता अस्पताल, फरीदाबाद में नई ज़िंदगी मिली जब डॉक्टरों ने उनके फ़ेफड़े की सांस नली में मौजूद दुर्लभ एंडोब्रोंकियल ट्यूमर को सफलतापूर्वक हटाया वो भी बिना फ़ेफड़ा निकाले। शुरुआती लक्षणों को कई अस्पतालों में अस्थमा समझा गया, लेकिन अमृता अस्पताल में सीटी स्कैन और ब्रोंकोस्कोपी से सही निदान हुआ। डॉ. समीर भाटे और उनकी टीम ने स्लीव रिसेक्शन तकनीक से सर्जरी की, जिससे मरीज का फ़ेफड़ा पूरी तरह सुरक्षित रहा। डॉ. अर्जुन खन्ना, डॉ. सौरभ पाहुजा और डॉ. प्रदीप बजाड़ ने पल्मोनोलॉजी सहयोग से इस जटिल ऑपरेशन को सफल बनाया। मरीज ने कहा, मुझे भरोसा था कि मैं सुरक्षित हाथों में हूं। अस्पताल ने इस सर्जरी के ज़रिए यह साबित किया कि समय पर निदान और विशेषज्ञ देखभाल से जटिल बीमारियों में भी जीवन बचाना संभव है।

### युवक की हत्या का परिजनों ने लगाया आरोप

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के गजाधारचक झखडी महादेव रोड निवासी रवि कुमार उर्फ गोलू (21)का मंगलवार को संदिग्ध हालत में पीएमसीएच में मौत हो गई ।मृतक के परिजनों ने उसके दोस्तों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक की पत्नी मुस्कान कुमारी ने बताया कि मंगलवार को करीब 11 बजे मेरे पति के मोबाइल फोन पर उनके दोस्त रोशन का फोन आया तो चला गया और कहा कि डेढ बजे तक घर आ जायेंगे। उन्होंने बताया कि दो बजे फोन किये थे कि थोडी देर बाद घर आते है। उसके बाद उनके फोन किया तो रिंग हुआ, परंतु कोई रिसिव नही किया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को शाम में रोशन मेरे ससुर के फोन कर सूचना दिया कि गोलू का तबीयत खराब हो गया है और अनुमंडलीय अस्पताल इलाज के लिए ले गये है। जहां से चिकित्सक ने पीएमसीएच रेफर कर दिया। पीएमसीएच में मौत हो गई। मृतक के जीजा उत्पल ने बताया कि गोला रोड टी प्वाइंट के पास एक अपार्टमेंट के सीसीटीवी में सात युवकों गोलू को शव उतार कर ई रिक्शा पर सवार करते हुए देखा गया है और मृतक का गोलू का बाइक , पर्स व चप्पल भी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि 22 नवंबर 24 को मृतक गोलू का शादी हुआ था। उन्होंने बताया कि मेरे साला को को रोशन समेत अन्य युवकों ने योजना बनाकर हत्या कर दिया है। थानाध्यक्ष पीके भारद्वाज ने बताया कि मृतक स्मैकिए था और ओवर डोज के कारण मौत हुई है। मामले की छानबीन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला का खुलासा होगा।

### पूर्व मंत्री ने दी सांत्वना

**फुलवारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मंगलवार को फुलवारी विधान सभा क्षेत्र के पुनपुन प्रखंड अंतर्गत पैमार घाट, पुनपुन निवासी विनय कुमार सिंह के पुत्र राहुल कुमार सिंह का पुनपुन नदी मे स्नान करने के क्रम मे डूब जाने के कारण मृत्यु हो गई। बुधवार सुबह नदी से एसडीआरएफ की टीम के द्वारा काफी खोजबीन के बाद पार्थिव शरीर मिला जिसका पूर्व मंत्री श्याम रजक ने पीएमसीएच मे पहुँचकर पोस्टमार्टम कराकर परिवार को सौप दिए। परिवार के लोग पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए पैमार घाट, पुनपुन आवास के लिए प्रस्थान किए। शोकसंतप्त परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दिए।

# मेडिकल जांच के दौरान वकील के साथ दारोगा की झड़प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अनुमंडल अस्पताल में एक कैदी को मेडिकल जांच करने गए एक दरोगा और अधिवक्ता के बीच हाथापाई और मारपीट की घटना सामने आई है। दरअसल बताया जाता है की मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बेगमचक से एक वारंटी चंदन कुमार को गिरफ्तार कर उसे जेल भेजने से पहले अनुमंडल अस्पताल में री मेडिकल जांच करने के लिए पुलिस टीम ले गई थी उसी दौरान गिरफ्तार कैदी से एक अधिवक्ता दयानंद पासवान पुछताछ करने लगे उसी दौरान दोनो मे कहा सुनी हो गई इसी मे बात बढ गई और फिर हाथापाई की नौबत आ गई, जहां मसौढ़ी के दरोगा अरविंद कुमार के नाक पर अधिवक्ता ने हाथ चला दिया जहां खून बहने लगा। मौके पर घटना की सूचना मिलते ही मसौढी थाने से कई अन्य सभी पुलिस जवान पहुंचे और मामले को संभाल गया है, और फिर अधिवक्ता के हिरासत में लेकर एसडीएम के पास रिमांड के लिए ले जाया गया जहां पर उसे गिरफ्तार का थाने ले आया गया है जख्मी दरोगा अरविंद कुमार ने बताया की कैदी को री मेडिकल जांच के दौरान अनुमंडल अस्पताल ले गए थे वहां आरोपी अधिवक्ता दयानंद पासवान आया था चंदन उसका मौसेरा भाई लगता है।

# महादलित टोले में तीन वर्षों से नल-जल बनी शोभा की वस्तु

## ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर किया विरोध-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना सात निश्चय के तहत हर घर नल जल का सपना ग्रामीण इलाकों में अभी भी अधूरा है। ऐसे में कहीं नल है तो कहीं जल नहीं, कहीं पानी टंकी लगी है तो कहीं नल का पाइप नहीं है। ऐसे में मसौढ़ी प्रखंड के कराय पंचायत के बांसडीह मुसहरी में पिछले 3 सालों से नल जल शोभा की वस्तु बन कर रह गई है। यह तस्वीर वार्ड नंबर 5 की है, जहां पर तकरीबन 400 से अधिक लोग रहते हैं। इस महादलित बस्ती में नल जल के नाम पर पाइप तो बिछा है, पानी टंकी भी लगी है लेकिन नल से जल नसीब नहीं हो रहा है। स्थानीय लोगों के माने तो तकरीबन तीन साल हो गए हैं अभी तक नल जल से पानी नहीं मिल पा रहा है, आसपास से जाकर पानी लाने को विवश है पानी की बहुत ही किल्लत है, बहुत परेशानी बढ गई है। जिससे गुस्साए लोगों ने सड़क पर उतरकर हो हंगामा करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। विरोध जता रहे लोगों में संजय मांझी, कृष्णा मांझी, धामू मांझी, बबीता देवी, मीना देवी, कविता देवी, शांति देवी, आरती देवी, आदि लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे वार्ड में पानी की घोर किल्लत है, पानी लाने के लिए हम सबों से दुर दराज से लाना पड़ता है, कोई देखने सुनने वाला नहीं है। बहरहाल या सिर्फ बांसडीह महादलित बस्ती मात्र उदाहरण ऐसे कई गांव हैं जहां पर नल जल शोभा की वस्तु बनकर रह गई है, हर घर नल जल का सपना अभी भी अधूरा है लोग परेशान है, और अब लोगों में आक्रोश पनपता दिख रहा है।

# एसएमडी कॉलेज में नए सत्र के स्नातक छात्रों का इंडक्शन मिट का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** पुनपुन के एसएमडी कॉलेज में स्नातक समेस्टर 01 सत्र 2025-29 के लिए महाविद्यालय में नामांकित कला एवं मानविकी संकाय के सभी छात्र-छात्राओं के लिए इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया जिसमें 180 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफ़ेसर डॉक्टर मधुरेंद्र ने की। कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने महाविद्यालय के सभी आयामों का परिचय कराया। मंच का संचालन कर रहे डॉ अबेंद्र पासवान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में बच्चों को अवगत कराया। इस मौके पर उपस्थित महाविद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य डॉक्टर राकेश कुमार बर्सर डॉक्टर राजीव रंजन, लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार और महाविद्यालय के सारे प्रोफ़ेसर नॉन टीचिंग स्टाफ एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। बताया कि इंडक्शन मीट के आयोजन का उद्देश्य छात्रों को पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महाविद्यालय में उपलब्ध अन्य सुविधाओं स्पोर्ट्स, एनसीसी, एनएसएस, सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराना है। उन्होंने छात्रों को इंडक्शन मीट में अनिवार्य रूप से शामिल होने का निर्देश दिया व छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने की सलाह दी।

# इशा शक्ति वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन ने बांटे सैनिटरी पैड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** ईशा शक्ति वेलफ़ेयर ऑर्गेनाइजेशन द्वारा बुधवार को दानापुर ब्लॉक परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 100 से अधिक महिलाओं के बीच निःशुल्क सैनिटरी पैड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी और राजनीतिक हस्तियों की भी सक्रिय भागीदारी रही। मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा प्रवक्ता शंकर सिंह, दानापुर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सह समाजसेवी भानु प्रताप सिंह, बीस सूत्री कार्यक्रम के अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह, लोजपा नेत्री सह समाजसेवी गुड़िया शर्मा, प्रखंड विकास पदाधिकारी विभेष आनंद, संस्था की संस्थापक ईशा शक्ति उर्फ अंशु कुमारी, अमरांशु शक्ति मौर्य, रितेश कुमार पांडे सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर संस्था ने पूरे भारत में 1 करोड़ महिलाओं तक सैनिटरी पैड पहुंचाने का संकल्प लिया। बिहार भर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में संस्था द्वारा रोजगार सृजन की भी योजना चलाई जा रही है। ब्लॉक स्तर पर सुपरवाइजर और जिला स्तर पर डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर के पदों पर बहाली की जा रही है।

संस्था द्वारा वितरित सैनिटरी पैड में अत्याधुनिक अन्यायन चिप लगा है जो एंटी-बैक्टीरियल है। ये पैड बायोडिग्रेडेबल भी हैं, जिससे यह पर्यावरण के लिए भी अनुकूल हैं। ईशा शक्ति वेलफ़ेयर ऑर्गेनाइजेशन लंबे समय से समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय है और अब यह संस्था बिहार सहित अन्य राज्यों में भी अपनी उपस्थिति और प्रभाव बढ़ा रही है।

### मिट्टी धंसने से दो मजदूर जख्मी

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रूपसपुर थाना क्षेत्र सर्वोदयनगर गली संख्या-दो में बुधवार को मुख्य नाला निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी धंसने से दो मजदूर जख्मी हो गये. बताया जाता है कि बुडको द्वारा नाला निर्माण कार्य में लगे मजदूर संतोष और नवीन अचानक मिट्टी खिसकने से दब गए. घटना के समय दोनों मजदूर नाले के अंदर काम कर रहे थे इसी दौरान अचानक मिट्टी ढह गई और दोनों उसमें फंस गए. साथी मजदूरों की चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें बाहर निकाला. मजदूरों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले गये। दोनों को चोटें आई हैं।

# पटना एम्स में डॉक्टर की संदिग्ध मौत के बाद हंगामा तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** राजधानी के एम्स अस्पताल में डॉक्टर यजुवेंद्र साहू की संदिग्ध मौत के बाद मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। घटना के विरोध में मेडिकल छात्रों और रेजिडेंट डॉक्टरों का प्रदर्शन अब चरणबद्ध आंदोलन में तब्दील हो चुका है। दिन हो या रात, छात्र पढ़ाई छोड़कर धरना स्थल पर डटे हुए हैं और प्रशासन से जवाब मांग रहे हैं। मेडिकल छात्रों का कहना है कि एक डॉक्टर की मौत केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि यह एक व्यवस्था की विफलता है। रेजिडेंट डॉक्टर संघ ने भी प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। लगातार हो रहे आंदोलन से एम्स का शैक्षणिक माहौल अस्त-व्यस्त हो चुका है।

अब सभी की निगाहें निदेशक की वापसी और होने वाली बैठक पर टिकी हैं। देखना होगा कि क्या यह आंदोलन समाधान की दिशा में बढ़ेगा या छात्रों का आक्रोश और गहराएगा। डॉक्टर यजुवेंद्र की मौत को लेकर छात्र लगातार यह आरोप लगा रहे हैं कि एम्स प्रशासन की लापरवाही ने एक और जिंदगी निगल ली। यह कोई पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी हरियाणा में कार्यरत एक एनेस्थीसिया डॉक्टर ने आत्महत्या कर ली थी। ऐसे में यह दूसरी बड़ी घटना मानी जा रही है, जिसने देशभर के मेडिकल संस्थानों में मेंटल हेल्थ और कार्यसंस्कृति को लेकर नई बहस छेड़ दी है। बताया जा रहा है कि एम्स के डायरेक्टर इस समय विदेश दौरे पर हैं। उनके लौटने के बाद ही छात्र प्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बैठक होगी। तब जाकर आंदोलन के समाधान पर विचार किया जाएगा। फिलहाल छात्रों की मांग है कि डॉक्टर की मौत की निष्पक्ष जांच हो, मानसिक दबाव को लेकर रिपोर्ट प्रकाशित की जाए और संस्थान में मेंटल हेल्थ सपोर्ट सिस्टम को मजबूत किया जाए।

# बेऊर इलाके में सड़क और नाले की बदहाली बनी आफत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**फुलवारीशरीफ।** नगर निगम क्षेत्र के बेऊर इलाके स्थित गंगा विहार कॉलोनी के लोग इन दिनों बेहद कठिन हालात में जीने को मजबूर हैं. इलाके की मुख्य सड़क वर्षों से जर्जर हालत में है और नाले का निर्माण अधूरा पड़ा है। बरसात शुरू होते ही यहां की सड़कें कीचड़ और पानी से लबालब भर जाती हैं, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। बेऊर जेल इलाके से बरहमपुर रोड, बेउर अखाड़ा, ब्रह्मपुर बाजार बेतौड़ा आने जाने वाले एवं इससे होकर हरनी चक बालमी चक रोड से होकर आने-जाने वाले लोगों को हर दिन भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर गंगा विहार कॉलोनी में बसे लोग बताते हैं कि इस इलाके में एक नहीं, कई स्कूल हैं और बड़ी-बड़ी रिहायशी इमारतें हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। इस इलाके में बड़े-बड़े पुलिस ऑफिसर एवं प्रशासनिक ऑफिसर एवं नेताओं का घर है लेकिन किसी की पैरवी गुहार कहीं काम नहीं आ रही है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हैं। मोटरसाइकिल और छोटे वाहन चलाना जोखिम भरा हो गया है। बच्चों को स्कूल पहुंचाना कठिन हो गया है। हल्की बारिश में भी जलजमाव हो जाता है और कीचड़ से सनी सड़कें जानलेवा बन जाती हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं कि पुराने बसे घरों में अक्सर नाले का गंदा पानी घुस जाता है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। लोगों ने बताया कि कई बार नगर निगम के अधिकारियों से लेकर स्थानीय वार्ड पार्षद, विधायक और सांसद तक को आवेदन देकर गुहार लगायी गयी लेकिन किसी ने स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। गंगा विहार कॉलोनी के लोगों का कहना है कि उन्हें लगता नहीं है कि पटना शहर में हुए लोग बसे हुए हैं। कभी वार्ड पार्षद बबलू आमने-सामने नजर आते हैं तो टेंडर का हवाला देकर निकल जाते हैं कि टेंडर फंसा हुआ है। इस चुनाव के पहले भी वहीं वार्ड पार्षद थे लेकिन काम नहीं हुआ। कहा के चुनाव बाद हो जाएगा। चुनाव बाद में कई महीना बीत गया लेकिन कोई काम नहीं हो रहा है। लोगों का कहना है कि वार्ड पार्षद बबलू हरनी चक इलाके में रहते हैं उन्हें किसी तरह की समस्या नहीं है।

# तीसरी आंख से कब होगी मॉनिटरिंग

## शहर में लगे हैं 150 कैमरे, मॉनिटरिंग नदारद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** तीसरी आंख से शहर की निगरानी को लेकर तकरीबन 150 कैमरे शहर के चप्पे चप्पे पर चौक चौराहे पर लगा तो दिए हैं। लेकिन इसकी मॉनिटरींग कौन करेगा, कैसे होगी इसका अभी तक इस पर कोई भी अमलीजामा नही पहनाया गया है। नतीजन शहर में हो रहे आपराधिक घटनाओं की गतिविधियों पर नजर रखने में स्थानीय पुलिस की परेशानी बढ़ गई है। दरअसल अपराध नियंत्रण को लेकर पूरे मसौढी शहर में चप्पे चप्पे पर तीसरी आंख से निगरानी को लेकर अनुमंडल प्रशासन के सानिध्य में नगर परिषद के द्वारा पूरे शहर के चौक चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए गए हैं, जो मसौढ़ी के आनुमंडल चौराहा, स्टेशन रोड, मेंन रोड, कैलूचक, कर्पूरी चौक, पटेल नगर, मणिचक, संघत पर, सब्जी मंडी मोड, गांधी मैदान रोड, रजिस्ट्री, मालिकाना रोड, अस्पताल रोड आदि कई जगहों पर लगभग 150 कैमरे पूरे शहर के चारों तरफ लगाए गए हैं। लेकिन मसौढ़ी अनुमंडल कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम में कैमरे की मॉनिटरिंग अभी तक विधिवत तौर पर नहीं शुरू हुआ है। ऐसे में शहर में हो रहे लगातार अपराधीक घटनाओं पर लगाम लगाने में मसौढ़ी पुलिस को परेशानी बढ गई है। अगर हाल के दिनों में देखा जाए तो कई अपराधी घटनाएं मसौढ़ी शहर में हुई है अगर कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरे से मॉनिटरिंग होती तो शायद उन आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखी जा सकती थी, लेकिन अभी तक इसे पूर्ण रूप से संचालन नहीं किया गया है। वही अनुमंडल पदाधिकारी की माने तो बहुत जल्द इसे विधवात तौर पर कंट्रोल रूम करना शुरू कर दिया जायेगा, जहां तिन पालियों ये कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जायेगी, जो हर पल शहर की हर गतिविधियों पर नजर रखेंगे।

# गौरीचक थाना में जब्त शराब तस्करी के वाहन से गायब हुए चार चक्के और बैटरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** राजधानी पटना के गौरीचक थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने पुलिस की कार्यप्रणाली और सिस्टम की लापरवाही को फिर से उजागर कर दिया है। शराब तस्करी के मामले में जब्त एक पिकअप वाहन को न्यायालय से रिहा कराने पहुंचे वाहन मालिक के होश उस वक्त उड़ गए, जब उन्होंने देखा कि गाड़ी के चारों चक्के, बैटरी और अन्य जरूरी सामान गायब थे। यह वही पिकअप है जिसे 17 अगस्त 2024 को गौरीचक थाना पुलिस ने विदेशी शराब के साथ जब्त किया था। वाहन का मालिक नालंदा निवासी गुंजन कुमार है, जिसने बैंक से लोन लेकर यह पिकअप खरीदी थी। पुलिस ने उस दिन ड्राइवर निखिल कुमार और खुद वाहन मालिक गुंजन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**जुर्माना भर कर छुड़ाई गाड़ी, लेकिन मिली टूटी-फूटी गाड़ी**

गुंजन कुमार को जेल से रिहाई के बाद अदालत से वाहन रिलीज कराने की अनुमति मिली। इसके लिए उसे दो अलग-अलग चालानों की राशि भरनी पड़ी। एक चालान की राशि 3,93,813 रुपए और दूसरा 11,814 रुपए थी। इतनी भारी रकम अदा करने के बाद जब वह अदालत के आदेश के साथ थाने पहुंचा, तो पाया कि गाड़ी के चारों टायर, बैटरी और अन्य सामान चोरी हो चुके हैं।

**थाने में दर्ज कराई गई शिकायत, लेकिन जवाब में सिर्फ चुप्पी**

गुंजन कुमार ने इस चोरी के संबंध में थाना में शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी अरुण कुमार ने चोरी की बात तो मानी, लेकिन कोई ठोस जवाब या कार्रवाई की बात नहीं कही। उल्टा उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि गौरीचक थाना परिसर में मालखाना नहीं है, इसलिए जब्त वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर दिया गया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि वाहन मालिक उसे लेकर चला गया है, जबकि वाहन मालिक ने स्पष्ट रूप से बताया है कि गाड़ी उसे टूटी हालत में मिली और उसे लगभग 50,000 रुपए खर्च कर नई बैटरी और टायर लगवाने पड़े।

**अब न्यायालय से होगी पटना पुलिस की जवाबदेही तय**

गुंजन कुमार के वकील कुमार गौरव ने न्यायालय में शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। हाईकोर्ट के एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने बताया कि कोर्ट इस मामले में थाना को नोटिस जारी कर सकता है, क्योंकि यह मामला न सिर्फ आम नागरिक के अधिकारों का हनन है, बल्कि पुलिस की सीधी लापरवाही और जवाबदेही को उजागर करता है। एक ओर बिहार सरकार शराबबंदी के नाम पर सख्ती दिखा रही है, वहीं दूसरी ओर जब्त गाड़ियों के साथ इस तरह की लूट-चोरी से पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। अगर जब्त गाड़ी सुरक्षित नहीं है तो फिर अदालत के आदेश और जुर्माना भरने का औचित्य क्या है? यह मामला अब सिर्फ चोरी का नहीं, बल्कि सिस्टम में गहराई से जमी लापरवाही और गैरजवाबदेही का दस्तावेज बनता जा रहा है।

# सड़क हादसे में दो किशोरों की मौत, तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के खैरी मोड़ के पास बेकाबू हाइवा ने ऑटो में टक्कर मार दी जिसमें ऑटो पेड़ से टकरा गई। इस घटना में दो किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में दो किशोरियां भी शामिल हैं। हादसे के बाद ऑटो चालक फरार हो गया। मृतक की पहचान खुदवां थाना क्षेत्र के अजय शर्मा के 20 वर्षीय पुत्र सोहन कुमार उर्फ अंकित एवं अशोक शर्मा के पुत्र विश्वकर्मा कुमार के रूप में हुई है। घायलों में बभंडीहा गांव निवासी अख्तर साह के 25 साल के बेटे मो. रहमान, दाउदनगर के तकिया मोहल्ला निवासी स्व. रामनरेश राम की 17 साल की बेटी ज्योति कुमारी एवं सीताराम की 16 साल की बेटी आशा कुमारी शामिल हैं। आशा की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सदर अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद आशा को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक ऑटो दाउदनगर से सवारी लेकर औरंगाबाद की ओर जा रहा था। इसी क्रम में बेकाबू हाइवा ने ऑटो में टक्कर मार दी। ऑटो में पहले से आशा, ज्योति एवं अंकित सवार थे। कारा मोड़ के पास रहमान और बेल मोड़ पर सोहन ऑटो में सवार हुए। रहमान ने बताया कि जैसे ही ऑटो खैरा-खैरी मोड़ पर पहुंचा, सामने से आ रही हाइवा ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ऑटो पेड़ से टकरा गया। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही लोग घायलों को अस्पताल ले गए। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे। इस घटना से मृतक के परिजनों में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# स्पर्शाघात से तीन की मौत, एक घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गोह (औरंगाबाद)।** प्रखंड के अलग-अलग गांवों में करंट की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि एक घायल हो गया है। बताया जाता है कि बुधवार की दोपहर खेत से काम कर घर लौट रहे एक अधेड़ व्यक्ति की मौत करंट लगने से हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला गोह थाना क्षेत्र के बाजार बर्मा गांव की है। जानकारी के अनुसार बाजार बर्मा गांव निवासी दुर्गा यादव एवं नीतीश कुमार दोनों गांव से दक्षिण खेत का पटवन कर घर लौट रहे थे। खेत के रास्ते में हाईटेंशन तार टूट कर गिरा हुआ था। अचानक दोनों लोग करंट की चपेट में आ गए। ग्रामीणों ने दोनों लोगों को पीएचसी गोह में भर्ती कराया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने दुर्गा यादव को मृत घोषित कर दिया जबकि नीतीश कुमार का इलाज किया जा रहा है। वहीं दूसरी घटना उपहारा थाना क्षेत्र के सहरसा गांव की है। उक्त गांव निवासी 72 वर्षीय रामबदन सिंह की मौत बिजली करंट की चपेट में आने से हो गई है। उपहारा थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं तीसरी घटना गोह के भुरकुंडा गांव की है, जहां लक्ष्मण सिंह के 40 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार की मौत हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आने से मौके पर ही हो गई। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# सेफ्टी वायर टूटने से सोशल वर्कर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सेफ़्टी वायर टूटने से एक सोशल वर्कर की मौत हो गई। घटना नबीनगर प्रखंड क्षेत्र के एनटीपीसी थाना क्षेत्र के एनटीपीसी परियोजना की है। मृतक की पहचान माली थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी जितेंद्र यादव के रूप में की गई हैं। जानकारी के मुताबिक जितेंद्र एनटीपीसी परियोजना अंतर्गत एक सोशल वर्कर के रूप में काम करते थे। बुधवार को सेफ्टी वायर टूटने के बाद वे 30 फीट ऊंचाई से गिर गए जिसमें वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें एनटीपीसी ले जाया गया जहां जांच के उपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पर किसान नेता भोला यादव पहुंचे और मृतक के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग की। इस दौरान परियोजना ने मृतक के आश्रितों को 32 लाख रूपये देना का आश्वासन दिया। वहीं पीएफ फंड में 4 से 5 लख रूपये मिलेगे। मृतक की पत्नी को आजीवन 2900 रूपये पेंशन मिलेगा। उन्होंने बताया कि मृतक के एक बेटा और एक बेटी है। इधर, घटनास्थल पर नग़ारी कला खुर्द थानाध्यक्ष, एनटीपीसी खैरा थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस कर्मी पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम के शव सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है।

# प्राथमिकता के आधार पर करें मतदाता पुनरीक्षण कार्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** ओबरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से ओबरा प्रखंड का निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नामावली से संबंधित कार्यों में संलग्न ऑपरेटरों, बीएलओ सुपरवाइज़र तथा अन्य कर्मियों से सीधे संवाद स्थापित किया। उन्होंने निर्देशित किया कि वर्ष 2003 एवं 2025 की मतदाता सूचियों का त्वरित एवं शुद्धता पूर्ण मैपिंग प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि मतदाता सूची की अद्यतनता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि नामांकन, संग्रहण, संकलन, सत्यापन एवं अपलोडिंग की प्रत्येक प्रक्रिया पारदर्शी, समयबद्ध और त्रुटिरहित होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कार्य की गुणवत्ता को बेहतर बनाने हेतु कुछ ठोस उपायों का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि ईआरओ, एईआरओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर अपने अपने स्तर से नियमित अनुश्रवण करते हुए यह सुनिश्चित करें कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओबरा प्रखंड में सामने आ रही जमीनी समस्याओं की गंभीरता से समीक्षा की तथा मौके पर ही कुछ त्वरित समाधान प्रस्तावित करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को कार्यान्वयन हेतु निर्देशित किया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि ओबरा में विकसित किए गए इन समाधान मॉडल को अन्य सभी प्रखंडों में भी लागू किया जाए, ताकि जिलेभर में एसआईआर कार्यक्रम एकरूपता एवं दक्षता से संचालित हो सके। इस क्रम में जिलाधिकारी ने वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अन्य सभी प्रखंडों के ईआरओ एवं एईआरओ को भी संबोधित करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि वे भी समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान ओबरा के ईआरओ के रूप में कार्यरत डिप्टी कलेक्टर ने वितरण, संग्रहण एवं अपलोडिंग की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। इस पर जिलाधिकारी ने सभी एईआरओ को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची पुनरीक्षण से जुड़े सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शत-प्रतिशत संग्रहण एवं अपलोडिंग कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया लोकतंत्र की नींव है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब अस्वीकार्य है। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने संतोष व्यक्त करते हुए यह भी स्पष्ट किया कि जिले के सभी प्रखंडों में एसआईआर कार्यक्रम की सतत मॉनिटरिंग की जाएगी तथा समय-समय पर औचक निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

# भाजपा की कुटुंबा व नवीनगर विधानसभा कार्यशाला आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी की औरंगाबाद इकाई द्वारा कुटुंबा और नवीनगर विधानसभा क्षेत्रों के लिए एकदिवसीय विधानसभा कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को अंबा के कुणाल होटल में किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को धार देना और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना है। कार्यशाला में औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष विजेंद्र कुमार और कुटुंबा के मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। पार्टी पदाधिकारियों का मानना है कि इस तरह के आयोजनों से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में मदद मिलती है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कार्यशाला में विधानसभा स्तर के प्रमुख मुद्दों, संगठनात्मक मजबूती और आगामी चुनावी रणनीति पर विशेष चर्चा की जाएगी।

# एसपी ने किया जीविका दीदी की रसोई का शुभारंभ

## प्रतिदिन लगभग 415 प्रशिक्षणार्थियों को मिलेगा पौष्टिक और संतुलित भोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** जीविका दीदी की रसोई का भव्य शुभारंभ पुलिस केंद्र औरंगाबाद में किया गया। यह पहल अब केवल एक भोजन केंद्र नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी है, जो ग्रामीण महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करने में मदद कर रही है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल एवं जिला परियोजना प्रबंधक पवन कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर रसोई केंद्र का उद्घाटन किया। यह रसोई केंद्र पुलिस केंद्र के प्रशिक्षण शिविर में शामिल जवानों को स्वच्छ, पौष्टिक और संतुलित भोजन उपलब्ध कराएगा। इस पहल का उद्देश्य प्रशिक्षण में भाग ले रहे पुलिस जवानों को बेहतर भोजन उपलब्ध कराना है, ताकि उनके स्वास्थ्य और कार्य क्षमता में सुधार हो सके। साथ ही, यह जीविका दीदियों के लिए एक सशक्त आजीविका का अवसर भी प्रदान करेगा। उद्घाटन समारोह में उपस्थित प्रमुख व्यक्तित्वों में जीविका के संस्था निर्माण एवं क्षमता वर्धन रंजय राय, संचार प्रबंधक मो. अनवर हुसैन, नॉन-फार्म प्रबंधक श्रीमती रिंकी कुमारी, प्रखंड परियोजना प्रबंधक श्रुतिकांत पाठक, सामुदायिक समन्वयक पप्पू कुमार, संदीप कुमार, आजाद कुमार, बिरेन्द्र कुमार, विनय कुमार एवं रसोई संचालन कर रही दीदियां भी शामिल थीं। पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल ने कहा की स्वास्थ्यवर्धक और पौष्टिक भोजन किसी भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का अभिन्न हिस्सा होता है। जब भोजन व्यवस्था की ज़िम्मेदारी स्थानीय महिलाओं द्वारा उठाई जाती है, तो यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक पहल होती है। जिला परियोजना प्रबंधक पवन कुमार ने कहा कि जीविका का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। ऐसे संस्थागत साझेदारी के माध्यम से न केवल महिलाएं स्वरोजगार के अवसरों से जुड़ती हैं, बल्कि वे समाज के मुख्यधारा से भी जुड़ जाती हैं। रसोई में कार्यरत सभी दीदियों को स्वच्छता, पोषण, खाद्य गुणवत्ता और सुरक्षा के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जवानों को सर्वोत्तम भोजन मिले। इस रसोई केंद्र में प्रतिदिन लगभग 415 प्रशिक्षणार्थियों को पौष्टिक और संतुलित भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। भोजन बनाने और परोसने की प्रक्रिया में स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा जाएगा। सभी दीदियां एप्रन, स्वच्छ कपड़े पहनकर काम करेंगी, और खाद्य सुरक्षा के मानकों का पूरी तरह से पालन किया जाएगा। इस पहल का न केवल प्रशिक्षण में भाग ले रहे पुलिस जवानों पर सकारात्मक असर पड़ेगा, बल्कि यह जीविका दीदियों के लिए एक स्थिर और सशक्त आजीविका का स्रोत भी बनेगा, जो उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाएगा।

# परीक्षा के दौरान गोपनीयता बनी रहे : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा-2025 के सफल, सुचारू एवं निष्पक्ष आयोजन हेतु जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल औरंगाबाद परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्र पर उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं जैसे - बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी कैमरा, बिजली, जेनरेटर बैकअप, प्रवेश एवं निकास, बायोमैट्रिक सत्यापन की तैयारी, परीक्षा केंद्र के भीतर एवं बाहर की सुरक्षा व्यवस्था आदि की गहन समीक्षा की। उन्होंने केन्द्राधीक्षक एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं गोपनीयता का पूरा पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, परीक्षा के दिन केंद्र पर प्रवेश प्रक्रिया समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित होनी चाहिए ताकि परीक्षार्थियों को कोई कठिनाई न हो। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि या नकल प्रवृत्ति को रोकने के लिए प्रशासन पूर्णतया सतर्क है और परीक्षा केंद्रों पर मॉनीटरिंग टीमों की प्रतिनियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की व्यवस्था की गई है और बायोमैट्रिक सत्यापन के जरिए परीक्षार्थियों की पहचान सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उनके साथ जिला स्तरीय पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी, परीक्षा केंद्र प्रभारी, विद्यालय प्रबंधन समेत अन्य कर्मी उपस्थित रहे। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुरक्षित वातावरण में हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और किसी भी स्थिति से निपटने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण है।

# औरंगाबाद सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की वार्षिक आमसभा 28 जुलाई को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दी औरंगाबाद सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की वार्षिक आमसभा 28 जुलाई 2025 को आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए बैंक के प्रबंध निदेशक सौरभ किशोर ने बताया कि आमसभा का आयोजन सम्राट अशोक कन्वेंशन हॉल, पुरानी जीटी रोड, नियर ब्लॉक मोड़, औरंगाबाद में सुबह 11 बजे से होगा।उन्होंने बताया कि बैठक की अध्यक्षता बैंक के अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह करेंगे, जबकि कार्यक्रम में सहकारिता विभाग, बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस वार्षिक आमसभा में बैंक की बीते वर्ष की गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सौरभ किशोर ने सभी सदस्यों, पदाधिकारियों एवं हितधारकों से आमसभा में समय पर उपस्थित होने की अपील करते हुए कहा कि उनकी सक्रिय भागीदारी बैंक के सुचारु संचालन और विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# औरंगाबाद में 37 प्रतिशत हुई धान की रोपनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बीते कुछ दिनों से रूक-रूक कर हो रही बारिश के बाद धान की रोपनी में काफी तेजी देखी जा रही है। बारिश ने धान की रोपनी करने के लिए किसानों को काफी राहत दी है. विभागीय आंकड़ा के अनुसार औरंगाबाद जिले में अब तक 37 प्रतिशत रोपनी हो चुकी है। इस बार एक लाख 72 हजार हेक्टेयर भूमि में धान की खेती करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह लक्ष्य वर्ष 2023-24 के अपेक्षाकृत तकरीबन 1000 हेक्टेयर अधिक है. वहीं पिछले साल से कम है। पिछले वर्ष एक लाख 75 हजार हेक्टेयर में धान की खेती हुई थी। इस संबध में जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज ने बताया कि जुलाई महीने में बारिश की काफी संभावना रहती है। यह महीना धान रोपाई के लिए बहुत ही उपयोगी होता है। एक दो सप्ताह के अंदर जिले में धान रोपनी का काम पूरा होने की संभावना है। जिले में अब तक 37 प्रतिशत धान की रोपनी हो पायी है। बारिश होने से किसानों को धान रोपाई में काफी सहूलियत हो रही है और वे युद्ध स्तर पर अपने कार्य में लगे हुए है। उन्होंने बताया कि किसानों को धान रोपनी के बारे में जानकारी दी जा रही है। जिले में जो लक्ष्य निर्धारित है उसे पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा। किसानों को बीज, उर्वरक और तकनीकी सहायता दी जा रही है। मोबाइल कृषि यूनिट और फील्ड समन्वयकों को सक्रिय किया गया है, जो हर गांव में पहुंचकर किसानों की मदद कर रहे हैं। जिला कृषि कार्यालय की ओर से लगातार निगरानी की जा रही है ताकि समय पर सभी को सहायता मिल सके। इस बार मौसम और मेहनत दोनों साथ चल रहे है। मौसम अनुकूल होने के कारण, इस बार लक्ष्य से अधिक धान की रोपाई होने की उम्मीद है। धान की लहलहाती फसलें जल्द ही खेतों को हरा सोना बना देंगी। उन्होंने बताया कि धान की खेती के लिए जिले के सभी प्रखंडों के लिए अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित है। सदर प्रखंड में 14 हजार हेक्टेयर में धान की खेती होगी। बारुण में 17 हजार, दाउदनगर में 10 हजार, देव में 11 हजार, गोह में 16 हजार, हसपुरा में 10 हजार, कुटुंबा में 20 हजार, मदनपुर में 10 हेक्टेयर, नवीनगर में 24 हजार, ओबरा में 20 हजार हेक्टेयर व रफीगंज प्रखंड में 18 हजार हेक्टेयर में धान की फसल लगाने का संभावित लक्ष्य निर्धारित है. इसमें दक्षिणी क्षेत्र के कई ऐसे प्रखंड हैं, जहां असिंचित भूभाग अधिक है. रफीगंज, मदनपुर, नवीनगर, देव व कुटुंबा प्रखंडों के दर्जनों गांवों में भगवान भरोसे खेती होती है।

# भाजपा के विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों की घोषणा

## विकास भाजयुमो अध्यक्ष, धर्मेंद्र को किसान मोर्चा की जिम्मेदारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल एवं संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया के दिशा-निर्देश पर भाजपा औरंगाबाद जिला इकाई ने अपने विभिन्न मोर्चों के अध्यक्षों की घोषणा की है। इस आशय की जानकारी जिला अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। घोषित सूची के अनुसार, युवा मोर्चा की कमान विकास कुमार को सौंपी गई है, जबकि किसान मोर्चा के अध्यक्ष के रूप में धर्मेन्द्र शर्मा की नियुक्ति की गई है। अनुसूचित जाति मोर्चा का नेतृत्व अब ई. अरविन्द कुमार 'पासवान' करेंगे। वहीं, ओबीसी मोर्चा की ज़िम्मेदारी सुभाष कुमार उर्फ पप्पू शर्मा को दी गई है। जिला अध्यक्ष बिजेन्द्र सिंह ने विश्वास जताया कि ये नियुक्तियाँ संगठन को और सशक्त बनाएंगी और पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने सभी नव-नियुक्त मोर्चा अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का संकल्प और सेवा भाव ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है।

# अलग-अलग मामलों में पिता-पुत्र गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के गोंगा बदल बिगहा निवासी उमेश राम एवं उसके बेटे फुलेंद्र राम के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक पिता को मारपीट मामले में जबकि बेटे फुलेंद्र को फोटो में हथियार के साथ देखा गया जिसमें गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुनार उपाध्यक्ष ने बताया कि पिता-पुत्र के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया था जिसमें दोनों को गिरफ्तार किया गया हैं। पूछताछ के बाद दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# यौन शोषण के आरोपित के घर सटा इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की से अवैध संबंध बनाने मामले में आरोपी के घर पर महिला थाना की पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। यह कार्रवाई सलैया थाना क्षेत्र के अंतर्गत सतीश कुमार के घर पर की गयी है। दरअसल, सतीश के खिलाफ 7 मार्च 2025 को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी जिसमें पीड़िता के परिजनों ने बताया कि आरोपित ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की से अवैध शारीरिक संबंध बनाया और अब शादी से इंकार कर रहा है। थानाध्यक्ष आरती कुमारी ने बताया कि शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की का यौन शोषण मामले में आरोपित फरार चल रहा है। न्यायालय के निर्देश पर आज उसके घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है। वावजूद आरोपित एक सप्ताह में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो उसके घर की कुर्की जब्ती की जाएगी।

# नाग पंचमी 29 को, तैयारी जोरों पर

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नाग पंचमी का त्योहार इस साल 29 जुलाई मंगलवार को मनाया जाएगा। औरंगाबाद जिले में हर जगह इस त्योहार को लोग मनाते हैं। इस दिन कई जगहों पर बक्स बाबा या नाग देवता की पूजा की जाती हैं। मदनपुर प्रखंड के वार गांव स्थित बक्स बाबा मंदिर में नाग पंचमी के दिन विषाल मेला लगता है। मान्यता है कि किसी भी व्यक्ति को अगर सांप काट दे तो वह यहां आते ही ठीक हो जाता है। मंदिर के व्यवस्थापक यमुना यादव ने बताया कि यह मंदिर बहुत ही पुराना है। यहां नाग पंचमी के दिन औरंगाबाद के अलावा अन्य जिले से भी लोग हजारों की संख्या में पहुंचते हैं। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए स्थानीय पूजा कमेटी के अलावा पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहती है ताकि किसी भी तरह की परेशानी श्रद्धालुओं को न हो। नाग पंचमी के दिन मंदिर में श्रद्धालु दूध और लावा नाग देवता पर चढ़ाते हैं। वहीं नमक का भी त्याग करते हैं यानी उस दिन केवल मीठा भोजन लोग खाते हैं।

# स्वतंत्रता सेनानी के उत्तराधिकारियों को डीएम ने दिया प्रमाण पत्र

सुमित कुमार सिंह / नबिटा संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** बुधवार को समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में स्वतंत्रता सेनानी के उत्तराधिकारियों के बीच डीएम तुषार सिंगला ने परिचय पत्र, प्रमाण पत्र का वितरण किया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा स्वतंत्रता सेनानी के सात उत्तराधिकारियों को परिचय पत्र एवं 17 उत्तराधिकारियों को प्रमाण पत्र दिया गया। परिचय पत्र प्राप्त करने वालों में साहेबपुर प्रखंड के नैना, विक्रांत, तेघड़ा प्रखंड के हिमांशु कुमार, मटिहानी प्रखंड के नंद किशोर सिंह, बलिया प्रखंड के राजगीर पासवान, बेगूसराय नगर निगम क्षेत्र के राम



किशोर अग्रवार, प्रणीता कुमारी शामिल है। वहीं सदर प्रखंड से आरती कुमारी, तेघड़ा प्रखंड के आशुतोष कुमार झा, सृष्टि कुमारी, नावकोठी प्रखंड के अंकित कुमार, नगर निगम क्षेत्र के सच्चिदानंद कुमार, रौशन कुमार, रजनी कुमारी, रवि राज, आदित्य मनवंश, आकर्ष मनवंश, छौड़ाही प्रखंड के प्रवीण कुमार, बलिया प्रखंड के अदिति शर्मा, शाम्भवी शर्मा, धनंजय कुमार, मो. नक्काद आलम, खोदावंदपुर प्रखंड की इंद्राणी कुमारी शामिल है। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बेगूसराय जिले में जितने भी स्वतंत्रता सेनानी रहे है उनके परिवार को अभियान चलाकर परिचय पत्र एवं प्रमाण पत्र निर्गत किया जा रहा है। बचे हुए लोगों को भी जल्द ही परिचय पत्र-प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया जायेगा। बतातें चलें कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के निर्देश के आलोक में बिहार राज्य के वैसे स्वतंत्रता सेनानियों, जिन्हें केन्द्र सरकार द्वारा पेंशन स्वीकृत है उनके उत्तराधिकारी के रूप में दो पीढ़ी तक के व्यक्तियों को यथा पति अथवा पत्नी, पुत्र अथवा पुत्री, पोता अथवा पोती एवं नाती अथवा नतिनी सभी व्यक्तियों को चाहे इनकी संख्या जितनी हो, को स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिचय पत्र निर्गत किया जाता है। आवेदक-आवेदिका द्वारा स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिचय पत्र निर्गत करने हेतु उनके द्वारा दिये गये आवेदन पत्र के आलोक में आवश्यक जाँचोपरांत स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिचय पत्र निर्गत किया जाता है। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिचय पत्र निर्गत होने के पश्चात आवेदक-आवेदिका द्वारा पुनः आवेदन जमा करने के पश्चात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है।

# एसआइआर को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एसडीएम ने की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** प्रखण्ड में चल रही मतदाता पुनरिक्षण कार्य को लेकर बुधवार को बलिया अनुमंडल कार्यालय में बलिया की अनुमंडल पदाधिकारी परणीजीता की अध्यक्षता मे अनुमंडल क्षेत्र के सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयव। सर्बदलीय बैठक मे एसडीएम परणीजीता ने राजनीतिक दल के पदाधिकारियों को चल रहे मतदाता पुनरिक्षण कार्य से अवगत कराया। इसपर बैठक मे उपस्थित कांग्रेस नेता राकेश सिंह ने पार्टी की एसआईआर के नीति से एसडीएम को अवगत कराया और कहा कि सरकारी बीएलओ कांग्रेस के बूथ एजेंट के पास जाकर बोलते हैं कि साइन कर दीजिए। जबकि कांग्रेस पार्टी का बूथ एजेंट को सीधा निर्देश है कि जबतक सरकारी बीएलओ सभी मतदाता को रिसिविंग नहीं दे। चुनाव आयोग के सभी निर्देश का पालन नहीं कर ले तबतक कोई कांग्रेस पार्टी का बीएलए दस्तख्त नहीं करे। साथ ही क्षेत्र से कई परिवार की शिकायत आ रही है कि जो परिवार वर्ष 2003 में अपने मत का प्रयोग किया है वैसे भी हजारों मतदाताओं का नाम अनलाइन मतदाता सूची 2003 के मतदाता सूची मे नाम नहीं है। इसकी जांच किया जाए। साहेबपुर कमाल के पूर्व प्रमुख भाकपा अंचल सचिव मनोज कुमार ने पिछले दिनों पत्रकार अजित अंजुम पर हुई एफआईआर पर अपनी आपत्ति दर्ज करायी। साथ ही कहा कि किसी भी मतदाता को आजतक रिसिबिंग नहीं दिया गया। फर्म आधी अधूरी ले ली गई है। उसे अपलोड किया गया या नहीं, इसका किसी मतदाता को पता नहीं है। इसलिए जल्द से जल्द सभी मतदाता को जानकारी दी जाए की उनका मतदाता सूची में नाम है या कट गया। साहेबपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील जायसवाल ने भी सरकारी बीएलओं पर नियम का पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी वे चुनाव आयोग की प्रक्रिया को पूरा नहीं कर रहे है। स्थल पर सिर्फ खानापूर्ति कर रहे हैं। सभी दलों के नेताओं की आपत्ति सुनी गई जिसका जबाब एसडीएम ने दिया और कहा कि आप लोगों ने मतदाता पुनरीक्षण को लेकर जो सुझाव दिया है उसकी जांचकर उचित कार्रवाई की जाएगी। सर्वदलीय बैठक में लोजपा नेता बलिया उपप्रमुख सच्चिदानंद पासवान, राजद नेता शिवशंकर सिंह, भाजपा नेता कुंदन रस्तोगी, जितेंद्र शाह, शिवनंदन कुंवर, कांग्रेस नेत्री रेणु देवी, एस कमाल, बीडीओ रबी कुमार, बलिया बीडीओ सन्नी कुमार सहित अनेक राजनीतिक दलों के नेता एवं पदाधिकारी शामिल थे।

## नशेड़ी गिरफ्तार

**नावकोठी/नबिटा संवाददाता।** नावकोठी पुलिस ने एक नशेड़ी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार नशेड़ी नावकोठी वार्ड संख्या 12 के मो ताहिर का पुत्र मो सद्दाम उर्फ वाजिद है। वह नशे की हालत में उत्पात कर रहा था। इसकी सूचना ग्रामीणों ने दी। ब्रेथ एनालाइजर से जांच के बाद शराब पीने की पुष्टि हुई। उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के तहत सूचना दर्ज कर उसे न्यायालय में उपस्थापित किया गया।

## मारपीट मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**नावकोठी/नबिटा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के पहसारा पूर्वी पंचायत के खैरबन से मारपीट के दो नामजद आरोपितों को नावकोठी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार नामजदों में कलीम उद्दीन तथा मो सज्जाद शामिल है। उसपर उसके पुत्र मो अफरोज ने मारपीट कर जख्मी कर देने का आरोप लगाकर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

# नवविवाहिता ने फंदे से लटककर दी जान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** थाना क्षेत्र के भगतपुर वार्ड 3 में बुधवार की सुबह एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना स्थानीय लोगों द्वारा बलिया पुलिस को दी गयी। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के मीरअलीपुर निवासी प्रमोद शर्मा की 22 वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी के रूप में की गयी है। बताया जाता है कि मृतका ने पंखे से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। हालांकि इस घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही थी। जितनी मुंह उतनी बातें। मृतका का विवाह उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के ओला थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहम्मदपुर गांव में सुमित शर्मा के साथ हुई थी। विगत दो दिन पूर्व ही वह अपनी मौसी लक्ष्मी देवी के साथ दिल्ली से भगतपुर आई थी। इसकी जानकारी उसके पिता तक को नहीं थी। मृतका के पिता प्रमोद शर्मा ने बताया कि उनकी पुत्री का शादी 6 महीना पूर्व यूपी के बरैली जिला के औला थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहमद्पुर गांव निवासी सुमित शर्मा के साथ हुई थी। वहां से बलिया थाना क्षेत्र के भगतपुर निवासी रितेश शर्मा की पत्नी लक्ष्मी देवी के यहां दो दिन पूर्व आई थी। बुधवार को सूचना मिली कि फांसी लगाकर उसने आत्महत्या कर ली है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा दी इसकी जानकारी दी गई। सूचना पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों का पता अभी तक नहीं लग सका है। पुलिस जांच में जुट चुकी है।

# मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना का शुभारंभ

## पात्र व्यक्ति को प्रतिमाह मिलेंगे तीन हजार रुपये : श्याम सहनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** बिहार सरकार अब विभिन्न विधाओं के वरिष्ठ कलाकारों के लिए मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना प्रारंभ किया है। कला संस्ति एवं युवा विभाग,बिहार सरकार द्वारा राज्य के विभिन्न विधाओं के वरिष्ठ कलाकारों के लिए मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना का आरंभ किया गया है। इसका उद्देश्य उन कलाकारों को आर्थिक सहायता देना है, जिन्होंने जीवनभर राज्य की सांस्तिक विरासत को सहेजने में योगदान दिया है। जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी ने बताया कि बेगूसराय जैसे सांस्तिक रूप से समृद्ध जिला के विभिन्न विधाओं के वरिष्ठ कलाकार इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की सांस्तिक परंपरा हजारों वर्ष पुरानी है। नृत्य, संगीत, नाटक, लोकगीत, चित्रकला और शिल्पकला में कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई है। लेकिन वृद्धावस्था में कई कलाकार आर्थिक तंगी और उपेक्षा का शिकार हो जाते हैं। सरकार ने इस स्थिति को समझते हुए यह योजना की शुरुआत की है। श्री सहनी ने बताया कि इसके तहत पात्र कलाकारों को अब हर महीने 3000 रुपए की पेंशन दी जाएगी। यह राशि सीधे उनके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाएगी।उन्होंने कहा कि आवेदक आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, पैन कार्ड, बैंक पासबुक की प्रति, पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, पंजीयन संख्या और कला कार्य का विवरण के साथ आवेदन करना होगा। जिसके बाद जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित टीम द्वारा दस्तावेजों की जाँचोपरों अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि कलाकारों के पंजीकरण को लेकर कार्यालय में विशेष शिविर लगाया जा रहा है, जहां इच्छुक कलाकार अपना पंजीकरण करा सकते है।





